फाल्गुन कृष्ण पक्ष, 22 वर्ष, अंक 48, पृष्ठ 8, मूल्य 3.00

# अखंड भारत संदेश

www.akhandbharatsandesh.net

प्रयागराज से प्रकाशित

नगर संस्करण प्रयागराज | गुरूवार 16 मार्च 2023 | विश्व निर्माण एवं मानव विकास को द्रुतगति प्रदान करने हेतु क्रियायोग आश्रम एवं अनुसंधान आश्रम की अनुपम भेंट

### सदन की कार्यवाही रोक रहे विपक्षी सदस्यों के निलंबन की मांग, अडाणी प्रकरणः विपक्ष ने किया पैदल मार्च

## हंगामे के कारण संसद ठप

**नई दिल्लीः** राहुल गांधी के लंदन में लोकतंत्र के हनन के आरोपों पर आक्रोशित भाजपा ने हमले की धार और तेज कर दी है। सदन के अंदर और बाहर कई मंत्रियों ने राहुल गांधी से माफी की मांग की। भाजपा के निशिकांत दुबे ने विशेष समिति बनाकर एक सांसद के रूप में राहुल के आचरण की जांच की भी मांग कर दी। जबकि स्मृति इरानी ने कहा कि राहुल लोकतंत्र खत्म होने की बात कर रहे हैं जबकि सच्चाई यह है कि राहुल के कारण कांग्रेस खत्म हो रही है।

संसद सत्र के तीसरे दिन बुधवार को भारी हंगामे के बाद लोकसभा-राज्यसभा की कार्यवाही गुरुवार तक स्थगित कर दी गई। विपक्ष के नेता जहां अडाणी मामले की जांच के लिए जेपीसी की मांग पर अड़े रहे, वहीं भाजपा के सांसद लंदन में दिए गए बयान को लेकर राहुल गांधी से माफी की मांग पर डटे रहे। इधर, सुबह कांग्रेस अध्यक्ष मल्लिकार्जुन खड़गे के घर विपक्ष के 16 नेताओं ने बैठक की। राहुल गांधी विदेश से लौटे और एक बार फिर अडाणी को लेकर केंद्र सरकार पर निशाना साधा। इधर, सत्र स्थगित होते ही विपक्ष के नेता ईडी ऑफिस पर प्रदर्शन के लिए निकले।

**सदन की कार्यवाही में हिस्सा लेने की अपीलः** दूसरी ओर कांग्रेस अदाणी हिंडनबर्ग विवाद पर जेपीसी की मांग को लेकर हमलावर रही। ऐसे में जब तीसरे दिन भी कामकाज नहीं हो पाया तो पीयूष ने ऐसे सभी सदस्यों को निलंबित किए जाने का सुझाव दिया जो संसद के कामकाज को रोक रहे हैं। लोकसभा के अध्यक्ष ओम बिरला और राज्यसभा के सभापति जगदीप धनखड़ ने



सत्तापक्ष और विपक्ष दोनों तरफ के सांसदों को शांत रहने और सदन की कार्यवाही में हिस्सा लेने की अपील की।

**ओम बिरला ने दी चेतावनीः** ओम बिरला ने प्लेकार्ड लेकर हंगामा कर रहे विपक्ष की सांसदों को चेतावनी देते हुए कहा कि प्लेकार्ड और नारेबाजी की अनुमति सदन में नहीं दी जा सकती। लेकिन उनकी अपील बेअसर रही। वहीं सरकार की ओर से पीयूष गोयल ने कहा कि अगर राहुल माफी नहीं मांगते हैं और कुछ सदस्यों को लगता है कि राहुल ने कुछ गलत नहीं किया है व कामकाज में बाधा डालते हैं तो उन्हें निलंबित कर दिया जाना चाहिए। उनके अनुसार, यदि उन्हें संसद को बदनाम करने का अहसास ही नहीं है, तो आगे भी वे ऐसा करते रहेंगे।

**राहुल गांधी ने को देश की जनता का अपमान कियाः स्मृति ईरानी**

वहीं बुधवार को संसद की कार्यवाही शुरू होने के पहले ही केंद्रीय महिला व बाल विकास मंत्री स्मृति ईरानी ने राहुल गांधी के भाषणों को देश की जनता का अपमान करार दे दिया। उन्होंने कहा कि राहुल गांधी को संसद के साथ ही देश की जनता से भी माफी मांगनी चाहिए।

उन्होंने कहा कि देश में लोकतंत्र खत्म नहीं हुआ है, बल्कि राहुल गांधी के व्यवहार के कारण कांग्रेस पार्टी राजनीतिक रूप से खत्म हो रही है। उन्होंने भारतीय विश्वविद्यालयों में बोलने नहीं दिये जाने और लोकतंत्र का गला घोटने जैसी टिप्पणियों का जवाब देते हुए कहा कि 2016 में राहुल गांधी जेएनयू में टुकड़े-टुकडे गैंग के साथ खड़े दिखे थे और हाल ही में जम्मू-कश्मीर में उन्होंने कहा था कि देश में सबकुछ ठीक है। ईरानी ने कहा कि राहुल गांधी को बताया चाहिए कि वे लंदन में झूठ बोल रहे थे या फिर जम्मू-कश्मीर में।

### राहुल गांधी के आचरण की हो विशेष समिति से जांच

**नई दिल्लीः विदेशी** मंच से भारतीय लोकतंत्र पर सवाल खड़ा करने के मुद्दे पर भाजपा राहुल गांधी को चौतरफा घेरने लगी है। अदाणी के विषय पर बिना साक्ष्य प्रधानमंत्री पर आरोप लगाने के मामले में राहुल का मामला पहले ही विशेषाधिकार समिति के समक्ष है। अब भाजपा सदस्य निशिकांत दुबे ने लोकसभा अध्यक्ष को पत्र लिखकर शिकायत की है कि जिस तरह कैंब्रिज में भारत के लोकतंत्र और संसद पर सवाल खड़ा किया गया और यूरोप व अमेरिका से हस्तक्षेप की बात कही गई वह किसी भी भारतीय और खासकर सांसद के आचरण पर गंभीर सवाल खड़ा करता है। ऐसे में विशेष समिति बनाकर उनके आचरण की जांच की जाए और सदस्यता रद की जाए। गौरतलब है कि संसद में सवाल के बदले कैश मामले में ऐसी ही एक विशेष समिति ने कुछ सदस्यों की जांच की थी और बाद में उनकी सदस्यता रद हो गई थी। बुधवार को निशिकांत ने लोकसभा अध्यक्ष को रूल 223 के तहत नोटिस देकर यह मांग की है। विस्तार से कैंब्रिज में राहुल गांधी के बयानों का जिक्र करते हुए कहा गया है कि जिस तरह संसद और लोकतंत्र की गरिमा पर चोट की गई है वह चिंतनीय है। लिहाजा कार्रवाई होनी चाहिए। अगर इस विषय पर लोकसभा अध्यक्ष फैसला लेते हैं तो राहुल गांधी के खिलाफ दो मामलों में संसदीय समिति जांच कर रही होगी।

## हरेक मतदाता के लिए मतदान की अनिवार्यता की मांग

**नई दिल्लीः दिल्ली** हाई कोर्ट में संसद और विधानसभाओं के चुनाव में हरेक मतदाता के लिए मतदान की अनिवार्यता की मांग करते हुए याचिका दायर की गई है। याचिका बीजेपी नेता और वकील अश्विनी उपाध्याय ने दायर की है। याचिका में कहा गया है कि चुनावों में हर मतदाता के लिए मतदान अनिवार्य किए जाने से मतदान करने वालों की संख्या में बढ़ोतरी होने के साथ-साथ राजनीतिक भागीदारी बढ़ेगी। इससे लोकतंत्र की गुणवत्ता में सुधार होगा। याचिका में कहा गया है कि कम मतदान होना देश की एक समस्या है। अगर वोटिंग को अनिवार्य कर दिया जाए तो इस समस्या से निजात पाया जा सकता है। याचिका में कहा गया है कि अनिवार्य वोटिंग से हर नागरिक की आवाज होगी और इस तरह सरकार लोगों की इच्छाओं का प्रतिनिधित्व करेगी। अगर वोटिंग ज्यादा होगी तो सरकार लोगों के प्रति ज्यादा जवाबदेह होगी और उनके हितों के लिए काम करेगी।

याचिका में कहा गया है कि दुनिया के कई देशों जैसे अर्जेन्टीना, ऑस्ट्रेलिया, बेल्जियम और ब्राजील की तरह भारत में भी चुनाव के दौरान मतदान अनिवार्य कर देना चाहिए। याचिका में कहा गया है कि केंद्र सरकार और निर्वाचन आयोग को वोटिंग अनिवार्य बनाने के दिशा-निर्देश जारी करने की जरूरत है।

### जीएसटी अपीलीय न्यायाधिकरण गठित करने की तैयारी में सरकार

**नई दिल्लीः माल** एवं सेवा कर (जीएसटी) विवाद का अब जल्द निपटारा हो सकेगा। सरकार जीएसटी संबंधी विवाद समाधान प्रक्रिया को कारगर बनाने और इसमें तेजी लाने लिए प्रत्येक राज्य में चार सदस्यीय अपीलीय न्यायाधिकरण स्थापित करने वाली है। आधिकारिक सूत्रों ने बुधवार को बताया कि जीएसटी विवाद समाधान प्रक्रिया को कारगर बनाने के लिए प्रत्येक राज्य में चार सदस्यीय अपीलीय न्यायाधिकरण स्थापित करने का प्रस्ताव है।

## आकांक्षी जिलों के 40 हजार आंगनवाड़ी केन्द्रों को बनाया जाएगा सक्षम

**नई दिल्लीः** सक्षम आंगनवाड़ी योजना के तहत, मौजूदा वित्तीय वर्ष में देश के 40 हजार आंगनवाड़ी केन्द्रों को चयनित किया गया है। इन केन्द्रों पर इंटरनेट एवं वाईफाई कनेक्टिविटी, एलईडी स्क्रीन, स्मार्ट लर्निंग और ऑडियो-विजुअल एड्स और बच्चों के अनुकूल शिक्षण उपकरणों सहित बेहतर बुनियादी ढांचे के लिए धनराशि जारी कर दी गई है। यह जानकारी महिला एवं बाल विकास मंत्री स्मृति जुबिन ईरानी ने बुधवार को राज्यसभा में एक प्रश्न के लिखित उत्तर में दी। उल्लेखनीय है कि देश भर में 2 लाख आंगनवाड़ी केंद्रों को सक्षम किया जाएगा।

चालू वर्ष 2022-23 में 40 हजार आंगनवाड़ी केन्द्रों के उन्नयन के लिए राज्यों को धनराशि जारी कर दी गई है। प्रति आंगनवाड़ी केन्द्रों में शौचालय निर्माण की लागत को 12000 रुपये से संशोधित कर 36000 रुपये कर दिया गया है।

## हर मंत्रालय के पिछले एक दशक के व्यय पर रिपोर्ट तैयार कर रहा कैग

**गुवाहाटीः** एक वक्त था कि जब नियंत्रक व महालेखापरीक्षक (सीएजी) जिस मंत्रालय की रिपोर्ट तैयार करता था वहां अफरातफरी मच जाती थी। रिपोर्ट को कई बार दबाने की कोशिश भी होती रही है और कई बार रिपोर्ट के आधार पर मंत्रालयों के खिलाफ कड़ी कार्रवाइयां भी हुई हैं। लेकिन अब हालात बदल गये हैं।

**मंत्रालय स्वयं सीएजी को कर रहे जांच के लिए आमंत्रितः** मोदी सरकार के मंत्रालय स्वयं सीएजी को आमंत्रित कर रहे हैं कि वह उनकी योजनाओं व कार्यक्रमों की रिपोर्ट पर प्रजेंटेशन दें ताकि रिपोर्ट के आधार पर प्रदर्शन को सुधार किया जाए। यह जानकारी सीएजी गिरीश चंद्र मुर्मु



ने दैनिक जागरण को एक विशेष बातचीत में दी। मुर्मु ने बताया कि भारत सरकार के कई मंत्रालयों ने यह इच्छा व्यक्त की है कि उनकी योजनाओं के आडिट रिपोर्ट पर उन्हें प्रजेंटेशन दे।

**योजनाओं व कार्यक्रमों में सुधार के लिए कदमः** उद्देश्य यह है कि मंत्रालयों के स्तर पर अपनी योजनाओं व कार्यक्रमों में सुधार के लिए कदम उठाये जायें। मुर्मु मे कहा कि हमने स्वास्थ्य मंत्रालय के साथ शुरूआत कर दी है। धीरे धीरे दूसरे मंत्रालयों के लिए भी इस तरह की रिपोर्ट दी जाएगी। मुर्मु ने बताया कि सीएजी मुख्य तौर पर यह बताने की कोशिश कर रहा है कि पिछले पांच या दस वर्षों की रिपोर्ट में सामान्य व विशेष तौर पर क्या देखा गया है। जैसे कोई प्रोजेक्ट रूका है तो क्यों रुका है। कहीं पैसा ज्यादा खर्च हो गया तो क्यों हो गया। या फंड को दूसरी जगहों पर इस्तेमाल किया गया तो उसे कैसे रोका जा सकता है।

## यूपी निकाय चुनावः लेकर सुप्रीम कोर्ट में 24 को सुनवाई

**नई दिल्लीः** सुप्रीम कोर्ट में उत्तर प्रदेश निकाय चुनाव का मामला राज्य सरकार की ओर से सॉलिसिटर जनरल तुषार मेहता ने चीफ जस्टिस डीवाई चंद्रचूड़ की अध्यक्षता वाली बेंच के सामने रखा। तुषार मेहता ने कोर्ट को बताया कि पिछड़ा वर्ग आयोग ने रिपोर्ट दाखिल कर दी है। उसके बाद सुप्रीम कोर्ट ने मामले की सुनवाई 24 मार्च को करने का आदेश दिया। चार जनवरी को सुप्रीम कोर्ट ने इलाहाबाद हाई कोर्ट की लखनऊ बेंच के फैसले के एक हिस्से पर रोक लगा दी थी। कोर्ट ने 31 जनवरी से पहले ओबीसी आरक्षण के बिना चुनाव



करवाने के आदेश पर रोक लगाई थी। राज्य सरकार ने स्थानीय निकाय चुनाव में आरक्षण को लेकर हाई कोर्ट की लखनऊ बेंच के फैसले के खिलाफ सुप्रीम कोर्ट में याचिका दाखिल की है। याचिका में राज्य सरकार ने हाई कोर्ट के फैसले पर रोक लगाने की मांग की है। याचिका में आयोग की रिपोर्ट आने के बाद चुनाव कराने की मंजूरी देने का आग्रह किया गया है। याचिका में कहा गया है।

### किसानों का पैदल मार्च, प्याज पर एमएसपी की मांग

**नासिकः** नासिक के डिंडोरी से करीब दस हजार किसान पैदल चलकर मुंबई के आजाद मैदान में प्रदर्शन करने जा रहे हैं। सोमवार से शुरू हुआ किसानों का पैदल मार्च बुधवार को कसारा घाट से गुजरा। यहां ड्रोन से देखने पर ऐसा लगा मानो सड़क पर ड्रैगन चल रहा हो। ये किसान, आदिवासियों को जमीन पर हक, प्याज पर एमएसपी और कर्जमाफी की मांग कर रहे हैं। डिंडोरी से मुंबई का आजाद मैदान 203 किलोमीटर दूर है। किसान रोज 25 किलोमीटर पैदल चलते हैं। चलते समय अपनी मांगों के समर्थन में नारे लगाते हैं। जहां रुकते हैं।

## लैंड फॉर जॉब्स : लालू-राबड़ी और बेटी को जमानत

**पटनाः रेलवे** में लैंड फॉर जॉब्स यानी जमीन के बदले नौकरी देने के कथित भ्रष्टाचार के केस में लालू परिवार को बड़ी राहत मिली है। राजद सुप्रीमो लालू प्रसाद यादव, पत्नी राबड़ी देवी और बेटी मीसा भारती को जमानत मिल गई है। दिल्ली की राउज एवेन्यू कोर्ट ने 50 हजार के निजी मुचलके पर तीनों को जमानत दी है। इस मामले में अब 29 मार्च को अगली सुनवाई होगी। लालू को व्हीलचेयर पर लेकर पत्नी राबड़ी देवी और बेटी राज्यसभा सांसद मीसा भारती कोर्ट के अंदर पहुंचीं थीं। इस दौरान उन्होंने मीडिया से दूरी बनाए



रखी। कोर्ट ने 27 फरवरी को लालू की पत्नी राबड़ी देवी, बेटी मीसा भारती समेत 14 अन्य आरोपियों को समन जारी किया था। समन जारी होने से पहले सीबीआई लालू से दिल्ली में और राबड़ी से पटना में पूछताछ कर चुकी है। सीबीआई की ओर से 5 महीने पहले इस केस में चार्जशीट दाखिल की गई थी।

### एपीडा ने मोटे अनाजों के 30 प्रमुख आयातक देशों की बनाई सूची

## भारतीय किसानों को श्रीअन्न दे सकता है विदेशी बाजार

**नई दिल्लीः मोटे** अनाजों के उत्पादक किसानों एवं कारोबारियों के लिए यह वर्ष अति महत्वपूर्ण होने वाला है। वर्ष 2023 को अंतरराष्ट्रीय मिलेट (श्रीअन्न) वर्ष घोषित होने के साथ ही देश में मोटे अनाजों के उत्पादन, खपत और निर्यात की संभावनाएं तलाशने में सरकारी तंत्र सक्रिय हो गया है। देश में श्रीअन्न की लोकप्रियता भी बढ़ रही है। दूसरे देशों ने भी इसके महत्व को समझा है। स्पष्ट है कि मांग के अनुसार आपूर्ति की जिम्मेदारी भी भारत की होगी, क्योंकि मोटे अनाजों के उत्पादन में



भारत अन्य देशों की तुलना में सबसे आगे है। श्रीअन्न के महत्व को इसी से समझा जा सकता है कि केंद्रीय बजट में इसे प्रोत्साहित करने का प्रस्ताव आते ही मोटे अनाजों के लिए विश्व बाजार की तलाश शुरू कर दी गई।

**एपीडा ने दो स्तरों पर शुरू किया कामः** केंद्र सरकार ने कृषि एवं प्रसंस्कृत खाद्य उत्पाद निर्यात विकास प्राधिकरण (एपीडा) को जिम्मेवारी सौपी। उसके संसाधन बढ़ाए। एपीडा ने भी तत्परता दिखाते हुए दो स्तरों पर काम प्रारंभ कर दिया। उसने ऐसे 30 प्रमुख देशों की सूची बना ली है, जो मोटे अनाज के बड़े आयातक हैं। साथ ही अपने देश के 21 राज्यों में उत्पादन बढ़ाने की कार्ययोजना भी बना ली है। ज्ञान आधारित काम (शोध एवं संवर्धन) इंडियन इंस्टीट्यूट ऑफ मिलेट रिसर्च , कृषि विश्वविद्यालय बेंगलुरु एवं यश बैंक को दिया गया।

## कर्नाटक कांग्रेस अध्यक्ष ने डीजीपी को नालायक कहा

**बेंगलुरुः** कर्नाटक कांग्रेस अध्यक्ष डीके शिवकुमार ने राज्य के डीजीपी प्रवीण सूद को नालायक कहा है। उन्होंने दावा किया कि प्रवीन राज्य की भाजपा सरकार का बचाव कर रहे हैं और उनकी पार्टी के नेताओं के खिलाफ केस दर्ज कर रहे हैं। शिवकुमार ने चेतावनी दी है कि अगर उनकी पार्टी सत्ता में आती है तो उनके खिलाफ कार्रवाई की जाएगी। कांग्रेस नेता ने प्रवीण पर नन्जे गौड़ा और उरी गौड़ा के नाम पर प्रवेश द्वार बनाने की अनुमति देने का आरोप लगाया है। हिन्दू कार्यकर्ताओं के मुताबिक, नन्जे



और उरी ने मैसूरु के शासक टीपू सुल्तान की हत्या की थी।

**भाजपा की कठपुतली के रूप में काम कर रहे डीजीपीः** तिगला समुदाय के सदस्यों के सम्मेलन में भाग लेने से पहले पत्रकारों के साथ बातचीत में उन्होंने आगे कहा कि डीजीपी राज्य सरकार की कठपुतली के रूप में काम कर रहे हैं।

### रूस से कुल आयात का 40 फीसद क्रूड ले रहा भारत

## बना रूसी कच्चे तेल का सबसे बड़ा खरीददार

**नई दिल्लीः** भारत रूस के कच्चे तेल का सबसे बड़ा खरीददार बन चुका है। अंतरराष्ट्रीय एनर्जी एजेंसी (आइइए) की बुधवार को जारी रिपोर्ट बताती है कि भारत अपनी जरूरत का 40 फीसद कच्चा तेल सिर्फ रूस से खरीद रहा है। भारत और चीन मिल कर रूस के कुल कच्चे तेल का 70 फीसद खरीद रहे हैं। इस रिपोर्ट में इस बात का भी संकेत है कि जब से अमेरिका व पश्चिमी देशों ने रूस में उत्पादित कच्चे तेल की सीमा तय की है उसके बाद भारत व दूसरे देशों को रूस से कम कीमत पर क्रूड की आपूर्ति हो रही है।

**रूस को हतोत्साहित करने की कोशिशः** यही वजह है कि फरवरी, 2023 में रूस को



इसके पिछले महीने के मुकाबले क्रूड निर्यात से 2.7 अरब डॉलर की कम आय हुई है। यह एक वर्ष पहले के मुकाबले 42 फीसद कम है। रिपोर्ट यह भी बताती है कि यूक्रेन युद्ध के बाद रूस के तेल निर्यात को हतोत्साहित करने की काफी कोशिश की गई है लेकिन उसका बहुत असर नहीं हुआ है। आइइए वैश्विक स्तर पर ऊर्जा उत्पादन व उपभोग के क्षेत्र में शोध करने वाली सबसे प्रतिष्ठित एजेंसी मानी जाती है। रिपोर्ट में विश्व में क्रूड की मौजूदा आपूर्ति के संदर्भ में कहा गया है कि अभी मांग की तुलना में आपूर्ति ज्यादा है और यह स्थिति अगले छह महीनों तक बनी रहेगी।

**एशियाई देश खरीद रहे रूसी तेलः** रूस की तरफ से कच्चे तेल की आपूर्ति में पांच लाख बैरल प्रति दिन की आपूर्ति कम करने के बावजूद बाजार में आपूर्ति बढ़ी है। कनाडा और अमेरिका की तरफ से कच्चे तेल का उत्पादन बढ़ा दिया गया है। रूस में उत्पादित क्रूड का बहुत बड़ा हिस्सा एशियाई देश आदि खरीद रहे हैं।

## हिमाचल प्रदेश लोकतंत्र प्रहरी सम्मान योजना बंद करना दुर्भाग्यपूर्ण : खन्ना

**शिमलाः** भाजपा प्रभारी अविनाश राय खन्ना और सह प्रभारी संजय टंडन ने हिमाचल के राज्यपाल शिव प्रताप शुक्ल से राजभवन में शिष्टाचार भेंट की। उन्होंने राज्यपाल शिव प्रताप शुक्ल का कुशलक्षेम जाना। खन्ना ने कहा कि हिमाचल प्रदेश लोकतंत्र प्रहरी सम्मान योजना बंद करना कांग्रेस सरकार का असली चेहरा दिखाता है। इस योजना के अंतर्गत उन लोगों को पेंशन का अधिकार था जो इमरजेंसी के दौरान जेल गए थे।



आज वह बुजुर्ग हो गए हैं और उनकी विधवाओं को भी यह पेंशन मिल रही थी। उन्होंने कहा कि देश में इमरजेंसी 2 जून, 1975 से 21 मार्च, 1977 तक लगी थी और लाखों लोगों ने इसका विरोध किया था जिसमें उनका दृढ़ निश्चय और लक्ष्य रिवाइवल ऑफ डेमोक्रेसी और फंडामेंटल राइट्स की हक की लड़ाई थी।

## खबर संक्षेप

### बस की छत पर सोने जाने के लिए चढ़े व्यक्ति की करेंट की चपेट में आने से मौत

**लालापुर।** क्षेत्र के अमिलिया गांव स्थित मसुरियन धाम में दशार्नार्थियों को भर कर आई एक बस की छत पर सोने गए व्यक्ति की हाईटेंशन तार की चपेट में आने से झुलस जाने से मौत की सूचना से क्षेत्र में हड़कंप मच गया। घटना के बाद बस उक्त व्यक्ति को लेकर चली घटना की सूचना ना तो स्थानीय पुलिस को दी गई और ना ही किसी अस्पताल में भर्ती करने की सूचना मिली है। प्रयागराज से दर्शनार्थियों को भरकर एक मिनी बस मंगलवार की रात अमिलिया के मसुरियन धाम में पहुंची थी। रात में कुछ लोग बस की छत पर सोने के लिए गए इसी बीच बस के ऊपर से गुजरे हाईटेंशन तार की चपेट में आकर बुरी तरह से झुलस गया । आनन फानन में बस में लादकर उसे तत्काल ले जाया गया। प्रत्यक्षदर्शियों ने बताया कि एक व्यक्ति की मौत हो गई थी जबकि एक घायल हो गया था। इस घटना की सूचना स्थानीय पुलिस तक को नहीं है। यशो लालापुर शेर सिंह का कहना है की आऐसी कोई जानकारी हमें नहीं मिली है।

# प्रकाश हास्पिटल के संचालक की खड़ी कार में लगी आग

### राजनीतिक रजिंश बस जलाई गई गाडी : डॉ. विजय बाबू (जि.पं.स.) , मामले की छानबीन में जुटी पुलिस

अखंड भारत संदेश

**करछना।** प्रयागराज क्षेत्र के गधिंयाव में मिर्जापुर मार्ग पर स्थित प्रकाश हॉस्पिटल के संचालक एवं जिला पंचायत सदस्य डॉ विजय बाबू की कार में बीती रात अज्ञात लोगों ने आग लगा दी। जिससे उनकी कार धू-धू कर जल गई। सूचना पर आधी रात के बाद पहुंचे डॉ विजय बाबू ने पुलिस और फायर ब्रिगेड को सूचना दी। आग बुझाई गई, लेकिन तब तक में उनकी कार पूरी तरह से जल चुकी थी। अस्पताल के सामने लगे सीसीटीवी कैमरे को चेक किया गया तो कैमरे के सामने बस खड़ी होने की वजह से आग लगाने वाला कोई दिख नही रहा है। डॉ. विजय बाबू को कहना है कि रंजिश में उनकी गाड़ी में आग लगाई गई है। पुलिस मामले की छानबीन कर रही है। करछना थाना क्षेत्र के डीहा गांव निवासी डॉ. विजय बाबू की गधिंयाव के पास मिजार्पुर हाइवे मार्ग पर प्रकाश हॉस्पिटल के नाम



से नर्सिंग होम है। वह डीहा गांव में भी अपनी क्लीनिक चलाते हैं। डॉ विजय बाबू ने बताया कि मंगलवार की शाम को वह प्रकाश हॉस्पिटल से अपने घर डीहा चले गए थे। रात में नर्सिंग होम में एक ऑपरेशन था सर्जन बुलाया गए थे इसलिए वह भी रात में नर्सिंग होम पहुंचे थे। उनकी डस्टर कार नर्सिंग होम के सामने बस के बगल में खड़ी थी। वह अंदर सर्जन के साथ ऑपरेशन में बिजी हो गए। पूरा स्टाफ उसी में परेशान था। रात में तकरीबन 11:45 बजे के आसपास अचानक से एक नर्स बाहर निकली तो गाड़ी जलती देख शोर मचाया। सूरत उन पर सभी लोग बाहर आए तो देखा हॉस्पिटल के सामने बस के बगल में खड़ी उनकी डस्टर कार में आग लग गई है। वह भागकर हॉस्पिटल पहुंचे। फायर ब्रिगेड और पुलिस को सूचना दी। तब तक में आग से पूरी कार धू-धू कर जलने लगी थी। किसी तरह से आग बुझाई गई। उन्होंने बताया कि कार का कोई इंश्योरेंस नहीं है। थर्ड पार्टी इंश्योरेंस करा रखा है। आरोप लगाया कि किसी ने जानबूझकर उनकी कार में आग लगाई है। हॉस्पिटल के मेन गेट के सामने सीसीटीवी कैमरा लगा है। लेकिन बस खड़ी होने की वजह से आग लगाने वाला उसमें दिख नहीं रहा है। डॉ विजय बाबू कहना है कि वह राजनीतिक व्यक्ति हैं। समाजवादी पार्टी से जुड़े हुए हैं। कई लोगों से रंजिश है। किसी ने उसी खुन्नस में आग लगाई है। इंस्पेक्टर विश्वजीत सिंह का कहना है कि खड़ी कार में आग लग गई है। कैसे लगी यह जांच का विषय है।

## दो अलग अलग गांवों में मार पीट कई जख्मी मुकदमा दर्ज

**मऊआइमा।** मऊआइमा के दो अलग अलग गांवों में मार पीट के दौरान कई को चोटें आयी है। एक मामले में पुत्र ने माता पिता सहित पांच के खिलाफ मुकदमा दर्ज करा दिया है। जबकि दूसरे गांव में एक के खिलाफ मुकदमा दर्ज कराया गया है। मऊआइमा थाना क्षेत्र के सिकंदरपुर गांव निवासी अरूण कुमार पुत्र चन्द्रिका प्रसाद का आरोप है कि घरेलू बंटवारे को लेकर उसे मारा पीटा गया और गालियां दी गई।जान से मारने की धमकी भी दी गई।अरूण कुमार ने अपने पिता चन्द्रिका प्रसाद, भाई अनुप कुमार ,बहन मनीषा, रेखा, माता सावित्री देवी के खिलाफ मुकदमा दर्ज करा दिया है।उधर ग्राम सकरामऊ निवासी जगत बहादुर पुत्र जवाहिर के मुताबिक उसे मारा पीटा गया और जान से मारने की धमकी दी गई। जगत बहादुर ने राम कैलाश पुत्र बुध राम के खिलाफ मुकदमा दर्ज करा दिया है।

# अवैध निर्माण रोकने गए दरोगा व सिपाही को गाली व जान से मारने की धमकी

अखंड भारत संदेश

**मेजा रोड।** रात में अवैध निर्माण की सूचना पर पहुंचे मांडा थाने के एक दरोगा व दो सिपाहियों पर हमला करते हुए चार आरोपियों ने पुलिस कर्मियों को गाली व जान से मारने की धमकी देकर भगा दिया। दरोगा के तहरीर पर चारों आरोपियों के खिलाफ विभिन्न धाराओं में मुकदमा दर्ज कर पुलिस मामले की जांच कर रही है। थाना क्षेत्र के ऊंचडीह उपरौध गाँव निवासी धनंजय शुक्ला ने रविवार रात लगभग एक बजे मांडा पुलिस को फोन पर सूचना दी कि उनकी पुश्तैनी जमीन में उनके पड़ोसी लखनलाल शुक्ल व उनके परिजन अवैध निर्माण कर रहे हैं। सूचना पर मांडा थाने में रवानगी लिखाकर थाने के दरोगा राज कुमार प्रधान व सिपाही चंद्रकांत सिंह सेंगर तथा गौरव प्रताप घटना स्थल पर पहुंचे ।पुलिस के वहाँ पहुंचते ही लखनलाल व उनके बेटे आलोक कुमार व विजय कुमार तथा लखनलाल की पत्नी पुलिस कर्मियों को भद्दी भद्दी गालियाँ देते हुए हमलावर हो गये और जान से मारने की धमकी देते



हुए पुलिस कर्मियों को खदेड़ लिया । थाने आकर दरोगा राजकुमार प्रधान व दोनों सिपाहियों ने मामले की जानकारी इंस्पेक्टर को दी । दरोगा से तहरीर लेकर पुलिस ने लखनलाल व उनके दोनों बेटों और पत्नी के खिलाफ 353,352, 504 व 506 आईपीसी के तहत मुकदमा दर्ज किया।पुलिस पर हमला व पुलिस से अभद्रता का मामला पूरे क्षेत्र में चर्चा का विषय है। पीड़ित धनंजय शुक्ला ने भी आरोपियों के खिलाफ तहरीर दी है, जिसकी पुलिस जांच कर रही है। मामले में इंस्पेक्टर मांडा अरविंद कुमार गौतम ने जानकारी दी कि आरोपी बेहद मनबढ़ हैं, उनके खिलाफ पुलिस मुजाहिमत सहित विभिन्न धाराओं में मुकदमा लिखा गया है। मामले में विधिसम्मत कठोर कार्यवाही की जाएगी।

# अटल आवासीय विद्यालय का अपर जिलाधिकारी नगर ने किया निरीक्षण

### पुलिस चौकी आगंतुक कक्ष निर्माण के निर्देश

अखंड भारत संदेश

**रत्योरा।** अपर जिलाधिकारी नगर प्रयागराज ने बुधवार को कोरांव तहसील क्षेत्र के बेलहट गांव में निमार्णाधीन अटल आवासीय विद्यालय का निरीक्षण किया। निरीक्षण के दौरान एसीपी मेजा विमल किशोर मिश्र भी मौजूद रहे। अपर जिलाधिकारी व एसीपी मेजा ने अटल आवासीय विद्यालय में पुलिस चौकी निर्माण के लिए जहां स्थल का चिन्हाकन किया। वही आगंतुक कक्ष एवं विद्यालय के अन्य भवनों के गुणवत्ता की परख की। ज्ञातव्य हो कि फरवरी महीने में जिलाधिकारी संजय खत्री ने भी अटल आवासीय विद्यालय का निरीक्षण किया था। जहां निर्माण कार्य में व्यापक खामियां मिलने पर निर्माण कार्य दाई संस्था व संबंधित एई व जेई को फटकार लगाई थी। जिलाधिकारी ने घटिया निर्माण सामग्रियों के सैंपल भी जांच के लिए भेजे थे। अभी तक निर्माण कार्य के मनमानी पर कोई कार्रवाई नहीं की जा सकी है। शासन स्तर से इसी सत्र में विद्यालय में पठन-पाठन के कार्य शुरू करने की मंशा पर निर्माण कार्य की धीमी प्रगति पानी फेर रही है। जिसको लेकर भी लगातार अधिकारियों का निरीक्षण चल रहा है।



# आलू टमाटर के गिरे दाम, भारी घाटे में किसान

### आढ़तियों को 650/कुन्तल की राहत, सरकारी भावांतर योजना अमल हो या मिले 60000 एकड़ की क्षतिपूर्ति : एआईकेएमएस

अखंड भारत संदेश

**जसरा।** नवीन मंडी परिषद जसरा में क्षेत्रीय किसानों ने इकट्ठा होकर बाजार में आलू टमाटर के दाम गिरने के बावजूद आरएसएस - भाजपा सरकार द्वारा किसानों को राहत ना देने की कड़ी निन्दा की गयी। अखिल भारतीय किसान मजदूर के नेताओं ने कहा एक तरफ सरकार आलू व टमाटर के आढ़तियों एवं व्यापारियों को 650 रुपए प्रति कुंतल सहयोग देने की घोषणा की है, परन्तु किसानों को भूल गयी जो असल में इसका बड़ा नुकसान झेल रहे हैं। प्रदेश में करीब तीन करोड़ परिवारों में से लगभग 15 लाख से ज्यादा किसान परिवार आलू की खेती करते हैं। डलूम की लागत प्रति एकड़ 1,10,000 रुपए आती है जबकि 100 कुंटल आलू पैदा होता है। सरकार ने घोषणा किया था कि स्वामीनाथन आयोग के आधार पर लागत का डेढ़ गुना रेट देगी। इस हिसाब से आलू का रेट ?16 रुपए प्रति किलो मिलना चाहिए। इसी तरह




टमाटर की लागत करीब 12 किलो आती है और इसका रेट रुपए 18 प्रति किलो सुनिश्चित करने की जरूरत है। किसानों ने मांग की कि सरकार अपनी बहु प्रचारित भावांतर योजना को अमल करे, वरना 60000 एकड़ के हिसाब से सभी किसानों को क्षतिपूर्ति दे। इस संबंध में मंडी समिति के सचिव नवीन कुमार को मांग पत्र सौंपा। उन्होंने इसे शीघ्र ही शासन को भेजने का आश्वासन दिया। कार्यक्रम में उत्तर प्रदेश के सचिव हीरालाल, जिलाध्यक्ष राम कैलाश कुशवाहा, प्रयागराज सचिव राजकुमार पथिक सहित दर्जनों लोग मौजूद रहे।

## न्यूज झरोखा

# पूर्वजों के मोक्ष प्राप्ति हेतु चनेथू शुक्लान से गया धाम प्रस्थान



**जंघई।** सनातन धर्म परंपरा में पुत्र के तीन प्रमुख कर्तव्य है। पहला- जीवित माता-पिता की सेवा, दूसरा- देहांत के उपरांत उनका श्राद्ध और तीसरा- उनकी मुक्ति के लिए पवित्र तीर्थ में पिंडदान। इन तीनों को पूरा करने वाला ही अपने पुत्रत्व को सार्थक करता है। दिवंगत माता-पिता के प्रति श्रद्धापूर्वक किया गया कर्म ही श्राद्ध है पिंडदान, तर्पण और दान इसकी विधि हैं जो किसी पवित्र तीर्थ के तट पर करने का विधान है।चनेथू शुक्लान निवासी पंडित भानु प्रकाश मिश्र एवं महावीर प्रसाद मिश्रा अपने पितरों एवं माता पिता के श्राद्ध तर्पण हेतु मंगलवार को गया धाम प्रस्थान किया। गाजे-बाजे ढ़ोल नगाड़ों के साथ पूरे खानदान का अक्षत लेते हुए हर घरों में अक्षत छिड़कते हुए पूरे गांव की परिक्रमा किया।इस अवसर पर केशव प्रसाद शुक्ला, कमलाशंकर शुक्ला, नारायण दास शुक्ला, हीरामनी शुक्ला, संकठा प्रसाद शुक्ला, कैलाश नाथ शुक्ला, प्रेम शुक्ला, जयशंकर शुक्ला, रमाशंकर शुक्ला, जज्ज ओझा, बाबूलनाथ शुक्ला, प्यारे मोहन शुक्ल, ललित मोहन शुक्ला, कृष्ण मोहन शुक्ला, परमात्मा पांडेय, राजेंद्र प्रसाद शुक्ला आपरेटर, देवेंद्र मास्टर शुक्ला, राजेंद्र शुक्ला लीडर, रिंकू शुक्ला, साधु प्रजापति, संगम लाल मिश्र, प्रदीप कुमार मिश्र, लक्ष्मीरतन मिश्र, शुभम मिश्रा, कृष्णा मिश्र, आयुष मिश्र, अथर्व मिश्र, हरिओम मिश्र सहित तमाम लोग मौजूद रहे।

## पुलिस के नाम पर दलाली का बीस हजार हड़पने वाले आरोपी पर मुकदमा दर्ज

**मऊआइमा।** बाउंड्री कराने के लिए पुलिस के नाम पर बीस हजार रुपये एक दलाल ने एक व्यक्ति से ले लिया था। भुक्तभोगी की तहरीर पर पुलिस ने संगीन धाराओं में मुकदमा दर्ज कर जेल भेज दिया है। मऊआइमा के ग्राम कहली निवासी मनोज कुमार मिश्रा पुत्र पारस नाथ का कहना था कि मंगलवार को एक व्यक्ति जो उसके परिचय का था। जमीन पर बाउंड्री कराने के लिए मंगलवार को बीस हजार लेकर थाने



चलने को कहा और कहा कि पुलिस को देना है। बाइक में तेल भरवाया और पेटभर भोजन किया। फिर थाने के अन्दर बाउंड्री के पास बीस हजार लिया कहा दो पुलिस से बात हुई है देना है।मनोज कुमार मिश्रा ने बीस हजार दे दिया तो कहा कागज लेकर आओ।मनोज कागज लेने चला गया तो वह फ्राडी पैसा लेकर भाग गया। तब मनोज कुमार ने इसकी लिखित शिकायत थाने में कि। पुलिस दबिश डाल कर आरोपी दलाल को हिरासत में लेकर पूछताछ करने लगी तो वह आना कानी करने लगा। बाद में पुलिस के आगे पुलिस के नाम पर पैसा हजम करने वाले जालसाज ने अपना गुनाह कबूल कर लिया। पुलिस ने छिपा कर रखा गया पैसा बीस हजार बरामद कर फ्राडी, दलाल ,अवधेश कुमार सिंह पुत्र अभयराज सिंह ग्राम तिलई बाजार के खिलाफ बुधवार को जालसाजी, फ्राड ,अमानत में ख्यानत ,गुंडा टैक्स वसूलने जान से मारने की धमकी देने आदि संगीन धाराओं में मुकदमा दर्ज कर जेल भेज दिया।

# पी.टी. स्पर्धा में प्रयागराज रहा अव्वल

अखंड भारत संदेश

**सिरसा।** बेसिक शिक्षा विभाग द्वारा लखनऊ के गुरु गोविन्द सिंह स्पोर्ट स्टेडियम में आयोजित राज्य स्तरीय खेलकूद प्रतियोगिता में जनपद प्रयागराज का प्रतिनिधित्व करते हुये विकास खण्ड उरुवा के संविलियन विद्यालय ओनौर के बालकों ने व्यायाम एवं विशेष प्रदर्शन में मारी बाजी, प्रथम स्थान प्राप्त कर प्रयागराज का परचम लहराया इस गौरवपूर्ण उपलब्धि पर शिक्षाधिकारियों और शिक्षक प्रतिनिधियों ने छात्रों को दी बधाई! मंगलवार को परिषदीय विद्यालय के बच्चों ने एक विशेष मुकाम हासिल कर प्रयागराज का नाम रोशन किया है। बेसिक शिक्षा विभाग द्वारा लखनऊ के गुरु गोविन्द सिंह स्पोर्ट स्टेडियम में आयोजित राज्य स्तरीय खेलकूद प्रतियोगिता में जनपद प्रयागराज का प्रतिनिधित्व करते हुये विकास खण्ड उरुवा के संविलियन विद्यालय ओनौर के बालकों ने व्यायाम एवं विशेष प्रदर्शन में बाजी मारते हुये प्रथम स्थान प्राप्त कर, प्रदेश में प्रयागराज का परचम लहराया है। बीते शाम जैसे ही यह खबर आयी, परिषदीय



विद्यालयों से जुड़े बच्चों, अभिभावकों, शिक्षकों और शिक्षाधिकारियों में खुशी की लहर फैल गयी। एक दूसरे को बधाई देने का सिलसिला देर रात तक चलता रहा। बता दें कि विकास खण्ड उरूवा के संविलियन विद्यालय ओनौर के छात्रों ने जनपद प्रयागराज की ओर से राज्य स्तरीय पी०टी० प्रतियोगिता में भाग लिया है। प्रतिभागी बच्चों को तैयार करने में विद्यालय के प्रधानाध्यापक अखिलेश दूबे, व्यायाम शिक्षक मानिक चन्द्र सिंह, सहायक अध्यापक जयन्त कुशवाहा, अम्बरीश गिरि तथा अवकाश प्राप्त एवं राज्यपाल पुरस्कार से सम्मानित शिक्षक राजनारायण प्रजापति ने विशेष योगदान किया है। मंजीत, कुलदीप, अनूप, आदर्श, अभिषेक सहित दर्जनों छात्रों के सम्मिलित प्रयास ने यह गौरवपूर्ण उपलब्धि हासिल की है। इस मौके पर उतर प्रदेशीय जूनियर हाईस्कूल शिक्षक संघ के ब्लॉक अध्यक्ष एवं जिला उपाध्यक्ष विनोद कुमार मिश्र एवं मंत्री दिवाकर दत्त मिश्र तथा प्राथमिक शिक्षक संघ के ब्लॉक अध्यक्ष विनोद शुक्ल एवं मंत्री संदीप पाण्डेय ने उक्त उपलब्धि के लिए बच्चों को बधाई दी है। खण्ड शिक्षा अधिकारी उरुवा राजेश यादव सहित जनपद में कार्यरत बेसिक शिक्षा विभाग के कई अधिकारियों ने छात्रों को उनकी उपलब्धि पर बधाई दी है।

# शुआट्स में सोसायटी ऑफ बायोइनफॉरमैटिक्स द्वारा दो दिवसीय सम्मेलन का आयोजन

अखंड भारत संदेश

**नैनी, प्रयागराज।** सोसायटी ऑफ बायोइनफॉरमैटिक्स, जैकब इन्स्टीट्यूट आफ बायोटेक्नोलॉजी एण्ड बायोइन्जीनियरिंग, सैम हिगिनबॉटम कृषि, प्रौद्योगिकी और विज्ञान विश्वविद्यालय (शुआट्स), प्रयागराज द्वारा भारतीय सूचना प्रौद्योगिकी संस्थान, इलाहाबाद के सहयोग से आयोजित ह्यकृषि, खाद्य और स्वास्थ्य के लिए जैव सूचना विज्ञान में आविभार्वी प्रवृत्तियांह्ल पर दो दिवसीय सम्मेलन आयोजित किया गया। बुधवार को उद्घाटन किया। इस आयोजन की परिकल्पना छात्रों, विद्वानों और शिक्षकों को कृषि, भोजन और स्वास्थ्य के क्षेत्र में जैव सूचना विज्ञान में विकास के बारे में जानकारी रखने का अवसर प्रदान करने के लिए की गई है। यह अकादमिक उद्योग के कर्मचारियों के साथ-साथ विज्ञान और प्रौद्योगिकी के क्षेत्र में अपने विचारों, प्रगति, नवाचारों और बाधाओं को साझा करने के लिए एक बहु-विषयक मंच के रूप में प्रस्तुत कर रहा है। मुख्य अतिथि प्रो. (डॉ.) राजेश कु. दुबे, निदेशक, यूजीसी-एचआरडीसी, जोधपुर ने सभा को संबोधित किया। उन्होंने राष्ट्रीय सम्मेलन के महत्व पर जोर दिया और सभी को कृषि, भोजन और स्वास्थ्य में जैव सूचना विज्ञान दृष्टिकोण के बारे में विभिन्न आयामों से अवगत कराया। प्रो. (श्रीमती) कृष्णा मिश्रा, आईआईआईटी-इलाहाबाद इस कार्यक्रम में सम्मानित अतिथि थीं। उन्होंने सम्मेलन के लाभों और युवा प्रतिभागियों के मन में इसके प्रभाव के बारे में विस्तार से बताया। डॉ. एस.डी. मैकार्टी, कार्यवाहक कुलसचिव (शुआट्स) ने कार्यक्रम के आयोजकों को शुभकामनाये दी और छात्रों को कार्यक्रम से अधिकतम लाभ प्राप्त करने के लिए प्रोत्साहित किया। प्रो. (डॉ.)




रुबीना लॉरेंस, एसोसिएट डीन (अकादमिक), जेआईबीबी, प्रो. (डॉ.) वीरू प्रकाश, एसोसिएट डीन (प्रशासन), जेआईबीबी, प्रो. (डॉ.) राजीव कांत, सम्मेलन संयोजक, और डॉ. सतेंद्र सिंह, सम्मेलन आयोजन सचिव, ने भी उद्घाटन सत्र में अपनी उपस्थिति दर्ज कराई। सम्मेलन के प्रथम दिन की कार्यवाही में क्रमशः प्रो. (श्रीमती) कृष्णा मिश्रा और डॉ. एम. सुहैल खान की अध्यक्षता में दो सत्र शामिल थे। सत्रों के विषय ह्यजैव सूचना विज्ञान संसाधन और सतत कृषि के लिए उपकरणह्ल और ह्यखाद्य और पोषण के लिए उभरते डेटा विज्ञानह्ल थे। डॉ. कोंडा अरविंद कुमार, डॉ. गणेश बागलर, प्रो. (डॉ.) बेचन शर्मा, डॉ. श्रीकांत मंत्री, डॉ. एम. सुहैल खान और डॉ. विक्रम एस अतिथि वक्ता थे। प्रत्येक सत्र के बाद चयनित मौखिक प्रस्तुतियाँ हुईं। दूसरे दिन आमंत्रित वक्ताओं द्वारा व्याख्यान सत्र और मौखिक और पोस्टर प्रस्तुतियां भी होंगी। राष्ट्रीय सम्मेलन डीबीटी, डीएसटी (एसईआरबी) भारत सरकार, बायोकार्ट प्रा. लिमिटेड और बायोविया द्वारा प्रायोजित है।

# मऊआइमा नगर पंचायत में स्वच्छता सहयोगी 42 महिलाओं को किया गया सम्मानित

### नगर पंचायत मऊआइमा के विभिन्न वार्डों की महिलाओं ने स्वच्छता में बढ़ चढ़ कर हिस्सा लिया

अखंड भारत संदेश

**मऊआइमा।** मऊआइमा नगरपंचायत में स्वच्छता की सहयोगी महिलाओं ने बढ चढ कर हिस्सा लिया। जिसपर नारी सम्मान समारोह में महिलाओं को सम्मानित किया गया।जिसमें 42 महिलाएं मौजूद थी। मऊआइमा नगर पंचायत क्षेत्र के चौदह वार्डो में स्वच्छता भारत मिशन एंव अपने अपने घरों के आस पास सफाई पर विशेष ध्यान देने वाली और सफाई के प्रति वार्डों में जागरूकता अभियान चलाने पर नगर पंचायत मऊआइमा के चौदह वार्डो में प्रत्येक वार्ड की तीन महिलाओं को चयन करते हुए बुधवार को नगर पंचायत कार्यालय में पूर्व सदस्य सत्यपथी देवी, सुनीता देवी पटेल, इकरा सईद आदि महिलाओं ने 42 सहयोगी महिलाओं को फूल माला पहना कर सम्मानित किया। इस अवसर पर मोहल्ला मुस्तफाबाद की शिमला देवी, गुड्डु देवी, कमला




देवी, मोहल्ला हजियाना की शफीका बानों , रईसा बानों ,मोहल्ला कजियाना कलां की संगीता देवी ,सुखरानी ,कमला देवी ,नया पूरा आजमपुर की राम कली ,सुनीता देवी ,गीता देवी ,आजमपुर पशिचमी से बदरून निशां ,नसरीन बानों ,अनवरी बानों ,महतवाना से कोयला देवी, निर्मला देवी, दीप माला, पूरा काजी पसियान से जमीला, विमला



,जयदेवी, आदि कुल चौदह वार्डो से 42 महिलाओं को सम्मानित किया गया। इस अवसर पर नगर पंचायत कार्यालय के अधिशासी अधिकारी प्रदीप कुमार मिश्रा ,वरिष्ठ लिपिक हीरालाल ,कम्प्यूटर ऑपरेटर आशीष कपूर ,वलीदअंसारी , रकशान आरिफ ,मोहम्मद आजम ,कुल्लू, जे बी आदि समस्त कर्मचारियों ने भाग लिए।

# जमाने में वही जिन्दा है जिसका नाम जिन्दा है : बेशरम

अखंड भारत संदेश

**करछना।** प्राचीन रामलीला कमेटी चैरिटेबल ट्रस्ट,रामलीला मैदान गणेशगंज डेरी में होली के रंग ठहाकों के संग,अखिल भारतीय हास्य कवि सम्मेलन के दौरान कबीर के शब्द रंगों से श्रोता सराबोर हो उठे। इस अवसर पर मुख्य अतिथि के रूप में उच्च शिक्षा परिषद के अध्यक्ष,बीएचयू के पूर्व कुलपति प्रोफेसर गिरीश चन्द्र त्रिपाठी और विशिष्ट अतिथि के रूप में विधायक करछना पीयूष रंजन निषाद, ब्लॉक प्रमुख चाका अनिल पटेल और ब्लॉक प्रमुख करछना कमलेश द्विवेदी मौजूद रहे। रीवा मध्य प्रदेश से आई कवयित्री क्रांति मिश्रा द्वारा प्रस्तुत वाणी वंदना के उपरांत कवि संतोष शुक्ला समर्थ,जितेंद्र जलज और धनंजय शाश्वत ने अपने छन्द,मुक्तक और गीतों से श्रोताओं को जी भर गुदगुदाया। नजर इलाहाबादी ने- सारे



गड्ढे भर जाएंगे बरसात तो आने दो,जैसी पंक्तियों के माध्यम से वर्तमान परिवेश को रेखांकित किया। अवधी के कवि लालजी देहाती ने विधायक की व्यथा नामक कविता में -लखनऊ न जाई,गांव गांव कुकुरइ घिसिलाई का,जैसी पंक्तियों पर जमकर ठहाके लगवाए। बिहार से आये प्रशांत बजरंगी ने राष्ट्रीय शौर्य का गुणगान करती कविता पर खूब तालियां बटोरी तो वहीं फैजाबाद से आए व्यंग्यकार पंकज श्रीवास्तव ने राजनीतिक विसंगतियों पर तंज कसते हुए खूब वाहवाही लूटी। डॉ श्लेष गौतम ने हास्य मुक्तकों पर लोगों को खूब गुदगुदाया। बिहारी लाल अंबर ने -महबूबा की गलियों से जब मेरा जनाजा निकला जैसी पंक्तियों पर जमकर ठहाके लगवाए। संचालन के दौरान चर्चित हास्य कवि अशोक बेशरम ने खूब समां बांधी। दरोगा जी चोरी हो गई और पी पाई के साझे कि केहुके घरे,घुसै,पावै जो चारि लात तो समझो बसंत है जैसे मुक्तकों ऊपर खूब तालियां बटोरी। उन्होंने कहा- बनारस की सुबह जिंदा अवध की शाम जिंदा है,जमाने में वही जिंदा है,जिसका नाम जिंदा है। कवि सम्मेलन की अध्यक्षता फतेह बहादुर सिंह ऋषिराज ने की। समापन पर मुख्य अतिथि समेत सभी विशिष्ट अतिथियों और कवियों को आयोजन मंडल के अध्यक्ष धरनीश प्रताप सिंह मंचो भैयाऔर समिति के लोगों द्वारा मंच पर सम्मानित किया गया। इस मौके पर पूर्व विधायक प्रभाशंकर पांडेय, त्रिवेणी प्रसाद पांडेय, योगेंद्र शुक्ला, कुंवर सिंह, राम भूषण मिश्र, परशुराम मिश्र, राजू पंडित, कौशलेश केसरवानी, मनोज ओझा, श्यामलाल बेगाना, दीपू गिरी, प्रिंस सिंह, गुलाब सिंह, सत्येंद्र परिहार, राजकुमार मिश्र, रुद्रदेव मिश्र, राकेश सिंह, अरुण सिंह, मणि शंकर प्रजापति, मनोज यादव समेत व्यवस्थापक समिति के लोग और बड़ी संख्या में श्रोता मौजूद रहे।

## खबर संक्षेप

### 69 हजार शिक्षक भर्ती: आरक्षित वर्ग के समर्थन में आए अखिलेश ने किया ट्विट, सरकार को घेरा

**प्रयागराज।** परिषदीय स्कूलों के लिए पिछले दिनों आयोजित 69000 शिक्षक भर्ती में आरक्षित वर्ग के अभ्यर्थियों के मामले में हाईकोर्ट के निर्णय के बाद से आरक्षित वर्ग के अभ्यर्थियों का धरना जारी है। बुधवार को आरक्षित वर्ग के अभ्यर्थियों ने लखनऊ में शिक्षामंत्री संदीप सिंह के आवास पर घेराव किया। उधर शिक्षामंत्री के आवास के घेराव की सूचना पर पहुंची पुलिस ने सभी अभ्यर्थियों को बस में बैठका इको गार्डेन धरना स्थल छोड़ दिया।आरिक्षत वर्ग के 6800 अभ्यर्थियों शिक्षामंत्री के आवास का घेराव करने और उन्हें जबर इको गार्डेन धरना स्थल पर छोड़ने के बाद पूर्व मुख्यमंत्री अखिलेश यादव ने ट्विट करके धरना दे रहे अभ्यर्थियों का समर्थन किया। अखिलेश यादव ने अपने ट्विट में कहा कि 69 हजार सहायक अध्यापक भर्ती में आया फैसला आरक्षण की मूल भावना की विरोधी भाजपा सरकार की ढीली पैरवी का नतीजा है।उन्होंने भाजपा पर निशाना साधते हुए लिखा कि भाजपा दलित-पिछड़ों कर हक मारने के लिए आरक्षण को विधायी माया जाल में फंसाती है, जातीय जनगणना ही इस समस्या का सही समाधान है, जिससे कि जनसंख्या के अनुपात में आरक्षण हो सके। गौरतलब है कि 69 हजार शिक्षक भर्ती में आरक्षण में गड़बड़ी का अभ्यर्थियों ने आरोप लगाया था।जांच के बाद आरिक्षत वर्ग के 6800 अभ्यर्थियों की एक सूची जारी गई है। इसके बाद मामला कोर्ट में पहुंच गया, जहां पर कोर्ट ने सूची को खारिज करते हुए 69 हजार की मूल चयन सूची रिव्यू करने का आदेश दिया है।

# प्रस्तावित हड़ताल को लेकर डीएम ने दिये विद्युत कर्मियों को आवश्यक निर्देश

अखंड भारत संदेश



**प्रयागराज।** जिलाधिकारी संजय कुमार खत्री की अध्यक्षता में बुधवार को संगम सभागार में विद्युत कर्मियों के द्वारा प्रस्तावित हड़ताल के दृष्टिगत विद्युत व्यवस्था को सुचारू ढंग से बनाये रखने के सम्बंध में बैठक आयोजित की गयी। बैठक में जिलाधिकारी ने अस्पतालों सहित अन्य महत्वपूर्ण स्थलों पर विद्युत आपूर्ति की समुचित व्यवस्था बनाये रखने के सम्बंध में विशेष सर्तकता बनाये रखने के निर्देश दिए है। उन्होंने शहरी तथा ग्रामीण क्षेत्रों में विद्युत आपूर्ति की व्यवस्था सुचारू रूप से संचालित होती रहे, इसके लिए सभी सम्बंधित अधिकारियों को आवश्यक निर्देश दिए है। उन्होंने वर्कशाप एवं स्टोर पर मजिस्टेटों की तैनाती सुनिश्चित करने के लिए कहा है साथ ही साथ सब स्टेशनों पर भी कामिंकों की तैनाती सुनिश्चित किए जाने के लिए कहा है। जिलाधिकारी ने आईटीआई के प्राचार्य को प्रशिक्षकों की सूची मुख्य अभियंता विद्युत को उपलब्ध कराये जाने का निर्देश दिया है साथ ही साथ उन्होंने अन्य विभागों के अधिकारियों एवं कर्मचारियों से भी समन्वय बनाते हुए आवश्यक व्यवस्थायें सुनिश्चित किए जाने के लिए कहा है। उन्होंने कंट्रोल रूम बनाये जाने तथा वहां से ड्यूटी पर लगाये गये कामिंकों का निरंतर सत्यापन करते रहने के निर्देश दिए है। मुख्य अभियंता के द्वारा बताया गया कि विद्युत विभाग का भी कंट्रोल रूम पहले से ही संचालित है, जिसका नम्बर 0532-2404030 है। उन्होंने कहा है कि कंट्रोल रूम नम्बर पर विद्युत से सम्बंधित समस्याओं के बारे में जानकारी दी जा सकती है। जिलाधिकारी ने सब स्टेशनों पर पुलिस की भी तैनाती सुनिश्चित करने के लिए कहा है। इस अवसर पर अपर जिलाधिकारी प्रशासन हर्षदेव पाण्डेय, मुख्य अभियंता तथा अधीक्षक अभियंता विद्युत के अलावा अन्य सम्बंधित अधिकारियों के अधिकारीगण उपस्थित रहे।

## कालेज जाते समय ट्रक की चपेट में आने से छात्रा की हुई मौत



अखंड भारत संदेश

**प्रयागराज।** प्रयागराज में ट्रक की चपेट में आने से कॉलेज जा रही छात्रा की मौके पर ही मौत हो गई ' मौके पर पहुंचे स्थानीय लोगों ने दुर्घटना की सूचना तत्काल पुलिस को दी ' सूचना पर पहुंची पुलिस किशोरी के शव को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिए भेज दी है।घटना हंडिया कोतवाली क्षेत्र के अंतर्गत आने वाले पंकज नगर चौराहे की है। यहां ट्रक की चपेट में आने से कॉलेज जा रही छात्रा की मौके पर ही मौत हो गई।

**घटना से सदमें में परिवार :** घटना की जानकारी मिलते ही परिजन मौके पर पहुंचे। स्थानीय लोगों ने घटना की जानकारी हंडिया पुलिस को दी। मिली जानकारी के अनुसार अंशु हरिजन पुत्री धर्मराज हरिजन निवासी ग्राम बिलारी थाना हंडिया जनपद प्रयागराज की रहने वाली है।वो अपने घर से बीरापुर स्थित पंडित राम लखन मिश्र डिग्री कॉलेज में पढ़ने के लिए जा रही थी ' जैसे ही वह पंकज नगर चौराहे के पास पहुंची, एक ट्रक की चपेट में आने से मौके पर ही उसकी मौत हो गई। किशोरी की मौत से परिवार के लोग सदमे में है।



## मेजा में सहकारी समिति के चुनाव के लिए हुआ नामांकन

**प्रयागराज।** प्रयागराज के मेजा में साधन सहकारी समितियों के गठन के लिए चुनाव की एक दिवसीय नामांकन प्रक्रिया पूरी की गई। विकासखंड मेजा की कुल 9 समितियों में चुनावी गहमा गहमी रही। उरुआ ब्लाक के उपड़ौरा में नामांकन में सपा नेताओं ने पुलिस पर बेवजह दखल देने का आरोप लगाया।चुनाव अधिकारी एडीओ कोऑपरेटिव सच्चिदानंद द्विवेदी ने बताया कि चुनाव का जिम्मा ब्लॉक के सचिवों को दिया गया है। उन्होंने बताया कि अंतिम मतदाता सूची का प्रकाशन सोमवार को कर दिया गया है। नामांकन की प्रक्रिया भी शांतिपूर्वक तरीके से संपन्न हो गई। पर्चों की नाम वापसी 16 मार्च को होगी।समितियों के डायरेक्टर के लिए आगामी 18 मार्च को सुबह 10:00 बजे से शाम 4:00 बजे तक वोट डाले जाएंगे। मतदान के तत्काल बाद मतों की गिनती कर परिणाम घोषित कर दिए जाएंगे। अगले दिन यानी 19 मार्च को सभापति के लिए चुनाव होगा। एडीओ कॉपरेटिव मेजा से मिली जानकारी के अनुसार खूंटा समिति में 9 नामांकन, तेंदुआ कला में 11, लक्षण का पूरा 9, नेवढ़िया 11, पथरा में कुल 13, कोहड़ार 9, इटावा कला 11, सुजनी समोधा में एक दर्जन लोगों ने डायरेक्टर पद के लिए नामांकन कराया है। उधर मेजा ब्लॉक प्रमुख गायत्री मिश्रा कोहड़ार समिति पर मौजूद रहीं।

### पति और भाई को फर्जी तरीके से फंसा रही पुलिस, सीसीटीवी में दिख रहा शूटर असद नहीं

**प्रयागराज।** अशरफ की पत्नी जैनब रूबी ने बुधवार को मीडियाकर्मियों से कहा कि उसके शौहर अशरफ और भाई को उमेश पाल हत्याकांड में जबरन फंसाया जा रहा है। उनका भाई तो पिछले कई महीनों से घर पर ही है। वह बरेली गया ही नहीं। आज जैसे ही पुलिस को पता चला कि जैनब ने कचहरी में मीडियाकर्मियों को बुलाया है तो कचहरी में सुरक्षा व्यवस्था बढ़ा दी गई। तलाशी की जाने लगी। इसके बाद जैनब ने राजापुर में मीडिया से बात की।जैनब ने कहा कि मां की तबियत कई महीनों से खराब चल रही है। सद्दाम उनकी तीमारदारी में लगा है। चार पांच महीने से वह बरेली नहीं गया। अब उसका भी नाम सामने आ रहा है। उन्होंने कहा कि जांच होनी चाहिए लेकिन उनके मायके वालों को शामिल किया गया, यह गलत बात है। वह अपने शौहर और भाई के लिए इंसाफ की मांग कर रही हैं। उन्होंने कहा कि सीसीटीवी फुटेज में जो गोली मारते दिख रहे हैं, मुझे नहीं लगता है कि उसमें असद है। मैं जब भी असद से मिली हूं, उसके बड़े बाल थे। यह भी कहा कि उनके पति के साथ एसटीएफ कोई भी घटना कर सकती है।

# बसपा संस्थापक कांशीराम के पद चिंन्हों पर चलने का बसपाइयों ने लिया संकल्प

अखंड भारत संदेश

**धूमधाम से मनाई गई बहुजन नायक कांशीराम की जयंती**





**प्रयागराज।** बहुजन समाज पार्टी के संस्थापक मान्यवर कांशीराम का जन्मदिन बसपा कार्यकताओं ने बुधवार को मम्फोर्डगंज स्थित माथुर वैश्य भवन में हर्षो उल्लास के साथ मनाया गया। उक्त अवसर पर मुख्य अतिथि के रूप में मिजार्पुर, प्रयागराज मण्डल के मुख्य जोन इंचार्ज अमरेन्द्र बहादुर भारतीय, राजू गौतम, जगन्नाथ पाल, सतीश जाटव आदि प्रमुख बसपा पदाधिकारी मौजूद रहे। उक्त अवसर पर सनर्थको ने मान्यवर साहेब के बताए रास्ते पर चलने का संकल्प लिया। कार्यक्रम को सम्बोधित करते हुए मुख्य अतिथि अमरेन्द्र बहादुर भारतीय ने मान्यवर मशीहा कांशीराम साहब बाबा साहब को श्रद्धा सुमन अर्पित करते हुए मान्यवर साहब द्वारा दिए गए नारे वोट से लेगें सीएम, पीएम. व आरक्षण से लेगें एसपी,डीएम. जो जमीन सरकारी है, वो जमीन हमारी है, जो बहुजन की बात करेगा वह दिल्ली पर राज करेगा जैसे नारों पर प्रकाश डालते हुए सन्तों गुरूओं, महापुरूषों के सपनों का भारत बनाने के लिए मान्यवर साहब की सोच के आधार पर बहन मायावती को देश का प्रधानमंत्री बनाकर बाबा साहब द्वारा दिए अधिकारों को जमीन पर लागू करना ही साहब को सच्ची श्रद्धांजली होगी।बसपा वरिष्ठ नेता व मुख्य जोन इंचार्ज राजू गौतम ने मान्यवर साहब ने हजारो हजार किलोमीटर साईकिल चलाकर पैदल चलकर इस दलित समाज को राजनैतिक चेतना व अधिकार दिलाने का काम किया व बहन जी के कठिन परिश्रम त्याग व संघर्षो के साथ साथ बसपा की सरकार की योजनाओं के साथ साथ कहा यूपी हुई हमारी है अब दिल्ली की बारी है। जैसे नारों के साथ साथ 2024 में बहन जी के प्रधानमंत्री बनाने पर जोर दिया एवं अपने महत्वपूर्ण वोट को बसपा के पक्ष में करने पर जोर दिया एवं निकाय चुनाव में मेयर के साथ साथ अधिक से अधिक पार्षद, टाउन एरिया के चेयरमैन जिताने का मूल मंत्र दिया। बसपा संस्थापक के जन्मदिन के अवसर पर पूर्व विधायक राजवली जैसल, टी०एन० जैसल, सुशील गौतम के०एल० गौतम , मुलीधर गौतम, सईद चौधरी , राजेश पासी, अतुल कुमार टीटू, सेंधी लाल निर्मल, घनश्याम पटेल, लल्लन, पंकज गौतम, प्रवीण भारती, साबिर सिद्दीकी, मो० वैश, आनन्द, देवली सरोज, मोती लाल अम्बेडकर राजेश तिवारी, बच्चा कुशवाहा, बच्चन पाल, विजय सरोज, राजेश पाल, फूलचन्द्र पाल, हजारो हजार की संख्या में लोग मौजूद रहे।

# डीएम ने की 50 लाख रुपए से अधिक की विकास परियोजनाओं एवं अन्य विकास कार्यों की समीक्षा

अखंड भारत संदेश

**निर्माण कार्यों की प्रगति के बारे में जानकारी लेते हुए कार्य को गुणवत्ता एवं समय से पूरा कराये जाने के दिए निर्देश**

**प्रयागराज।** जिलाधिकारी संजय कुमार खत्री की अध्यक्षता में बुधवार को संगम सभागार में 50 लाख रुपए से अधिक की विकास परियोजनाओं एवं अन्य विकास कार्यों की समीक्षा बैठक आयोजित की गयी। जिलाधिकारी ने अटल आवासीय विद्यालय कोरांव के कार्यों की गुणवत्ता ठीक न पाये जाने पर अधिशाषी अभियंता सी0डी0-1 तथा सहा0 अभियंता सी0डी0-1 का वेतन रोकने के निर्देश दिये है। उन्होंने कार्यों की प्रगति की समीक्षा करते हुए इस माह पूर्ण किये जाने वाले कार्यों की जानकारी लेते हुए सभी कार्यदायी संस्था को निर्देश दिया है कि कार्य को ससमय एवं गुणवत्ता पूर्ण किया जाये। उन्होंने समीक्षा में सेतु निगम, यूपी सिड़को, यूपीपीसीएल यूपीआरएनएसएस, आवास-विकास परिषद सीएण्डडीएस के कार्यों की समीक्षा की। समीक्षा के दौरान सीएनडीएस के अधिशाषी अभियंता के अनुपस्थित रहने पर वेतन रोकने के निर्देश दिये है तथा सीएनडीएस-15 के अभियंता से स्पष्टीकरण प्रस्तुत करने के निर्देश दिये है। जिलाधिकारी श्री संजय कुमार खत्री ने 37 बिंदुओं की समीक्षा बैठक करते हुए अधिशाषी अभियंता सिंचाई नहर प्रखण्ड को रोस्टर के अनुसार निर्धारित समय पर नहरों में टेल तक पानी पहुंचाये जाने की व्यवस्था सुनिश्चित किए जाने का निर्देश दिया है। कृषि विभाग की समीक्षा करते हुए पीएम किसान सम्मान निधि में किसानों के डेटा सुधार का कार्य शीघ्रता से कराये जाने एवं फसल बीमा के सम्बंध में आवश्यक कार्रवाई किए जाने का निर्देश दिया है। पशुपालन विभाग की समीक्षा करते हुए जिलाधिकारी ने निराश्रित गोवंशों के टीकाकरण का कार्य शीघ्रता से पूर्ण कराये जाने का निर्देश मुख्य पशुचिकित्साधिकारी को दिया है। उन्होंने निराश्रित गोवंश आश्रय स्थलों में अनिवार्य रूप से चारा-भूसा इत्यादि की पर्याप्त व्यवस्था बनाये रखने का निर्देश दिया है। जिलाधिकारी ने सामुदायिक शौचालय के निर्माण कार्यों की समीक्षा करते हुए शेष बचे हुए सामुदायिक शौचालयों के निर्माण कार्यों को शीघ्रता से पूर्ण कराये जाने का निर्देश दिया है। कायाकल्प योजना के तहत प्राथमिक स्कूलों में कराये जाने वाले कार्यों की समीक्षा करते हुए जिलाधिकारी ने शेष बचे हुए कार्यों को प्राथमिकता पर कराये जाने का निर्देश दिया है। जिलाधिकारी ने प्रधानमंत्री आवास योजना शहरी तथा प्रधानमंत्री आवास योजना ग्रामीण एवं मुख्यमंत्री आवास योजना के तहत निर्माणाधीन आवासों को शीघ्रता से पूर्ण किए जाने की कार्रवाई सुनिश्चित किए जाने का निर्देश दिया है। बैठक में जिलाधिकारी ने पाइप पेयजल योजनाओं, खाद्यय सुरक्षा, सामूहिक विवाह, कन्या सुमंगला योजना, पेंशन योजनाओं एवं नयी समिति दुग्ध गठन, कौशल विकास द्वारा दिए जा रहे प्रशिक्षण से कितने बच्चों को रोजगार सृजित किया गया कि जानकारी लेते हुए नाराजगी व्यक्त करते हुए कहा कि प्रशिक्षण सही ढंग से नहीं कराया जा रहा है, उस पर विशेष ध्यान दिया जाये। श्रमिक पंजीकरण, प्रधानमंत्री मानधन योजना की जानकारी लेते हुए निर्देशित किया है कि लापरवाही या उदासीनता कत्तई क्षम्य नहीं होगा। जिलाधिकारी ने सभी सम्बंधित विभागों के अधिकारियों को योजनाओं का क्रियान्वयन पारदर्शी ढंग से लक्ष्य के सापेक्ष कराये जाने का निर्देश दिया है। इस अवसर पर पीडीडीआरडीएस एके मौर्य, जिा एवं अर्थ संख्याधिकारी जितेन्द्र कुमार सहित सभी अधिकारी गण उपस्थित रहे।

**श्रीकृष्ण जन्मभूमि विवाद मामला :**

### हाईकोर्ट ने पक्षकारों से 10 दिन में जवाब दाखिल करने को कहा, चार को अगली सुनवाई

**प्रयागराज।** इलाहाबाद हाईकोर्ट ने श्रीकृष्ण जन्म भूमि विवाद मामले के सभी केसों की सुनवाई हाईकोर्ट में कराने की मांग वाली याचिका पर सुनवाई करते हुए सभी पक्षकारों से 10 दिन में जवाब दाखिल करने को कहा है। कोर्ट ने कहा है कि पक्षकारों द्वारा दिए गए जवाब पर प्रत्युत्तर हलफनामा हफ्ते भर में फाइल किया जाए। कोर्ट ने मामले की सुनवाई के लिए चार अप्रैल की तिथि तय की है। यह आदेश न्यायमूर्ति अरविंद कुमार मिश्रा-प्रथम ने भगवान श्रीकृष्ण विराजमान व सात अन्य की याचिका पर सुनवाई करते हुए दिया है।याची के अधिवक्ता की ओर से तर्क दिया गया कि पक्षकार श्रीकृष्ण जन्मभूमि सेवा संघ को नोटिस उपलब्ध करा दिया गया है। इसके बावजूद उनकी ओर से कोई उपस्थित नहीं हुआ है। ऐसा लग रहा है कि वह इसमें शामिल होने के लिए इच्छुक नहीं हैं।इस पर कोर्ट ने उपस्थित होने के लिए सेवा संघ को अंतिम मौका दिया और कहा कि मामले को अनावश्यक रूप से लंबा नहीं खींचा जाना चाहिए। इसलिए सभी पक्षकार 10 दिन के अंदर अपना जवाब दाखिल करें। मामले में याची ने सुन्नी सेंट्रल वक्फ बोर्ड, शाही इमाम मस्जिद इंतजामिया कमेटी सहित चार लोगों को पार्टी बनाया है।

## अतीक के नाबालिग बेटों का नहीं लगा सुराग

अखंड भारत संदेश

**प्रयागराज।** जिला न्यायालय में बुधवार को तिहरे हत्याकांड मामले में शाइस्ता परवीन के प्रार्थना पत्र पर बुधवार को फिर सुनवाई हुई। मुख्य न्यायिक मजिस्ट्रेट दिनेश कुमार गौतम ने धूमनगंज थाना प्रभारी द्वारा अदालत के समक्ष बंद लिफाफे में पेश की गई आख्या को वापस करते हुए यह आदेश दिया कि थाना प्रभारी कोर्ट में खुली रिपोर्ट पेश करें। मामले की सुनवाई के लिए 17 मार्च की तिथि नियत की गई है।हत्याकांड मामले में धूमनगंज थाने की ओर से 13 मार्च को कोर्ट में पुलिस द्वारा सीलबंद लिफाफे में रिपोर्ट पेश की गई थी, जिसमें यह कहा गया कि आवेदिका उक्त मामले में घोषित इनामी अभियुक्त है और माफिया परिवार की है। ऐसी दशा में उसकी दुश्मनी होने से इन्कार नहीं किया जा सकता है। इस कारण आवेदिका द्वारा दाखिल अर्जी के संदर्भ में लिखित आख्या को गोपनीय रखते हुए एक बंद लिफाफे में प्रेषित की जा रही है और यह भी कहा कि आवेदिका के दोनों पुत्र बाल संरक्षण गृह में दाखिल कराए गए हैं।

**अशरफ और मंसूर की अर्जी पर धूमनगंज थाने ने नहीं पेश की रिपोर्ट :** पूर्व विधायक खालिद अजीम उर्फ अशरफ तथा उसके ससुर मंसूर अहमद के प्रार्थना पत्रों पर धूमनगंज थाने ने मुख्य न्यायिक मजिस्ट्रेट की अदालत में बुधवार को कोई रिपोर्ट पेश नहीं की गई। इस पर न्यायालय ने एक अवसर प्रदान कर 17 मार्च को सुनवाई के लिए मामला पेश करने का आदेश दिया है।अशरफ की ओर से पेश अर्जी में न्यायालय से मांग की गई है कि वीडियो कांफ्रेंसिंग से न्यायिक अभिरक्षा की कार्यवाही की जाए। अशरफ के ससुर मंसूर अहमद की ओर से पेश प्रार्थना पत्र में कहा गया है कि उनकी बेटी और नातिन को पुलिस वाले घर से उठाकर ले गए हैं, उनका कोई पता नही चल रहा है। इसलिए न्यायालय दंड प्रक्रिया संहिता की धारा 97 व 98 में दिए गए अधिकारों का प्रयोग करते हुए एक उचित आदेश महिला और नाबालिग बच्ची के संबंध में पारित करे। न्यायालय ने इन दोनों ही प्रार्थना पत्रों पर धूमनगंज थाने से आख्या तलब की थी।

**जेल अधीक्षक बरेली को विस्तृत रिपोर्ट पेश करने का दिया आदेश :** एमपी एमएलए कोर्ट के विशेष न्यायाधीश नवनीत सिंह ने उमेश पाल हत्याकांड के आरोपी खालिद अजीम उर्फ अशरफ की अर्जी पर जिला जेल बरेली के अधीक्षक को आदेश दिया है कि मामले में अपनी विस्तृत रिपोर्ट 17 मार्च तक प्रस्तुत करें।अर्जी में कहा गया है कि न्यायालय के आदेश के अनुपालन में उसे न्यायिक अभिरक्षा में विभिन्न मुकदमों में रखा गया है। वर्तमान में बरेली जिले की जिला जेल तिथि में निरुद्ध किया गया है। विभिन्न मुकदमों में अपनी प्रतिरक्षा करनी है। जब अधिवक्ता जेल में मुलाकात करते हैं। उस दौरान जेल के अधिकारी, एलआईयू के अधिकारी उपस्थित रहते हैं।बातों को सुनते हैं तथा हस्तक्षेप करते हैं।


## कार्यालय ग्राम पंचायत पिलखिनी वि. ख. प्रतापपुर, प्रयागराज

**(अल्पकालीन निविदा सूचना)**

सर्वसाधारण को सूचित किया जाता है कि ग्राम पंचायत पिलखिनी में वित्तीय वर्ष 2022–23 के अन्तर्गत पंचम राज्य वित्त एवं पन्द्रहवां, केन्द्रीय वित्त आयोग/मनरेगा योजनान्तर्गत, इण्टलाकिंग, पक्की नाली निर्माण, इत्यादि कार्यो हेतु अल्पकालीन सील बन्द निविदा दिनांक 16.03.2023 से 20.03.2023 को पूर्वाह्न 11 बजे तक कार्यालय कार्यदिवस में आमंत्रित की जाती हैं। निविदा दिनांक 21.03.2023 को अपराह्न 4 बजे तक निविदादाताओं के सम्मुख अद्योहस्ताक्षरी द्वारा गठित कमेटी के समक्ष खोला जायेगा। नर्धारित समय सीमा के बाद प्राप्त निविदाओं पर कोई विचार नहीं किया जायेगा। ग्राम पंचायत/गठित समिति को यह अधिकार होगा कि वह बिना कारण बताए किसी एक या सभी निविदादाताओं की निविदा को स्वीकृत या अस्वीकृत कर सकता है। निविदा फार्म के साथ 2% अर्नेस्ट मनी जमा करना होगा शेष 8% अनुबन्ध से पूर्व देय होगा। कार्य का विवरण निम्नवत है। कार्य का विवरण निम्नवत है–

| क्र0 | कार्य का नाम | प्राक्लन की अनुमानित धनराशि | अनुमानित समय |
|---|---|---|---|
| 1. | बाबा साहब स्थल से महेन्द्र के घर होते हुए राजाराम के घर तक इण्टरलाकिंग कार्य | 3.50 लाख | 1 माह |
| 2. | बाबा साहब स्थल से महेन्द्र के घर तक इण्टरलाकिंग कार्य | 3.84 लाख | 1 माह |
| 3. | महेन्द्र के घर से राजाराम के घर तक इण्टरलाकिंग कार्य | 3.50 लाख | 1 माह |
| 4. | बाबा साहब स्थल से महेन्द्र के घर तक पक्की नाली कार्य | 1.00 लाख | 15 दिन |
| 5. | देवी लाल के कुआं से नाला तक पक्की नाली निर्माण | 0.85 लाख | 15 दिन |

शशिकला मिश्र<br>(ग्राम प्रधान)<br>ग्राम पंचायत पिलखिनी<br>वि. ख. प्रतापपुर, प्रयागराज

कुलदीप कुमार यादव<br>ग्राम पंचायत अधिकारी<br>ग्राम पंचायत पिलखिनी<br>वि. ख. प्रतापपुर, प्रयागराज।

पत्रांक– मेमो/ग्रा.पं./राज्य वित्त/केन्द्रीय वित्त/मनरेगा, टेण्डर 2022–23 दिनांक 15.03.2023




## संघ मंत्री रामप्रताप पांडेय की अध्यक्षता में कताई मिल मजदूर संघ इकाई मेजा की बैठक संपन्न

**मेजा रोड।** यूनियन मजदूर संघ के नेतृत्व में कताई मिल मजदूर संघ इकाई मेजा की बुधवार को एक बैठक संघ के मंत्री रामप्रताप पांडेय की अध्यक्षता में तहसील मुख्यालय मेजा पर संपन्न हुई, जिसमें यूनियन द्वारा की गई पिछली कार्यवाहियों पर चर्चा की गई। चर्चा के दौरान यूनियन के मंत्री एवं श्रमिकों ने वरिष्ठ भाजपा नेता योगेश शुक्ला के प्रयास की सराहना की गई तथा उत्तर प्रदेश सरकार द्वारा औद्योगिक विकास हेतु दिए गए बजट पर माननीय मुख्यमंत्री एवं माननीय उद्योग मंत्री को धन्यवाद दिया गया। इसी कड़ी में विगत दिनों मेजा कताई मिल के कार्मिकों की विभिन्न समस्याओं के समाधान हेतु त्रिपक्षी वार्ता कराए जाने हेतु 86 दिनों से धरना रत श्रमिकों का धरना माननीय उद्योग मंत्री द्वारा त्रिपक्षीय वार्ता कराए जाने के आश्वासन के उपरांत आंदोलन स्थगित कर दिया गया। किंतु श्रमिकों की न्यायोचित देय धन राशि के भुगतान हेतु अभी तक सरकार द्वारा त्रिपक्षीय वार्ता नहीं के कराई गई। बैठक में बताया गया कि 16 मार्च 2023 को भारतीय मजदूर संघ द्वारा मेजा कताई मिल के श्रमिकों की विभिन्न समस्याओं के समाधान हेतु जिलाधिकारी प्रयागराज के समक्ष माननीय मुख्यमंत्री जी के नाम त्रिपक्षीय वार्ता कराए जाने हेतु ज्ञापन दिया जाएगा। कताई मिल मजदूर से जिलाधिकारी प्रयागराज कार्यालय पर अधिक से अधिक संख्या में पहुंचने की अपील की गई । बैठक में रघुनंदन प्रसाद गुप्ता, कृपाशंकर शुक्ला, सूर्यमणि यादव, कड़े नाथ पांडे, छोटेलाल पटेल, विश्वनाथ निषाद, श्री नारायण शुक्ला आदि श्रमिक उपस्थित रहे।

# गृहकर वसूली में 19 दुकानें हुईं सील

अखंड भारत संदेश



**प्रयागराज।** वित्तीय वर्ष 2022-23 समाप्त होने के दृष्टिगत प्रथम, द्वितीय एवं तृतीय फेज में कुल 809 भवन स्वामियों के गृहकर बकाया धनराशि रू0-15.17 करोड की सापेक्ष बकायेदारों द्वारा गृहकर की वसूली हेतु कुर्की की कार्यवाही कराये जाने के आदेश नगर आयुक्त नगर निगम प्रयागराज द्वारा अनुमति प्रदान की गयी है। जिसकी सूची का प्रकाशन दैनिक समाचार पत्रों में कराया गया है। सामाचार पत्रों में कुर्की नोटिस की सूचना प्रकाशित होने के उपरान्त भी जिन भवन स्वामियों द्वारा कुर्की नोटिस पर गम्भीरतापूर्वक संज्ञान नही लिया गया, उनपर विधिक कार्यवाही करने हेतु नगर आयुक्त नगर निगम, प्रयागराज द्वारा मुख्य कर निर्धारण अधिकारी पी0के0द्विवेदी को जोनवार टीम गठित कराते हुये मौके पर पुलिस बल के साथ बकायेदारों के विरूद्ध भवनों के अटैचमेन्ट/सीलिंग की कार्यवाही हेतु निर्देशित किया गया है। जिसके अनुपालन में आज दिनांक 15 मार्च 2023 कुर्की कार्यवाई के दौरान जोन-4 अल्लापुर, में स्थित भवन संख्या- 913/678 भवन स्वामिनी-श्रीमती रेखा साहू, निवासी-कृष्णानगर कीडगंज प्रयागराज पर गृहकर की बकाया धनराशि रू0-7,13,239.00 का भुगतान नही किया गया, जिसके दृष्टिगत उक्त भवन में स्थित सभी 19 दुकानों पर सीलिंग की कार्यवाई करते हुए उसे सील बन्द किया गया। नगर निगम प्रयागराज द्वारा स्पष्ट रूप से संदेश देने का प्रयास किया कि जिन भवन स्वामियों द्वारा पिछले 8-10 वर्षों से गृहकर की धनराशि जमा नही की है उन गृहकर बकाया भवन स्वामिया से अपील है कि इस वित्तीय वर्ष के अन्त तक अपना-अपना गृहकर की धनराशि निगम कोष में जमा करा दें।उक्त कार्यवाही मुख्य कर निर्धारण अधिकारी पी0के0द्विवेदी के नेतृत्व में गठित टीम एवं जोन-4 अल्लापुर के कर अधीक्षक, वसूली टीम के साथ नगर निगम दस्ता बल भी उपस्थित रहे।

# छात्र-छात्राओं को टैबलेट देना सरकार का सराहनीय कदमः राजा अनिल

## पीबीपीजी कालेज में 255 छात्र-छात्राओं को वितरित हुआ टैबलेट व स्मार्टफोन

अखंड भारत संदेश

**प्रतापगढ़।** प्रताप बहादुर स्नातकोत्तर महाविद्यालय प्रतापगढ़ सिटी के प्रांगण में उत्तर प्रदेश सरकार द्वारा संचालित स्वामी विवेकानंद युवा सशक्तिकरण योजना अंतर्गत स्मार्टफोन एवं टेबलेट वितरण कार्यक्रम का शुभारंभ मुख्य अतिथि भाजपा के वरिष्ठ नेता राजा अनिल प्रताप सिंह द्वारा मां सरस्वती के चित्र पर माल्यार्पण एवं दीप प्रज्वलन करके किया गया।

महाविद्यालय में स्मार्टफोन टेबलेट वितरण कार्यक्रम के द्वितीय चरण में परास्नातक के अंतिम वर्ष के कुल 255 छात्र छात्राओं को टेबलेट वितरण किया गया जिसमें एम०ए० प्राचीन इतिहास के 57 छात्र छात्राओं को राजनीति विज्ञान के 76, अर्थशास्त्र के 13 हिंदी के 25 समाजशास्त्र के 40 एवं एमएससी भौतिक विज्ञान के 20 रसायन विज्ञान के 10 वनस्पति विज्ञान के 5 तथा गणित के 9 छात्र छात्राओं को लाभान्वित किया गया।

छात्रों को संबोधित करते हुए मुख्य अतिथि के रूप में राजा अनिल प्रताप सिंह ने कहा कि युवाओं को सशक्त बनाने के लिए मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ की सरकार का यह एक सराहनीय कदम है जो भविष्य में छात्र-छात्राओं के लिए तकनीकी रूप से डिजिटल साक्षरता की दिशा में मील का पत्थर साबित होगा। युवाओं के प्रेरणा स्रोत स्वामी विवेकानंद के सपनों का भारत एक उन्नत भारत की सक्षम पीढ़ी के निर्माण में उत्तर प्रदेश सरकार



छात्र को स्मार्टफोन देते भाजपा नेता राजा अनिल प्रताप सिंह।

डिजिटल साक्षरता हेतु अनेक महत्वाकांक्षी योजनाओं का संचालन कर रही है जिसका सीधा लाभ युवाओं के हाथों में पहुंच रहा है। महाविद्यालय के वितरण कार्यक्रम के नोडल अधिकारी प्रोफेसर ब्रह्मानंद प्रताप सिंह ने कहा कि सरकार द्वारा दिया गया यह उपकरण आधुनिक शिक्षा के संवर्धन एवं विकास में अत्यंत महत्वपूर्ण है उन्होंने छात्रों को इस उपकरण के सदुपयोग से अपनी शिक्षा को तकनीकी रूप से उन्नत बनाने के लिए प्रेरित किया। आभार उद्बोधन करते हुए महाविद्यालय के प्राचार्य प्रोफेसर अमित कुमार श्रीवास्तव ने कहा कि यह उपकरण शिक्षार्थियों के सर्वांगीण एवं सर्वोत्कृष्ट विकास का वह सशक्त माध्यम है जो युवा पीढ़ी को वैश्विक स्तर पर राष्ट्र शक्ति के रूप में स्थापित करता है यह महाविद्यालय छात्रों के सतत विकास के लिए सदैव तत्पर रहता है और छात्र हित इसका मूल मंत्र है। कार्यक्रम का संचालन डॉ० धर्मेंद्र प्रताप सिंह ने किया इस अवसर पर महाविद्यालय के मुख्य नियंता डॉ राजीव कुमार सिंह पूर्व प्राचार्य डॉ बृजभानु सिंह डॉक्टर रामराज डॉ देवेश सिंह अजीत सिंह श्री दिनेश कुमार,श्री नीरज पांडे डॉक्टर अमृता सिंह डॉ कुलदीप राकेश सिंह डॉ० जितेन्द्र कुमार सैनी डॉक्टर के० के० सिंह चंद्रमा सिंह, रश्मि सिंह डॉ निहारिका श्रीवास्तव डॉक्टर, नीरज त्रिपाठी डॉ भावना सिंह डॉ० रेनू सिंह डॉ०वर्षा जायसवाल डॉ०प्रीति श्रीवास्तव ,डॉ आशुतोष श्रीवास्तव डॉक्टर शिव प्रताप सिंह, डॉ०प्रीति श्रीवास्तव सूरजपाल सिंह, सहदेव सिंह सुमित सिंह संतोष कुमार सिंह बालेंद्र भूषण सिंह संकल्प सिंह संदीप मौर्य धीरेंद्र सिंह प्रमोद मौर्य आदि लोग उपस्थित रहे।

# अनियमितता को लेकर स्वयं सहायता समूह की महिलाओं ने बीडीओ को सौंपा ज्ञापन

अखंड भारत संदेश

**लालगंज, प्रतापगढ़।** स्वयं सहायता समूह की महिलाओं ने आंगनबाडी कार्यकत्रियों पर पुष्टाहार वितरण में अनियमितता का आरोप लगाया है। मामले को लेकर बुधवार को समूह की महिलाओं ने लक्ष्मणपुर खण्ड विकास अधिकारी को ज्ञापन देकर उचित कार्रवाई की मांग उठाई है। विकासखण्ड लक्ष्मणपुर की ग्राम पंचायत रेडी अर्न्तगत संचालित प्रभु जी आजीविका स्वयं सहायता समूह की महिलाओं ने बीडीओ शैलेन्द्र सिंह को ज्ञापन देकर आरोप लगाया है कि शासन के निर्देश पर आंगनबाडी कार्यकत्रियो व समूह की महिलाओं द्वारा एक साथ गांव गांव जाकर पात्रों को पुष्टाहार का वितरण करना होता है। लेकिन आंगनबाडी कार्यकत्रियां हमारे समूह को साथ मे लिए बिना ही पुष्टाहार का वितरण कर देती हैं। यही नही आंगबाडी कार्यकत्रियों द्वारा पुष्टाहार के वितरण मे बडे पैमाने पर अनियमितता भी बरती जा रही है। मामले मे बात करने पर आंगनबाडी कार्यकत्रियों द्वारा अभद्र व्यवहार किया जाता है। समूह की महिलाओं सीमा, माधुरी, गुडडी आदि ने बीडीओ शैलेन्द्र सिंह को ज्ञापन सौंपकर मामले की जांच कराकर दोषियो के खिलाफ कार्रवाई की मांग उठाई है।

# फास्ट फूड की दुकान में लगी आग, मची अफरातफरी

## गैस सिलेंडर की पाइप फटने से हुई घटना

अखंड भारत संदेश

**लालगंज, प्रतापगढ़।** बुधवार को दोपहर बाद गैस सिलेंडर की पाइप अचानक फट जाने के कारण फास्ट फूड की दुकान में आग लग गई। आग की लपट को देखकर एनएच पर अफरातफरी मच गई। स्थानीय कोतवाली क्षेत्र के लखनऊ-वाराणसी राजमार्ग पर स्थिति रानीगंज कैथौला बाजार में उदयपुर थाना क्षेत्र के उछापुर निवासी अर्जुन पटेल ठेले पर फास्ट फूड की दुकान चलाता है।

बुधवार को दोपहर में सिलेंडर की पाइप फट गई। दुकानदार के बचाव करते-करते आग ने बगल में रखे दूसरे सिलेंडर के साथ ही ठेले को भी अपने आगोश में ले





आग से जलती फास्ट फूड की दुकान।

लिया। आग के भयानक रूप को देखते हुए अगल बगल के लोग अपनी दुकान बंद करके भाग निकले, वहीं एनएच पर भगदड़ मच गई। साप्ताहिक बाजार होने के कारण लोगो के आवागमन से काफी भीड़ थी। आग की लपटों को देखकर लोग सड़क पर भागते हुए नजर आए। जानकारी होने पर सामने स्थित क्लिनिक के डा० मो० शमीम ने क्लीनिक में रखे आग बुझाने वाले सिलेंडर को लेकर तुरंत बाहर निकले और फास्ट फूड की दुकान पर जाकर आग बुझाने में जुट गए और कडी मशक्कत के बाद किसी तरह आग पर काबू पाया। उसके बाद लोगो ने राहत की सांस ली। हालाकि डॉ० मो० शमीम की मेहनत की वजह से कोई हानि नहीं हुई। वहीं लोगों ने उन्हें धन्यवाद दिया। उसके बाद पुलिस भी मौके पर पहुंच गई और दुकानदार को लेकर चैकी चली गई।

# नहीं रहे वरिष्ठ पत्रकार दिनेश सिंह, पत्रकारों, नेताओं व समाजसेवी ने जताया शोक

अखंड भारत संदेश

**प्रतापगढ़।** वरिष्ठ पत्रकार दिनेश सिंह (50 वर्ष) का देर रात लखनऊ के एक अस्पताल में निधन हो गया। वह विगत तीन माह से बीमार थे। उनका उपचार लखनऊ में हो रहा था जहां मंगलवार की रात उन्होंने अंतिम सांस ली।

बुधवार की भोर में उनका शव नगर के मीरा भवन के निकट सेनानी नगर में उनके आवास पर लगाया गया, जहां पत्रकारों व नेताओं ने उनके आवास पर पहुंचकर उन्हें श्रद्धा सुमन अर्पित किया तथा घरवालों को ढांढस बंधाया। सदर विधायक राजेन्द्र मौर्य, पूर्व विधायक हरिप्रताप सिंह



दिनेश सिंह (फाइल फोटो)।

सहित बड़ी संख्या में लोगों श्रद्धा सुमन चढ़ाये। पत्रकारों में शैलेन्द्र मिश्र, रमेश त्रिपाठी, राजन शुक्ल, हरिकेश मिश्र, जान मोहम्मद, सुमित मिश्रा, सुधीर जायसवाल, प्रवीण यादव, संजय श्रीवास्तव, यादवेन्द्र सिंह ओम, गिरीश त्रिपाठी, विकास त्रिपाठी, संतोष भगवन, धर्मेन्द्र सिंह, षिवषंकर सिंह, गिरीश ओझा, अनवर हुसैन खां आदि ने गहरा शोक व्यक्त किया। बुधवार को अपरान्ह में दिनेश का पार्थिव शरीर रसूलाबाद घाट पर अग्नि को समर्पित कर दिया गया। दिनेश सिंह के पुत्र अनिरेत सिंह ने मुखाग्नि दी। दिवंगत पत्रकार दिनेष सिंह अपने पीछे पत्नी, एक पुत्र तथा दो पुत्रियां (अविवाहित) दुनिया छोड़कर चले गये।

## दिनेश सिंह के निधन पर क्लब ने जताया शोक

अखंड भारत संदेश

**प्रतापगढ़।** एलायंस क्लब इंटरनेशनल प्रतापगढ़ की एक बैठक क्लब के डायरेक्टर रोशनलाल उमरवैश्य की अध्यक्षता में संपन्न हुई। बैठक में मुख्य रूप से वरिष्ठ पत्रकार दिनेश सिंह के आकस्मिक निधन पर गहरा दुख व्यक्त किया गया। क्लब के डायरेक्टर रोशनलाल उमरवैश्य ने कहा कि दिनेश सिंह जी के निधन से जिले ने एक बेबाक वरिष्ठ पत्रकार को खो दिया है। जिसकी कमी सदैव रहेगी। भगवान से प्रार्थना है कि इस दुख की घड़ी में परिवार को सहन शक्ति प्रदान करें। अंत में दो मिनट का मौन रखा गया। मृत आत्मा की शांति के लिए ईश्वर से प्रार्थना की गई। शोक व्यक्त करने वालों में सुरेश अग्रवाल, छेदीलाल, संतोष कुमार, देवानंद, डॉ दयाराम मौर्य, विवेक कुमार, राजीव कुमार आर्य, संजय खंडेलवाल, आनंद मोहन ओझा, देवेंद्र गुप्ता आदि उपस्थित रहे।

## भट्ठा मालिक ने मजदूर परिवार को पीटा

**प्रतापगढ़।** थाना जेठवारा ग्राम दौलतपुर में दबंग भट्ठा मालिक की दबंगई सामने आई है। उस पर मजदूर परिवार को दौड़ा दौड़ा कर पीटने का आरोप लगाया गया है। मजदूरों को लाने गयी मैजिक डाला चालक को अधमरा किया गया तथा बंधक बनाकर मजदूरों के मोबाइल छीने गये। मजदूर परिवार के द्वारा दी गयी तहरीर को फाड़ने का आरोप भी लगाया गया।

## सीबीएसई की परीक्षा में नौ परीक्षार्थी रहे अनुपस्थित

**लालगंज प्रतापगढ़।** अझारा स्थित पं. नागेशदत्त पब्लिक स्कूल में बुधवार को सीबीएसई बोर्ड हाईस्कूल की परीक्षा सकुशल सम्पन्न हुई। सीबीएसई बोर्ड हाईस्कूल के सोशल साइन्स विषय की परीक्षा में कुल छः सौ सतासी परीक्षार्थी नामांकित रहे जिसमे से छः सौ अठहत्तर परीक्षार्थियों ने परीक्षा दी। कुल नौ परीक्षार्थी अनुपस्थित रहे। केन्द्र व्यवस्थापक प्रधानाचार्य एसएन त्रिपाठी ने बताया कि परीक्षा सकुशल सम्पन्न हुई।

# उत्तर पुस्तिकाओं का मूल्यांकन केन्द्रों पर पहुंचना शुरू

## 18 मार्च से पांच मूल्यांकन केन्द्रों पर होगा मूल्यांकन

अखंड भारत संदेश

**प्रतापगढ़।** उत्तर प्रदेश माध्यमिक शिक्षा परिषद ने हाईस्कूल व इंटर की उत्तर पुस्तिकाओं के मूल्यांकन के लिये जनपद में पांच मूल्यांकन केंद्र बनाये हैं जिनमें राजकीय इंटर कालेज, राजकीय बालिका इंटर कालेज, केपी हिन्दू इंटर कालेज, तिलक इंटर कालेज तथा पीबी इंटर कालेज में उत्तर पुस्तिकाओं का मूल्यांकन 18 मार्च से किया जाएगा। इसके लिये मूल्यांकन केन्द्रों से ट्रकों से उत्तर पुस्तिकाओं का पहुंचना शुरू हो गया है। उत्तर पुस्तिकाओं के ठीक से रखरखाव के लिये मूल्यांकन केन्द्रों पर कोठार बनाये गये हैं जिसके प्रभारी षिक्षक बनाये गये हैं तथा चतुर्थ श्रेणी कर्मचारी उत्तर पुस्तिकाओं को क्रम से कोठार में रखते हैं। उत्तर पुस्तिकाओं को क्रम से रखने में भी सावधानी बरती जाती है। इसके लिये कोठार में अनुभवी षिक्षक की ड्यूटी लगाई जाती है। अनुमान है कि मार्च के अंत तक या अप्रैल के प्रथम सप्ताह तक उत्तर पुस्तिकाओं का मूल्यांकन



ट्रकों से मूल्यांकन केन्द्र पर उत्तर पुस्तिका पहुंचाते चतुर्थ श्रेणी कर्मचारी।

जनपद में पूरा हो जाएगा। बुधवार को राजकीय इंटर कालेज में उत्तर पुस्तिकाएं ट्रक से उतारी जा रही थीं जिसे कोठार में मौजूद प्रभारी षिक्षक के निर्देषन में चतुर्थ श्रेणी कर्मचारी उत्तर पुस्तिकाओं के बण्डल को क्रम से रखने का कार्य कर रहे थे।

# अंजना पालीटेक्निक कालेज में आयोजित रोजगार मेले में 159 का चयन

## जिला सेवायोजन कार्यालय द्वारा लगा रोजगार मेला

अखंड भारत संदेश

**प्रतापगढ़।** जिला सेवायोजन कार्यालय द्वारा अंजना पालीटेक्निक कालेज सकरौली मादूपुर में रोजगार मेले में साक्षात्कार के लिए युवाओं की भीड़ उमड़ी। जिला सेवायोजन अधिकारी विजय बहादुर सिंह सेंगर के संयोजन में लगे रोजगार मेले में 159 अभ्यर्थी चयनित किए गए।

रिडेक्स इंटरप्राइजेज प्राइवेट लिमिटेड द्वारा 18, जी फोर एस सिक्योर सेल्युशन इंटर प्राइवेट लिमिटेड में 17, ब्राइड फ्यूचर आर्गनिक हर्बल एंड आयुर्वेदिक प्राइवेट लिमिटेड कंपनी में 33, सेफ एक्सप्रेस आफ लॉजिस्टिक कंपनी द्वारा 42, कैरियर विजर्ड तथा सेल्समैन कॉपरेशन प्राइवेट लिमिटेड में 49 पदों पर सिक्योरिटी गार्ड, सेल्स मार्केटिंग क्षेत्र में ब्लाक



रोजगार मेले में मौजूद अंजना पालीटेक्निक की छात्र-छात्राए।

आफिसर, सेल्स आफिसर, लाजिस्टिक्स क्षेत्र में आपरेशन असिटेन्ट, कैरियर विजर्ड तथा सेल्समैन सहित विभिन्न पदों पर अभ्यर्थी चयनित किए गए। सुरेंद्र तिवारी प्रशांत पांडेय, मो. हाशिम, लवकुश दुबे,जावेद अहमद, राजीव कुमार ने साक्षात्कार पैनल में शामिल रहे।जिला सेवायोजन अधिकारी विजय बहादुर सिंह सेंगर, निदेशक संजय सिंह, प्रधानाचार्य रंजन सिंह ने चयनित अभ्यर्थियों को बधाई दी। चेयरपर्सन डा. अंजना सिंह सेंगर ने उज्वल भविष्य की मंगलकामनाएं दी। संचालन राजीव यादव, शुभम ओझा ने किया। फौजदार सिंह, आरबी यादव, उदय सिंह, राम अचल मौर्य, विपुल सिंह आदि मौजूद रहे।

## आधा दर्जन लोगों के खिलाफ पशु क्रूरता निवारण अधिनियम का दर्ज हुआ मुकदमा

अखंड भारत संदेश

**लालगंज, प्रतापगढ़।** उदयपुर पुलिस ने आधा दर्जन लोगों के खिलाफ पशु क्रूरता निवारण अधिनियम के अर्न्तगत मुकदमा दर्ज किया है। उदयपुर थाना के दरोगा चन्द्रभान यादव मंगलवार की भोर मे करीब साढे चार बजे हमराहियों के साथ गश्त पर निकले थे। इसी बीच मुखबिर से सूचना मिली कि कुछ गो तश्कर शिवबोध का पुरवा दौलतपुर स्थित जंगल मे एक ट्रक पर मवेशियो को लाद रहे हैं। सूचना मिलते ही आननफानन में जंगल मे पहुंचकर पुलिस ने घेराबंदी शुरू की। पुलिस की घेराबंदी की भनक लगते ही गो तश्कर ट्रक को छोडकर मौके से भाग निकले। पुलिस ने मौके से बरामद इक्कीस मवेशियो को गोशाला केन्द्र भेजवाया। वहीं ट्रक को थाने ले आयी। दरोगा चंद्रभान यादव की तहरीर पर पुलिस ने आधा दर्जन अज्ञात गोतश्करो के खिलाफ पशु क्रूरता निवारण अधिनियम का मुकदमा दर्ज किया है।

# भक्त की भक्ति परीक्षा में भगवान की निहित होती है कृपाः पं. वाचस्पति शुक्ल

अखंड भारत संदेश

**लालगंज, प्रतापगढ़।** नगर के सरस्वती विद्या मंदिर मार्ग पर हो रही श्रीमद्भागवत कथा ज्ञान यज्ञ में बुधवार को कथा श्रवण के लिए महिलाओं समेत श्रद्धालुओं का उत्साहजनक संगम दिखा। कथाव्यास आचार्य पं. वाचस्पति शुक्ल ने कहा कि भगवान हर समय दयालु भाव में अपने भक्त की रक्षा किया करते है। उन्होनें कहा कि प्रभु के नाम का सुमिरन करने वाले प्राणी का सदैव कल्याण हुआ करता है। आचार्य शुक्ल ने कहा कि भगवान भक्त की भक्ति परीक्षा लेते समय भी सदैव उसके मंगल साधना के व्रत को पूर्ण कराया करते है। श्रद्धालुओ को कथा का मर्म समझाते हुए वाचस्पति जी ने कहा कि संकट या विप×ि के समय भी बिना विचलित हुए अपने आराध्य देव की पूजा समर्पण भाव से जारी रखनी चाहिए। आराधना एक ऐसी शक्ति है जो समस्त विपत्तियों का हरण कर लिया करती है। कथा की संयोजिका सुशीला शुक्ला एवं प्रदीप शुक्ल ने व्यासपीठ का विधिविधान से पूजन अर्चन किया। इस मौके पर कृष्ण कुमार शुक्ल, अंशू शुक्ला, श्रीनाथ तिवारी, विनोद सोनी, आशीष शुक्ला, शेष तिवारी, बच्चा तिवारी, लवकुश शुक्ल, किरन शुक्ला, हरिमोहन यादव, राजकुमार विश्वकर्मा, केशवराम ओझा, राकेश तिवारी आदि रहे।

## करंट से छात्रा झुलसी, प्रयागराज रेफर

**बिहारगंज, प्रतापगढ़।** अंतू थाना क्षेत्र के बिहारगंजार के इंटर कालेज की छात्रा को 11000 लाइन ने करंट मार दिया जिससे वह गंभीर रुप से झुलस गई। बताया जाता है कि झगडू प्रसाद विश्वकर्मा की नातिन व अजय विश्वकर्मा की बेटी एक इंटरमीडिएट कालेज की छात्रा है। वह स्कूल की छत पर चढ़ रही थी, इसी तरह करंट की चपेट में आने से वह गंभीर रुप से झुलस गयी। बिहारगंज से प्रतापगढ़ जिला अस्पताल ले जाया गया वहां से इलाहाबाद के लिए रेफर कर दिया।

# शैक्षिक एवं सामाजिक उत्थान में प्रो. गिरिजाशंकर शुक्ल का विचार दर्शन अप्रतिमः एसडीएम

## लालगंज में मनायी गयी हिन्दी विद्वान प्रो. शुक्ल की समारोहपूर्वक जयंती

अखंड भारत संदेश

**लालगंज प्रतापगढ़।** स्थानीय तहसील सभागार में बुधवार को शिक्षाविद् एवं समाजसेवी प्रो. गिरिजाशंकर शुक्ल की 83वीं जयंती समारोहपूर्वक मनायी गयी। वह नगर स्थित बहुगुणा पीजी कालेज में हिन्दी विभागाध्यक्ष तथा महाविद्यालय शिक्षक संघ के जिलाध्यक्ष भी थे। संयुक्त अधिवक्ता संघ द्वारा आयोजित कार्यक्रम का शुभारंभ एसडीएम उदयभान सिंह व तहसीलदार धीरेन्द्र प्रताप सिंह द्वारा प्रो. शुक्ल के चित्र पर माल्यार्पण कर किया गया।

कार्यक्रम को संबोधित करते हुए एसडीएम उदयभान सिंह ने कहा कि शिक्षा समाज की सबसे बडी पूंजी हुआ करती है। उन्होनें कहा कि प्रो. शुक्ल जैसे मनीषियों ने शिक्षा की गुणवत्ता तथा मेधावियो के सुदृढ़ भविष्य निर्माण में प्रेरणास्पद चिंतन दे रखा है। उन्होनें प्रो. गिरिजाशंकर शुक्ल के द्वारा हिन्दी साहित्य तथा संस्कृत के पुनरोत्थान में दिये गये योगदान को अनुकरणीय ठहराया। विशिष्ट अतिथि तहसीलदार धीरेन्द्र प्रताप सिंह ने कहा कि शिक्षित समाज



गिरजाशकर शुक्ल को श्रद्धांजलि अर्पित करते एसडीएम।

ही देश के बहुमुखी विकास का स्तम्भ हुआ करता है। उन्होनें भी उच्च शिक्षा के क्षेत्र मे हिन्दी विद्वान प्रो. शुक्ल के कृतित्व व व्यक्तित्व को नई पीढ़ी के लिए अनुकरणीय ठहराया।

तहसीलदार न्यायिक सुप्रिया चतुर्वेदी ने भी हिन्दी साहित्य के उ×रोत्तर विकास में प्रो. शुक्ल जैसे विद्वानों की महती भूमिका को स्मरणीय कहा। कार्यक्रम की अध्यक्षता करते हुए संयुक्त अधिवक्ता संघ के अध्यक्ष अनिल त्रिपाठी महेश ने भी लालगंज अंचल मे शैक्षिक माहौल की प्रारंभिक मजबूती में गिरिजाशंकर शुक्ल के सामाजिक योगदान को अतुलनीय कहा। प्रारम्भ मे प्रो. शुक्ल के ज्येष्ठ सुपुत्र व लखनऊ विश्वविद्यालय के रक्षा अध्ययन विभागाध्यक्ष प्रो. डॉ. ओमप्रकाश शुक्ल ने अतिथियों का स्वागत व कनिष्ठ पुत्र एवं रूरल बार के राष्ट्रीय अध्यक्ष ज्ञानप्रकाश शुक्ल ने आभार जताया। समारोह का संचालन राज्य कर्मचारी महासंघ के अध्यक्ष रामलोचन त्रिपाठी ने किया। पूर्व अध्यक्ष एवं कार्यक्रम के संयोजक बेनीलाल शुक्ल ने प्रो. शुक्ल के जीवन दर्शन पर प्रकाश डाला। समारोह को पूर्व अध्यक्ष केबी सिंह, आचार्य राजेश मिश्र, शासकीय अधिवक्ता शिवाकांत शुक्ल, धीरेन्द्र शुक्ल, अनूप पाण्डेय, दीपेन्द्र तिवारी, टीपी यादव, शैलेन्द्र सिंह, राजेन्द्र मिश्र, रामलगन यादव, शिव नारायण शुक्ल आदि रहे।

## आरोग्य भारती की बैठक में लिये गये महत्वपूर्ण निर्णय

अखंड भारत संदेश

**प्रतापगढ़।** आरोग्य भारती प्रतापगढ़ शाखा की बैठक जिला मुख्यालय स्थित विवेक नगर में शाखा के सदस्य अमित शुक्ल के आवास पर आयोजित की गई। बैठक में आरोग्य भारती काशी प्रांत के प्रांतीय उपाध्यक्ष डाक्टर रंगनाथ शुक्ल की उपस्थिति रही। मासिक बैठक व होली मिलन की अध्यक्षता आरोग्य भारती के जिलाध्यक्ष डाक्टर सुधांशु उपाध्याय व संचालन राकेश शर्मा ने किया। बैठक में राजेश ने प्रस्ताव रखा कि शिवप्रकाश (पूर्व प्राचार्य अफीम कोठी संस्थान) का विलंबित विदाई समारोह का कार्यक्रम इसी माह की 26 तारीख को उक्त संस्थान के सभागार में किया जाए, जिसको सभी उपस्थित सदस्यों ने करतल ध्वनि से पास किया। डाक्टर राजेश्वर प्रीतम ने प्रस्ताव किया कि अप्रैल माह की 9 या 11 तारीख में होम्योपैथी के जनक संत हैनिमैन का जन्मदिवस धूमधाम से मनाया जाए जिस पर सभी सदस्यों ने अपनी सहमति प्रदान की। इस कार्यक्रम के लिए डॉ बी एन सिंह (राष्ट्रीय कार्याध्यक्ष आरोग्य भारती) को मुख्य अतिथि बनाने पर विचार किया गया तथा उन्हें सूचना व आमंत्रित करने की जिम्मेदारी डाक्टर रंगनाथ शुक्ल को दी गई, जिसे उन्होंने सहर्ष स्वीकार किया। डाक्टर एस के शर्मा ने आरोग्य भारती प्रतापगढ़ शाखा की मासिक बैठक को नियमित करने का प्रस्ताव रखा, जिसे प्रत्येक माह के प्रथम रविवार की शाम 5 बजे करने का निर्णय लिया गया। डाक्टर राजीव ने बैठक समाप्ति की घोषणा व धन्यवाद ज्ञापन अमित शुक्ल ने किया। बैठक में उपस्थित सम्मानित जनों में मुख्य रूप से शिवप्रकाश, डॉ रंगनाथ शुक्ल, डॉ एस के शर्मा, डॉ सुधांशु उपाध्याय, डा राजीव श्रीवास्तव, अमित शुक्ल, डॉ प्रीतम, राजेश्वर उपाध्याय, राकेश शर्मा आदि उपस्थित रहे।

## मारपीट में घायल अधेड़ की इलाज के दौरान मौत, कोहराम

**लालगंज, प्रतापगढ़।** जमीनी विवाद में दो पक्षों में हुई मारपीट की घटना मे गंभीर रूप से घायल एक अधेड़ की इलाज के दौरान बुधवार की सुबह मौत हो गयी। अधेड की मौत की जानकारी मिलने पर परिजनों मे कोहराम मच गया। उदयपुर थाना क्षेत्र के परसपुर अमावां गांव निवासी नन्हें प्रजापति 55 राजमिस्त्री था। वह होली का त्यौहार मनाने घर आया हुआ था। जमीन के विवाद को लेकर बीती रविवार की शाम पांच बजे नन्हें का पडोसी विपक्षी रामअंजोर प्रजापति आदि से जमीनी विवाद को लेकर मारपीट हुई थी। जिसमे चार लोग घायल हो गये थे। गंभीर रूप से घायल नन्हें प्रजापति का लखनऊ के एक अस्पताल मे इलाज चल रहा था। परिजनों के अनुसार बुधवार की सुबह इलाज के दौरान नन्हें प्रजापति की मौत हो गयी। मौत की सूचना मिलते ही परिजनों मे कोहराम मच गया। मृतक की पत्नी व दो पुत्रों तथा दो पुत्रियों समेत परिवार के लोगों का रो-रो कर बुराहाल हो उठा दिखा। थानाध्यक्ष विजयकांत सत्यार्थी का कहना है कि लखनऊ मे शव का पीएम हो रहा है। तहरीर मिलने पर आरोपियो के खिलाफ मुकदमा दर्ज किया जाएगा।

## खबर संक्षेप

### निरोधात्मक कार्यवाही में 14 अभियुक्त गिरफ्तार

**कौशाम्बी।** जनपद में अपराध के विरूद्ध चलाये जा रहे अभियान के क्रम में साधारण मारपीट व शांति भंग करने के आरोप में थाना महेवाघाट से दो थाना चरवा से दो थाना पिपरी से तीन थाना कोखराज पांच थाना सैनी से दो कुल 14 अभियुक्तों को गिरफ्तार कर चालान न्यायालय किया गया।

### चेकिंग के दौरान की गई कार्यवाही

**कौशाम्बी।** जनपद में चलाये जा रहे यातायात से सम्बन्धित अभियान के क्रम में जनपद स्तर पर विभिन्न थानों व यातायात पुलिस द्वारा यातायात नियमों का पालन न करने वालों के विरुद्ध सघन चेकिंग की गई एंव चेकिंग के दौरान दो पहिया व चार पहिया वाहनों को चेक किया गया जिसमे यातायात नियमों का उल्लघन करने वाले 161 वाहनों का ई-चालान किया गया।

# घर के अन्दर वृद्ध महिला की मिली क्षत विक्षत लाश

## किसी दरिन्दे ने बृद्ध महिला पर बेरहमी से हमला कर उतारा मौत के घाट

अखंड भारत संदेश



**कौशाम्बी।** पिपरी थाना के लोधउर चौकी क्षेत्र मे एक बृद्ध महिला की घर के अन्दर क्षत विक्षत खून से लथपथ लाश मिलने से पूरे गांव मे सनसनी फैल गई है लाश को देखने के लिये ग्रामीणों का तांता लग गया घटनास्थल पर पिपरी पुलिस पहुंची। घटना क्रम के मुताबिक औधन गांव मे शान्ती देवी पाल उम्र 70 वर्ष पत्नी स्वा० जगरुप पाल की सोमवार की रात किसी ने बड़ी बेरहमी से मौत के घाट उतार दिया हैं लेकिन परिजनो को पता तक नही लगा पड़ोस के ब्यक्ति ने बुधवार सुबह परिजनो को बृद्ध की मौत के जानकारी दिया लेकिन जन जन के जुबानी मे यही बात कोंध रही है कि इस बुढ़िया को किसीने मारा है और घटनास्थल की स्थिति से प्रतीत होता है कि जिस जगह बृद्ध महिला सो रही थी उस जगह कई ऐसे सवाल खड़े कर रहे है जो हत्या से इनकार नही किया जा सकता आखिर कौन है वह हत्यारा जो इतनी आसानी से बृद्ध महिला को मौत की नींद सुला दिया और इसकी भनक आस पड़ोस तक भी नही पहुंची यह जांच का विषय है कुछ ग्रामीणों का यह भी कहना है कि बृद्ध महिला के घर इससे पहले भी एक दो बार कोई ब्यक्ति घर मे घुसकर रखा पैसा निकाल ले गये थे जिसका बृद्धा ने विरोध भी किया था बृद्ध महिला के 6 बेटे हैं जो 4 बेटे गांव से दूर अन्य गांवों मे रहते है और 2 बेटे गांव के बाहर घर बनाकर रहते हैं इस घर पर बृद्ध महिला अंकेली रहती थी घटनास्थल पर पिपरी पुलिस पहुंची और पंचनामा लिखकर लाश को अपने कब्जे मे लेकर पोस्ट मार्टम के लिये भेज दिया है वहीं ग्रामीणों मे तरह तरह की चचार्यें हो रही है।

### रेलवे ट्रैक पर मिला अज्ञात महिला का शव

**अझुवा कौशांबी।** सैनी कोतवाली क्षेत्र के गोरियों रेलवे लाइन के पास एक महिला का शव मिलने की सूचना से इलाके में सनसनी फैल गयी जानकारी मिलते ही घटनास्थल पर ग्रामीणों की भीड़ लगी मामले की सूचना पुलिस को दी गई सूचना पाकर घटनास्थल पर पुलिस पहुंची और पुलिस ने शव की शिनाख्त कराने का प्रयास किया लेकिन काफी प्रयास के बाद महिला के शव की शिनाख्त नहीं हो सकी पुलिस ने महिला के शव को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया है।

### आधी रात को दबंग घर में फेंकते है ईट पत्थर विरोध करने पर किया मारपीट

**कौशांबी।** मंझनपुर सर्किल क्षेत्र के कौशांबी थाना अंतर्गत मखदूमपुर ढोकसहा गांव में बसंत लाल पुत्र भैरव प्रसाद के घर में बेवजह आए दिन दबंग आधी रात को घर के भीतर ईट पत्थर फेककर गरीबों को परेशान कर रहे हैं जब बसंत लाल और उनके भतीजे ने दबंगों की करतूत पर विरोध किया तो लाठी डंडा फरसा लेकर दबंगों ने मारपीट कर दिया जिससे बसंत के भतीजे आदित्य कुशवाहा को चोट आई है मामले की शिकायत बसंत कुशवाहा ने थाना पुलिस से किया लेकिन दबंगों के ऊपर कार्यवाही नहीं हो सकी पीड़ित बसंत लाल का भतीजा आदित्य कुशवाहा पुलिस अधीक्षक कार्यालय पहुंचा और शिकायती पत्र देकर दबंगों पर कार्रवाई की मांग की है। घटनाक्रम के मुताबिक 5 मार्च को रात 9:00 बजे गांव के संतोष मौर्या राम छाया मौर्या उदित मौर्या और उनके बेटे पत्थर फेंकने लगे आवाज सुनकर बसंत घर के बाहर निकले और उन्होंने ईट पत्थर फेंकने का विरोध किया जिस पर दबंगों ने गाली गलौज शुरू कर दिया और लाठी डंडा फरसा लेकर मारने पीटने के लिए दौड़ा लिया बीच-बचाव करने पहुंचे भतीजे आदित्य को गाली गलौज करते हुए लाठी डंडे से मारपीट किया जिससे भतीजे को चोटे आई है बताया जाता है कि इसके पहले कई बार आधी रात को दबंग बसंत लाल के घर में ईट पत्थर फेंक चुके हैं पीड़ित द्वारा थाना पुलिस को सूचना दिए जाने के बाद भी पुलिस ने दबंगों पर कार्यवाही नहीं की है।

## न्यूज झरोखा

### महाविद्यालय शिक्षणेत्तर कर्मचारी परिषद ने उच्च शिक्षा निदेशक से की मैराथन मुलाकात



**भरवारी कौशाम्बी।** महाविद्यालय शिक्षणेत्तर कर्मचारी परिषद, उत्तर प्रदेश के प्रदेश अध्यक्ष सत्येन्द्र कुमार सोलंकी, प्रदेश सचिव सागर सक्सेना, मुरादाबाद मंडल कृपाल सिंह, लखनऊ जिलाध्यक्ष आशीष पाठक, जिला सचिव कमल पांडेय, जिला कार्यकारिणी सदस्य आशुतोष खरे, प्रयागराज मंडल अध्यक्ष विशाल कुमार, सचिव विकास मालवीय, जिलाध्यक्ष अमित श्रीवास्तव, जिला संगठन मंत्री विनोद ओझा, जिला सचिव महेंद्र श्रीवास्तव, सदस्य अभिनव श्रीवास्तव अनिल पटेल व रितेश श्रीवास्तव ने उच्च शिक्षा निदेशक डॉ0 ब्रह्मदेव से मुलाकात की तथा लंबे समय से निदेशालय में लंबित साथियों के प्रकरण पर विस्तार से विचार विमर्श किया। लगभग तीन घंटे चली वार्ता के दौरान निदेशक डॉ0 ब्रह्मदेव द्वारा समस्याओं के शीघ्र निस्तरणों हेतु संयुक्त निदेशक डॉ0 के0 सी0 वर्मा एवम सहायक निदेशक डॉ0 बी0 एल0 शर्मा को भी बैठक में चर्चा हेतु बुलवा लिया। प्रदेश अध्यक्ष द्वारा निदेशक को निदेशालय के ढुलझमुल के प्रति कर्मचारियों में बढ़ते रोष से अवगत कराया तथा व्यवस्था ठीक न होने की स्थिति में व्यापक आंदोलन की चेतावनी दी तथा निदेशक के माध्यम से शिक्षा मंत्री को 15 सूत्रीय मांग पत्र सौंपा। प्रदेश सचिव सागर सक्सेना ने अवकाश वाले दिन भी परिषद को अपना इतना महत्वपूर्ण और कीमती समय देने पर निदेशक संयुक्त निदेशक व सहायक निदेशक का आभार व्यक्त किया। साथ ही राजकीय महाविद्यालय के संबंध में मांग पत्र भी सौंपा।

### निरीक्षण के दौरान कमिया देख सुधार करने की हिदायत दे कर चले गए अधिकारी



**कोखराज कौशाम्बी।** सिराथू तहसील क्षेत्र के कशिया पश्चिम में कस्तूरबा गांधी आवासीय बालिका विद्यालय में प्रयागराज की टीम ने निरीक्षण किया जिसमें निरीक्षण के दौरान नास्ता व भोजन की गुणवक़्ता डेली रोस्टर के तहत रजिस्टर में अध्यापिकाओं की उपस्थिति आदि अभिलेखों की जांच की गयी जांच के दौरान भारी कमियां पाई गई जिस पर कड़े निर्देश दिया गया टीम में अमित खन्ना विभागाध्यक्ष,ई एम आई एस,सिमैट प्रयाग राज,माया राम,एसोसिएट प्रोफेसर,ई एल टी आई,योगेश तिवारी,जिला समन्वयक बालिका शिक्षा आदि टीम के सदस्य मौजूद रहे।

### जीवन में शिक्षा के महत्त्व पर प्राचार्य ने दिया सारगर्भित व्याख्यान




**भरवारी कौशाम्बी।** भवंस मेहता महाविद्यालय, भरवारी में राष्ट्रीय सेवा योजना की सात दिवसीय विशेष शिविर के अन्तर्गत दूसरे दिन क्षेत्र भ्रमण के क्रम में प्राथमिक विद्यालय परसरा और और पू0 मा० वि० परसरा का भ्रमण किया गया । कार्यक्रम का प्रारंभ प्रत्येक दिन की भांति परिसर की साफ सफाई के साथ हुआ उसके पश्चात स्वयंसेवकों द्वारा समवेत स्वर में लक्ष्य गीत गाया गया। इसके उपरांत स्वयंसेवक सभी कक्षाओं में जाकर बच्चों से बात कर उनकी समस्याओं से अवगत हुए ।स्वयंसेवको ने शिक्षा के मूलभूत स्वरूप को ध्यान में रखते हुए बच्चों को शिक्षा के महत्व को बताया। भवंस मेहता महाविद्यालय के प्राचार्य प्रोफेसर प्रबोध श्रीवास्तव ने जीवन में शिक्षा के महत्त्व पर सारगर्भित व्याख्यान दिया। उन्होंने यह बताया कि शिक्षा मनुष्य को सही अर्थों में मनुष्य बनाती है इसी क्रम कार्यक्रमाधिकारी डॉ.धर्मेंद्र कुमार अग्रहरी ने शिक्षा के महत्त्व को प्रतिपादित करते हुए कहा कि शिक्षा से ही समाज में जागरूकता का प्रसार संभव है। इसी क्रम में संस्कृत विभाग के प्रोफेसर विमलेश कुमार सिंह यादव ने शिक्षा और संस्कृति विषय पर अत्यंत महत्वपूर्ण व्याख्यान प्रस्तुत किया

### 19 मार्च आयोजित होगी ओपन रैपिड शतरंज प्रतियोगिता

**कौशाम्बी।** जिला शतरंज स्पोर्ट्स एसोसिएशन कौशांबी एवम राम नाथ डिग्री कॉलेज के संयुक्त तत्वावधान में कौशांबी ओपन रैपिड शतरंज प्रतियोगिता बालक एवम बालिका का आयोजन राम नाथ डिग्री कॉलेज चलोली, चायल, जिला कौशांबी में 19 मार्च आयोजित होगी। इस प्रतियोगिता में जिले के किसी भी गांव और नगर के खिलाड़ी प्रतिभाग कर सकते हैं। प्रतियोगिता में प्रवेश के लिए या अन्य जानकारी हेतु राघवेंद्र शुक्ला, आयोजन सचिव से मोबाइल नंबर9451293466,8808888720 पर संपर्क किया जा सकता है।

### सार्वजनिक स्थान पर जुआ खेलते 11 अभियुक्त गिरफ्तार

**कौशाम्बी।** जनपद में अपराध एवं अपराधियों के विरुद्ध चलाये जा रहे अभियान के क्रम में थाना सदीपनघाट पुलिस द्वारा 11 अभियुक्तों मो0 आफान पुत्र मो0 इरफान निवासी बदले रसूलपुर, जगराम पुत्र महादेव निवासी व थाना संदीपनघाट, हरिशंकर पुत्र रामबहादुर निवासी पठन पुरवा थाना संदीपनघाट, मो0 रिजवान पुत्र सब्बीर अहमद निवासी मितवापुर, विजय सिंह पुत्र जगदेव सिंह निवासी लाल का पुरवा थाना चरवा, राजू पुत्र सुन्दर लाल निवासी चन्दवारी थाना संदीपनघाट, शेरू पुत्र गुड्डू निवासी मितवापुर, मो0 हासिम पुत्र इमामुद्दीन निवासी बलिहावा देह थाना संदीपनघाट, रामकिशुन पुत्र स्व0 वीरेन्द्र प्रताप निवासी पलहना थाना कोखराज, कर्मवीर पुत्र स्व0 जयचन्द्र निवासी मुजाहिदपुर व सुनील कुमार पुत्र जयचन्द्र निवासी मूरतगंज थाना सदीपनघाट को सार्वजनिक स्थान पर हार-जीत की बाजी लगाकर जुआ खेलते हुये गिरफ्तार किया गया तथा इनके कब्जे से 52 अदद तास के पत्ते में 3120 रुपए मालफड तथा जमातलासी के दौरान 6200 रुपए बरामद होने पर मुकदमा पंजीकृत कर कार्यवाही की गई।

### गांजा के साथ अभियुक्त गिरफ्तार

**कौशाम्बी।** जनपद में अवैध मादक पदार्थ की तस्करी के विरुद्ध चलाए जा रहे अभियान के क्रम में थाना सैनी पुलिस बल द्वारा चेकिंग के दौरान अभियुक्त राहुल कश्यप पुत्र पूरनचन्द्र कश्यप निवासी वार्ड नं० 02 बरसीपुर कस्बा सिराथू थाना सैनी को सिराथू बाईपास रोड मोड के पास से 600 ग्राम नाजायज गांजा के साथ गिरफ्तार कर गिरफ्तारी व बरामदगी के आधार पर थाना स्थानीय पर मुकदमा पंजीकृत कर विधिक कार्यवाही के पक्षात अभियुक्त को न्यायालय भेज दिया है।

### वांछित अभियुक्त किया गया गिरफ्तार

**कौशाम्बी।** जनपद में अपराध एवं अपराधियों के विरुद्ध चलाये जा रहे अभियान के क्रम में थाना पिपरी पुलिस बल द्वारा वांछित अभियुक्त मोहनलाल पुत्र बडेलाल निवासी पिपरहाई थाना पिपरी को लोधौर चौराहा पुलिया के पास से गिरफ्तार कर विधिक कार्यवाही के पश्चात अभियुक्त को न्यायालय भेज दिया है।

### शराब के साथ दो अभियुक्त गिरफ्तार

**कौशाम्बी।** जनपद में अवैध शराब के निर्माण एवं तस्करी के विरुद्ध चलाये जा रहे अभियान में विभिन्न थानो द्वारा कुल दो अभियुक्तों को गिरफ्तार कर कब्जे से कुल 16 लीटर अवैध शराब बरामद की गयी गिरफ्तार सभी अभियुक्तों के विरुद्ध सम्बन्धित थानो पर अभियोग पंजीकृत कर अभियुक्तो का चालान न्यायालय कर दिया है जानकारी के मुताबिक थाना सैनी पुलिस बल द्वारा अभियुक्त रामचन्द्र पुत्र मधई लाल निवासी टेंगाई थाना कोखराज केओ गिरफ्तार कर कब्जे से 10 लीटर अवैध शराब बरामद होने पर अभियुक्त का चालान न्यायालय कर दिया है इसी प्रकार थाना पश्चिम शरीरा पुलिस बल द्वारा अभियुक्ता पूजा देवी पत्नी उमेशचन्द्र निवासी कोईरी का पूरवा थाना पश्चिम शरीरा को गिरफ्तार कर कब्जे से 6 लीटर अवैध शराब बरामद होने पर अभियुक्ता का चालान न्यायालय कर दिया है।

# 400केवीए का ट्रांसफार्मर जलने से छाया अंधेरा, पानी के लिए मचा कोहराम

## 24 घंटा बीते नहीं बदला गया ट्रांसफार्मर,हजारों लोग अंधेरे में रहने को मजबूर

अखंड भारत संदेश




**अझुवा कौशाम्बी।** नगर पंचायत अझुवा के वार्ड नं 12 नयानगर नवज्योति इंटर कालेज के पास लगा 400 केवीए का ट्रांसफॉर्मर बीते 24 घंटा पहले अचानक जल गया जिससे वार्ड के हजारों लोग विद्युत सप्लाई से वंचित हो गए जिसकी शिकायत तमाम लोगों ने नगर प्रशासन सहित विद्युत विभाग के उच्च अधिकारियों से की किंतु सरकारी उच्च अधिकारी सीयूजी नम्बर उठाना अपनी शान के खिलाफ समझ रहे हैं जनता विद्युत कर्मचारियों के बर्ताव से त्राहि त्राहि कर रही है।नगर पंचायत अझुवा प्रशासन ने बताया कि वार्ड नं 3 स्थित पानी टंकी प्रांगड़ में कम्प्लीट 400 केवीए का ट्रांसफॉर्मर ट्रैक्टर ट्राली में खड़ा हुआ है लेकिन विद्युत कर्मियों की हड़ताल के कारण ट्रांसफार्मर जोड़ने वाला कोई नही है एसडीओ सीयूजी नम्बर उठाना उचित नही समझते !इस सम्बंध में एसी विद्युत से बात करने का प्रयास किया गया थोड़ी बात कर उन्होंने अपना सीयूजी नम्बर बिजी कर लिया ।नगर पंचायत अझुवा निवासियों ने जिले के डीएम और सरकार के नुमाइंदों का इस ओर ध्यान आकृष्ट कराया है।

# सिंघवल और पाली घाट में यमुना की धारा से हो रहा अवैध खनन

## 9 लाख रुपए महीने की अवैध वसूली होने के बाद कौशांबी थानेदार को मामले की नहीं लग सकी भनक

अखंड भारत संदेश

**कौशाम्बी।** सरकार के तमाम प्रयास के बाद भी यमुना की जलधारा से खनन पर अधिकारी रोक नहीं लगा पा रहे हैं अधिकारी डाल डाल तो माफिया पात पात की तर्ज पर अवैध खनन में लगे हुए हैं सुप्रीम कोर्ट ने स्पष्ट तौर से निर्देशित किया है कि यमुना की जलधारा से बालू का खनन नहीं होगा एनजीटी के नियमों की भी धज्जियां उड़ाई जा रही हैं बेखौफ तरीके से यमुना की जलधारा से बालू का अवैध खनन किए जाने के बाद भी खनन अधिकारी और थाना पुलिस तमाशबीन बने हैं खनन अधिकारी और थाना पुलिस के तमाशबीन बने रहने के मामले में अभी तक दोषियों को निलंबित कर दंडित कराने का प्रयास शासन सत्ता में बैठे अधिकारियों की तरफ से नहीं हो सका है बताया जाता है कि कौशांबी थाने के दो कारखास सिपाही यमुना नदी से नियम बिरुद्ध खनन माफियाओं से प्रत्येक घाट से 15 हजार रुपए प्रतिदिन की वसूली कर रहे हैं 9 लाख रुपए महीने की वसूली होने के बाद कौशांबी थानेदार को मामले की भनक नहीं लग सकी है



जलधारा से किया जा रहा अवैध खनन

नाक के नीचे सिपाहियों की वसूली की भनक न लगने वाले थानेदार इलाके में अपराधों पर कैसे अंकुश लगाएंगे यह उनकी निष्ठा पर सवाल खड़े हो रहे हैं।

### बालू घाट पर एसडीएम की कार्यवाही के बाद थानेदार की निष्ठा पर खड़े हुए सवाल!

**अवैध तरीके से यमुना में हो रहे खनन मामले में खनन अधिकारी की भूमिका पर उठने लगे सवाल**

**कौशाम्बी।** महेवा घाट थाना क्षेत्र के यमुना नदी के उमरावा बालू घाट में एसडीएम मंझनपुर ने सीओ और खनन अधिकारी के साथ मिलकर मंगलवार को छापा मारकर पोकलैंड मशीन से बालू खनन के कारनामे का खुलासा किया बालू घाट में यमुना नदी से खनन में लगी पोकलैंड मशीन को एसडीएम की टीम ने सीज कर दिया और मौके पर ओवरलोड ट्रक को जांच टीम के अधिकारियों ने पकड़ा और उस पर भी कार्रवाई कर दी लेकिन अब सवाल उठता है कि उप जिला अधिकारी और क्षेत्राधिकारी की टीम बालू घाट पहुंचने के पूर्व महेवाघाट थानेदार ने उमरावा बालू घाट संचालक पोकलैंड मशीन मालिक चालक पर कार्रवाई कर अवैध खनन रोकने का प्रयास कर क्यों कार्यवाही नहीं की थी महीनों से इलाके में हो रहे अवैध खनन पर थानेदार की आखिर क्या जवाबदेही है। लंबे समय से उमरावा बालू घाट में मशीनें लगाकर यमुना नदी से बालू का खनन हो रहा था यमुना नदी से खनन के मामले में एनजीटी के नियमों का भी उल्लंघन हुआ है लेकिन खनन अधिकारी और थानेदार तमाशबीन बने रहे खनन विभाग से लेकर थाना पुलिस ने कार्यवाही नहीं की मामला जब मीडिया की सुर्खियों में आया आला अधिकारियों ने मामले को गंभीरता से लिया और टीम गठित कर बालू घाट की जांच कराए जाने का निर्देश एसडीएम को दिया अधिकारियों का निर्देश मिलने के बाद एसडीएम अपनी टीम के साथ बालू घाट उमरावा पहुंचे और सोशल मीडिया में वायरल खबर सच साबित हुई मौके पर पोकलैंड मशीन चल रही थी ओवरलोड ट्रक खड़ी थी जिन पर एसडीएम की टीम ने कार्रवाई कर दी लेकिन थाना पुलिस ने बालू माफियाओं पर टीम पहुंचने के पूर्व क्यों करवाई नहीं कि आखिर थाना पुलिस का बालू माफियाओं और ओवरलोड वाहन स्वामियों से क्या लगाव है जिसके चलते थानेदार यमुना नदी में चल रही पोकलैंड मशीन पर कार्यवाही नहीं कर सके। मामले को आला अधिकारियों को गंभीरता से लेना होगा खनन अधिकारी और महेवाघाट थानेदार के कारनामों पर इन्हें निलंबित करते हुए इनकी विभागीय जांच शुरू कराए जाने की जरूरत महसूस हो रही है।

### गेस्ट हाउस के बाहर लगता जाम नहीं है पार्किंग स्थल

**कौशांबी।** शादी विवाह के समय गेस्ट हाउस और शादी विवाह घर के बाहर जबरदस्त जाम लगने लगता है घंटों सड़कों पर अन्य वाहन स्वामी फसकर परेशान हो जाते हैं जिले के मंझनपुर भरवारी सिराथू सराय अकिल चायल मनौरी तिल्हापुर चरवा मूरतगंज करारी पश्चिम सरीरा अझुवा सैनी आदि क्षेत्र में संचालित हो रहे शादी विवाह घर गेस्ट हाउस में 90 प्रतिशत से अधिक शादी विवाह घर गेस्ट हाउस में वाहन पार्किंग की व्यवस्था संचालकों द्वारा नहीं बनाई गई है शादी विवाह घर में दावत खाने पहुंचने वाले लोग सड़क और पटरियों पर वाहनों को आड़ा तिरछा खड़ा कर देते हैं और शादी विवाह घर के अंदर निमंत्रण खाने चले जाते हैं सड़क के दोनों तरफ सैकड़ों वाहन खड़े होने से सड़क पर जाम लगने लगता है बीते कई वर्षों से इस विकराल समस्या के समाधान के प्रति अभी तक ठोस पहल नहीं हो सकी है शादी विवाह घर गेस्ट हाउस संचालकों के कारनामों को गंभीरता से लेते हुए इन पर मुकदमा दर्ज करा कर कठोर कार्रवाई किए जाने की जरूरत है जिससे सड़कों पर वाहन पार्किंग बनाने वाले गेस्ट हाउस मालिक शादी विवाह घर के संचालक सड़क पर पार्किंग ना बना सके लेकिन अभी तक आला अधिकारियों द्वारा इस तरह का प्रयास नहीं शुरू किया गया जिससे आम जनमानस परेशान होती दिख रही है।

# कृषि अधिकारियों को उनके दायित्वों के प्रति करना होगा अधिक सजग और निष्ठावान

अखंड भारत संदेश

**रासायनिक खाद और कीटनाशकों के अंधाधुंध प्रयोग से हो रहा है बड़ा नुकसान**

**विरले ही देखने को मिलता कि कभी कृषि अधिकारी किसानों के खेत में जाकर उनके खेत के देखे हालात**

**किसान देश के रीढ़ की हड्डी के समान लेकिन इस रीढ़ की हड्डी के बारे में किसी को सोचने का वक्त तक नहीं**

**कौशाम्बी।** हमारा देश कृषि प्रधान देश हैं और यहां लगभग सत्तर प्रतिशत लोग किसान हैं यह किसान देश के रीढ़ की हड्डी के समान है लेकिन इस रीढ़ की हड्डी के बारे में किसी को सोचने का वक्त तक नहीं कि वह किस तकलीफों से गुजरता है !हमारे देश की अधिकतर जनता आज भी कृषि पर आधारित आर्थिक क्रियाओं पर निर्भर है ऐसी परिस्थिति में व्यापक स्तर पर कल्याण के लिए आवश्यक है कि कृषि सुधार की दिशा में कार्य किया जाए! यों सरकार समय-समय पर किसानों के लिए योजनाएं लाती रहती है रासायनिक खादों पर सबसिडी हो या कर्ज मुहैया करने जैसी सुविधा किसानों को मिलती रहती है! इसके बावजूद हमारे किसान आत्महत्या करने पर विवश होते हैं! इसका कारण उनके द्वारा लगाई गई लागत के अनुरूप उत्पादन का नहीं मिलना है! इसके पीछे क्या कारण हो सकते हैं ?यह विरले ही देखने को मिलता है कि कृषि अधिकारी किसानों के सहायक के तौर पर कभी खेत में उपस्थित हो!भारतीय कृषि में रासायनिक खाद और कीटनाशकों के अंधाधुंध प्रयोग से न केवल भूमि का निम्नीकरण हो रहा है बल्कि किसानों की जेब पर भी बोझ बढ़ा है! इससे लोगों की सेहत पर कितना घातक असर पड़ा है यह अब कोई छिपा तथ्य नहीं रह गया है! आधुनिक सामग्री का उपयोग अत्यंत प्रबंधित विधि से होना चाहिए जिसमें किसानों के मार्गदर्शन की जिम्मेदारी संबंधित कृषि अधिकारी की होनी चाहिए !इसे किसानों का दुर्भाग्य कहें या सरकारों की असंवेदनशीलता हानि का शिकार आखिर किसान ही होते हैं!अभी भी समय है कि अगर भूमि निम्नीकरण और किसानों पर बढ़ते बोझ को कम करना है तो कृषि अधिकारियों को उनके दायित्वों के प्रति अधिक सजग और निष्ठावान बनाया जाए शायद इससे भारतीय किसान के चेहरे पर मुस्कान लौट आए और भारतीय कृषि की तस्वीर बदल जाए।

# दुष्टो के संघार के लिए भगवान श्री कृष्ण ने लिया था अवतार : कथा वाचक

## काजू ग्राम में हो रही है संगीतमय श्रीमद् भागवत कथा के चौथे दिन पांडाल में उमड़ी श्रोताओं की भीड़

अखंड भारत संदेश





**कौशांबी।** चायल तहसील क्षेत्र के काजू गांव में श्रीमद्भागवत का आयोजन कथावाचक पंडित डा0 राम नारायण त्रिपाठी गायत्री शक्ति पीठ चित्रकूटधाम के मुखारबिंद द्वारा किया जा रहा भागवत कथा आयोजन के चौथे दिन काजू ग्राम समेत आस पास के पुरवा गांव के महिला पुरुष ग्रामीणों की अपार भीड़ पांडाल में उमड़ पड़ी श्रीमद्भागवत कथा सुनकर भक्त नाचने लगे भाव विभोर हो गए बुधवार को कथा वाचक डा0 राम नारायण जी वामन अवतार कृष्ण जन्मोत्सव पर चर्चा और कृष्ण लीला भी की उन्होंने बताया कि प्रभु कि भक्ति से सब कुछ संभव है उन्होंने कहा कि प्रभु भक्तो की रक्षा करते है दुष्टो के संघार के लिए भगवान श्री कृष्ण ने धरती पर अवतार लिया है और दुष्टों का संहार कर जगत का कल्याण किया है 15 मार्च वामन अवतार रामचरित्र कृष्ण जन्मोत्सव, कथा में आयोजन कर्ता प्रमोद केशरवानी घनश्याम सिंह गायत्री परिवार जिला व्यवस्था प्रमुख उमेश केशरवानी त्रिभुवन केशरवानी राजेंद्र केशरवानी राम भवन मिश्रा समस्त गायत्री परिवार साथ कथा कराया गया है आचार्य डॉ राम नारायण त्रिपाठी महाराज गायत्री शक्ति पीठ चित्रकूट ने कहा कि श्री मद भागवत श्रवण से मन में समस्त जीव-प्राणियों के मंगल कामना की पूर्ति होती है श्रद्धालुओं के उत्साहपूर्ण जयकारों एवं सुमधुर व कर्णप्रिय भजनों से पूरा ग्राम गुंजायमान हो गया। कथा में परम पूज्य गुरुदेव श्री राम शर्मा आचार्य के विचारो को लोगो जन जागृत किया भागवत कथा के अवसर पर दिवाकर केशरवानी सतीश केशरवानी ,आशीष विश्वास अरुण प्रिंस केशरवानी विपिन केशरवानी अशोक केशरवानी, सुरेश जयसवाल हिमांशु विनोद वर्मा ,घनश्याम चौधरी यादव,सहित सम्मानित ग्रामीण और भारी जनसमुदाय उपस्थित रहा।

जन संपादकीय

# ड्रोन से छद्म युद्ध

जिस पाकिस्तान का जन्म ही भारत के प्रति दुश्मनी से हुआ है, उससे हर दौर में घात-प्रतिघात के प्रति हमें सचेत रहना होगा। केंद्र में मजबूत सरकार आने के बाद जब सीमाओं पर सुरक्षा बलों की चौकस उपस्थिति है और रक्षाबलों-सेना को फैसले लेने की आजादी मिली है, तो पाकिस्तानी घुसपैठ पर भी अंकुश लगा है। दशकों से की जा रही घुसपैठ के रुकने से बौखलाए पाक के सत्ता प्रतिष्ठानों व खुफिया एजेंसियों ने ड्रोन के जरिये छद्म घात शुरू किया है। जम्मू-कश्मीर व पंजाब में निरंतर नशीले पदार्थों की आपूर्ति व लगातार बरामद होती खेपें इस संकट को बता रही हैं। निस्संदेह यह बड़ा अंतर्राष्ट्रीय षड्यंत्र है कि अफगानिस्तान से निकलने वाली नशे की खेपें हवाई, सड़क व समुद्री मार्ग से भारत भेजी जा रही हैं ताकि युवा पीढ़ी को पथभ्रष्ट किया जा सके। वहीं आतंकी व कट्टरपंथी संगठनों के लिये आर्थिक संसाधन जुटाये जा सकें। पिछले दिनों राजौरी में नियंत्रण रेखा के पास एक गांव से नशीले पदार्थों और हथियारों की बरामदगी पाकिस्तान से ड्रोन के जरिये अंजाम दिये जा रहे नार्को-आतंकवाद की ओर इशारा करती है। कमोबेश इसी तरह पंजाब की सीमा पर भी अत्याधुनिक हथियारों व नशे की खेप ड्रोन के जरिये गिराने के भी तमाम मामले विगत में प्रकाश में आते रहे हैं। निस्संदेह, यह एक सुनियोजित खतरनाक साजिश है जिसमें चीन में निर्मित ड्रोनों के प्रयोग की बात भी सामने आती रही है। ऐसे में यह स्थिति सुरक्षा बलों के लिये बड़ी चुनौती पैदा कर रही है क्योंकि तकनीक के जरिये लड़े जा रहे छद्म युद्ध का मुकाबला अत्याधुनिक तकनीक के जरिये ही किया जा सकता है। यह भी एक हकीकत है कि अंतर्राष्ट्रीय बाजार में ड्रोन की सहज उपलब्धता तथा सुरक्षा बलों की ओर से रात्रि व खराब मौसम में उन पर नजर रख पाने में मुश्किल के चलते यह चुनौती जटिल होती जा रही है।

निस्संदेह, थल सीमा पर सुरक्षा बलों की सजगता-सतर्कता से आतंकवादियों व पाक पोषित नशा तस्करों की थल मार्ग से घुसपैठ मुश्किल हुई है। लगातार मार गिराये और खदेड़े गये ड्रोनों की संख्या बताती है कि यह साजिश किस पैमाने पर हो रही है। साथ ही यह भी कि भारत के खिलाफ सीमापार बैठे लोगों के खतरनाक इरादे किस हद तक जा पहुंचे हैं। निस्संदेह, भौगोलिक जटिलता के चलते पूरी थल सीमा की निगरानी कर पाना असंभव जैसा ही है। इसके बावजूद भारत को काउंटर ड्रोन तकनीकों को प्रयोग में लाकर आतंकवादियों व नशा तस्करों के मंसूबों पर पानी फेरना होगा। साथ ही देश के भीतर की उन काली भेड़ों पर भी नजर रखनी होगी, जो पाक में बैठे आकाओं के इशारों पर हथियारों व नशे के अवैध कारोबार में मददगार बने हुए हैं। देश में ड्रोन तकनीक के उपयोग व विस्तार के लिये बड़ी पूंजी के निवेश की जरूरत भी महसूस की जा रही है। निस्संदेह,ड्रोन के जरिये लगातार बढ़ती घुसपैठ व तस्करी से निपटने के लिये किसी भी स्तर पर उदासीनता घातक साबित हो सकती है। आज पूरी दुनिया में युद्ध शैली में बड़ा बदलाव आया है। हाल में ईरान में बने ड्रोनों ने यूक्रेन में कहर बरपाया है। इस समस्या से निपटने के लिये देश में युद्ध स्तर पर ड्रोन तकनीक में शोध व अनुसंधान को बढ़ावा देने की जरूरत है। उस हद तक कि देश के युवाओं में ड्रोन निर्माण व शोध के लिये एक नया जुनून पैदा हो सके। यह वक्त की जरूरत भी है कि अपनी सीमाओं को अक्षुण्ण बनाये रखा जाये। यह इसीलिये भी जरूरी है कि पड़ोसी मुल्क चीन ने पिछले दिनों अपने रक्षा खर्च में अप्रत्याशित बढ़ोतरी की है। पिछले दिनों लद्दाख व एलएसी पर संदिग्ध गतिविधियां उसके खतरनाक मंसूबों की ओर इशारा कर रही हैं। जिसको लेकर हमें सतर्क रहना होगा। हमें उन्नत राडार, रेडियो फ्रीक्वेंसी एनालाइजर, ध्वनिक सेंसर या ऑप्टिकल सेंसर जैसे अत्याधुनिक ड्रोन निगरानी तंत्र की बहाली तुरंत करनी होगी। यह सुखद है कि जे एंड के व पंजाब के विभिन्न सेक्टरों में तैनात स्वदेशी एंटी-ड्रोन जैमर व स्पूफर्स के परीक्षण सकारात्मक रहे हैं।

## विपक्ष आपस में उलझा


**शकील अख्तर**

**संघ** और भाजपा जो मुसलमानों से मिलने और अपना दृष्टिकोण प्रचारित करने का जो काम करती है उसका वास्तविक उद्देश्य भारत के मुसलमानों को कोई खास मैसेज देना नहीं होता वह अन्तरराष्ट्रीय जगत में धर्मनिरपेक्ष समावेशी छवि बनाने के लिए होता है। भारत की दुनिया में एक आधुनिक देश की छवि है। उसके खिलाफ कोई भी खबर जब विदेशों में जाती है तो सरकार के लिए बहुत प्रतिकूल माहौल बन जाता है। विपक्ष में झगड़े ही झगड़े हैं संघ परिवार में पूर्ण एकता। 2024 सिर पर खड़ा है मगर विपक्ष के दल अकेले लड़ेंगे, कांग्रेस के साथ नहीं जाएंगे, तीसरा मोर्चा बनेगा में व्यस्त हैं। उधर बीजेपी तो जो कर रही है कर ही रही है उसकी मातृ संस्था राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ भी पूरी तरह काम पर लगी हुई है। बहुत सारे मोर्चों पर काम करने के अलावा वह मुसलमानों के बीच खूब सक्रिय है। एक तरफ प्रधानमंत्री पसमांदा ( पिछड़े) मुसलमानों को साथ जोड़ने की बात कर रहे हैं और भाजपा इसके लिए जगह-जगह सम्मेलन कर रही है। वहीं संघ मुस्लिम धर्म गुरुओं, बुद्धिजीवियों के अलग- अलग समूहों से लगातार बात कर रहा है। ऐसी कई बातचीतें हो गई हैं। संघ का मुस्लिम मंच इन्हें औपचारिक और अनौपचरिक दोनों तरीके से आयोजित करता रहता है। इसमें संघ प्रमुख मोहन भागवत से मिलाने से लेकर अन्य वरिष्ठ नेताओं से मुलाकातें करवाई जाती हैं। अब जब चुनाव सामने आ गए हैं तो यह सिलसिला तेज हो गया है।

पहले जमीयत उलेमा ए हिन्द के अध्यक्ष मौलाना अरशद मदनी से संघ प्रमुख मोहन भागवत मिले। फिर पूर्व मुख्य चुनाव आयुक्त, एसवाई कुरैशी, दिल्ली के पूर्व एलजी नजीब जंग, एएमयू के पूर्व उप कुलपति जमीरुद्दीन शाह, पत्रकार शाहिद सिद्दिकी से भागवत मिले।

# सचमुच नाचा देश

आरआरआर फिल्म के विश्वविख्यात गाने ह्यनाटू-नाटूह्न यानी ह्यनाचो-नाचोह्न की कामयाबी पर सचमुच पूरा देश खुशी से झूम उठा है। ऐसा पहली बार हुआ कि भारतीय परिवेश, जीवन दर्शन और संगीत पर आधारित दो प्रविष्टियों को अकादमी अवाड्र्स की दो श्रेणियों में ऑस्कर अवॉर्ड मिले हों। जहां ह्यनाटू-नाटूह्न को ओरिजनल सॉन्ग की श्रेणी में ऑस्कर पुरस्कार मिला, वहीं कार्तिकेय गोंजाल्विस व गुनीत मोंगा की डॉक्यूमेंट्री फिल्म ह्यद एलिफेंट व्हिस्परर्सह्न को सर्वश्रेष्ठ डॉक्यूमेंट्री श्रेणी में यह सम्मान मिला। जब भी किसी रचना को शिखर की सफलता मिलती है तो निस्संदेह उसकी गुणवत्ता भी उस स्तर की रही होगी। जहां पूरी दुनिया की प्रतिभाएं मुकाबले में होती हैं। फिर ऐसी किसी रचना की अंतर्राष्ट्रीय स्वीकार्यता का प्रश्न भी होता है। विकसित देश तकनीक, सुविधा और संसाधनों के मुकाबले में हमसे कहीं आगे हैं। ऐसे में उनके घर में उनकी प्रविष्टियों को पीछे छोड़ना निस्संदेह बड़ी चुनौती होती है। आज पूरी दुनिया यदि ह्यनाटू-नाटूह्न पर झूम रही है तो उसके मूल में फिल्म के डायरेक्टर एस.एस. राजामौली की दृष्टि और तपस्या भी है। सही मायनों में यह उम्दा निदेशक, गीतकार, संगीतकार और कलाकारों की त्रुटिरहित जुगलबंदी का ही नतीजा है कि एक उत्कृष्ट गीत सामने आया। दरअसल, दक्षिण भारत के चर्चित अभिनेता एनटीआर जूनियर व रामचरण के उम्दा डांस, निदेशक राजामौली की पारखी-सधी दृष्टि,संगीत निदेशक एम.एम. किरावानी और गीतकार चंद्रबोस की मौलिक प्रतिभा ने यह इतिहास रचा है। यूं तो इस गाने ने पहले भी कई अंतर्राष्ट्रीय पुरस्कार जीते हैं, लेकिन



सोमवार की सुबह जिस दूसरी कामयाबी से भारतीय आह्लादित हुए वह थी ह्यद एलीफेंट व्हिसपर्सह्न का पहली बार देश की तरफ से किसी डॉक्यूमेंट्री के लिये ऑस्कर का जीतना। सर्वोत्तम डॉक्यूमेंट्री का पुरस्कार जीतने वाली इस कृति के मुकाबले में कई चर्चित डॉक्यूमेंट्री थीं। लेकिन प्रकृति व जीवों के सहअस्तित्व की भारतीय अवधारणा को चित्रित करने वाली ह्यद एलीफेंट व्हिसपर्सह्न ने कामयाबी की नई इबारत लिखी।

ऑस्कर के मायने बड़े हैं। जब दुनिया ने गीत को ओरिजनल माना तो उसमें जरूर ऐसा दमखम रहा होगा। मौलिक गाने का मानक होता है कि गाने की धुन, विषय व अर्थ पर किसी अन्य गाने का प्रभाव न हो। दक्षिण के दो बेहतरीन डांसर एनटीआर व रामचरण की जुगलबंदी ने इस गाने की स्वीकार्यता को नई ऊंचाई दी। वे मौलिक रचना व हृदयस्पर्शी धुन को उस स्तर तक ले गये, जहां इसे सुनकर हर कोई वाह-वाह कहने को बाध्य हो जाये।

दरअसल, इन कलाकारों ने गीतकार चंद्रबोस के शब्दों, किरावानी के संगीत तथा राजामौली की सोच को वो ऊंचाई दे दी कि पूरी दुनिया ह्यनाटू-नाटूह्न करने लगी। वहीं इस गीत में वर्ष 1920 के तेलंगाना व आंध्रप्रदेश के उस परिवेश व तेवर को भी जीवंत किया गया जो फिरंगियों से दो-दो हाथ कर रहा था। दरअसल, तमाम बदलावों, रिटेक, पुनर्लेखन के बाद और पसीना बहाकर यह उपब्लधि हकीकत बनी। सोमवार की सुबह जिस दूसरी कामयाबी से भारतीय आह्लादित हुए वह थी ह्यद एलीफेंट व्हिसपर्सह्न का पहली बार देश की तरफ से किसी डॉक्यूमेंट्री के लिये ऑस्कर का जीतना। सर्वोत्तम डॉक्यूमेंट्री का पुरस्कार जीतने वाली इस कृति के मुकाबले में कई चर्चित डॉक्यूमेंट्री थीं। लेकिन प्रकृति व जीवों के सहअस्तित्व की भारतीय अवधारणा को चित्रित करने वाली ह्यद एलीफेंट व्हिसपर्सह्न ने कामयाबी की नई इबारत लिखी। दरअसल,यह डॉक्यूमेंट्री एक ऐसे भारतीय दंपति बोम्मन व बेल्ली की मार्मिक कहानी पर आधारित है जो एक मरणासन्न हाथी के बच्चे को नया जीवन देकर उसे अपने बच्चे की तरह पालते हैं। तमिलनाडु के एक टाइगर रिजर्व में रहने वाले कट्टूनायकन समुदाय के इस दंपति द्वारा वन्यजीवों के संरक्षण व पोषण का हृदयस्पर्शी चित्रण पूरी दुनिया को भाया है। पहले मिले रघु हाथी के बाद कई अन्य हाथी के बच्चों को अपने बच्चों की तरह पालकर इस दंपति ने नया जीवन दिया। उनके प्रयासों को पांच साल तक देखने के बाद कार्तिकी गोंजाल्विस ने दो साल शूटिंग करके यह फिल्म बनायी। दरअसल, मनुष्य व जंगली जानवरों के रिश्तों को मार्मिकता के साथ प्रस्तुत करने के कारण यह एक उम्दा डॉक्यूमेंट्री बन पायी। निस्संदेह, फिल्म इंसान व जीवों के सह-अस्तित्व का महत्वपूर्ण संदेश देती है। यानी प्रकृति के साथ सामंजस्य बनाकर ही विकास को सार्थक बनाया जा सकता है। फिल्म का निर्माण गुनीत मोंगा व अचिन जैन की कंपनी शिक्या एंटरटेनमेंट ने किया। पुरस्कार की खबर से बोम्मन व बेल्ली खुश तो हैं लेकिन दुख इस बात का है कि उनका रघु उनके साथ नहीं है। निस्संदेह, इन दोनों पुरस्कारों ने हर भारतीय को गर्व करने का एक अवसर प्रदान किया है।

# महिलाओं के प्रति बदलना होगा नजरिया

**रमेश सर्राफ धमोरा**

भारत में नारी को देवी के रूप में देखा गया है। कहा जाता है कि जहां नारी की पूजा होती है वहां देवता निवास करते हैं। प्राचीन काल से ही यहां महिलाओं को समाज में विशिष्ट आदर एवं सम्मान दिया जाता है। भारत वह देश है जहां महिलाओं की सुरक्षा और इज्जत का खास ख्याल रखा जाता है। अगर हम इक्कीसवीं सदी की बात करे तो यहां की महिलाएं हर क्षेत्र में पुरुषों के साथ कंधे से कंधा मिला काम कर रही है।

हमारे देश में महिलाओं को पुरुषों के बराबर अधिकार है। महिलायें देश की आधी आबादी का प्रतिनिधित्व करती है तथा विकास में भी बराबर की भागीदार है। आज के युग में महिला पुरुषों के साथ ही नहीं बल्कि उनसे दो कदम आगे निकल चुकी है। महिलाओं के बिना समाज की कल्पना भी नहीं की जा सकती है। भारतीय संविधान के अनुसार महिलाओं को भी पुरुषों के समान जीवन जीने का हक है।देश में 2021 में 2020 के मुकाबले महिलाओं के खिलाफ अपराधों में 15.3 फीसदी की बढ़ोतरी हुई है। राष्ट्रीय अपराध रिकॉर्ड ब्यूरो (एनसीआरबी) द्वारा जारी आंकड़ों के मुताबिक 2021 में महिलाओं के खिलाफ अपराधों के 4,28,278 मामले दर्ज हुए हैं। जबकि 2020 में 3,71,503 मामले दर्ज हुए थे। एनसीआरबी की रिपोर्ट में ये भी बताया गया है कि प्रति एक लाख की आबादी पर महिलाओं के खिलाफ अपराध 2020 में 56.5 फीसदी से बढ़कर 2021 में 64.5 फीसदी हो गए हैं। इनमें अधिकतर मामले 31.8 फीसदी पति या उसके रिश्तेदारों द्वारा क्रूरता के हैं। इसके बाद 20.8 फीसदी मामले महिलाओं की गरिमा को भंग करने इरादे से उनपर हमला करने के हैं। 17.6 फीसदी उनके अपहरण के और 7.4 फीसदी बलात्कार के हैं। रिपोर्ट के मुताबिक 2021 में महिलाओं के खिलाफ अपराध के सबसे ज्यादा मामले असम में सामने आए है। यानी 168.3 फीसदी। जबकि बीते तीन साल में इसमें गिरावट दिखी है। राज्य में बीते साल इस तरह के



29,000 मामले दर्ज हुए हैं। इसके अलावा टॉप पर रहने वाले राज्यों में ओडिशा, हरियाणा, तेलंगाना और राजस्थान शामिल हैं। राजस्थान में भी असम की ही तरह मामलों में मामूली कमी देखी गई है। जबकि बाकी के तीन राज्यों ओडिशा, हरियाणा और तेलंगाना में मामले बढ़े हैं। रिपोर्ट में वास्तविक दर्ज मामलों में उत्तर प्रदेश 56,083 पहले स्थान पर है।

हालांकि उसकी दर 50.5 फीसदी से कम है। राजस्थान 2021 में बलात्कार की उच्चतम दर 16.4 फीसदी रही है और यह वास्तविक दर्ज 6,337 मामलों के साथ लिस्ट में टॉप पर है। हालांकि नागालैंड बीते तीन साल से महिलाओं के खिलाफ सबसे कम अपराध वाले राज्यों में बना हुआ है। यहां 2019 में 43, 2020 में 39 और 2021 में 54 मामले दर्ज हुए हैं। यहां 2021 में भी महिलाओं के खिलाफ सबसे कम अपराध दर 5.5 फीसदी दर्ज की गई है। एनसीआरबी की नई रिपोर्ट के मुताबिक देशभर में महिलाओं के लिए सबसे असुरक्षित राष्ट्रीय राजधानी दिल्ली में पिछले साल हर दिन दो नाबालिग लड़कियों से बलात्कार हुआ है। आंकड़ों से पता चलता है कि दिल्ली में 2021 में महिलाओं के खिलाफ अपराध के 13,892 मामले दर्ज किए गए। जिसमें 2020 की तुलना में 40 फीसदी से अधिक की वृद्धि हुई है। साल 2020 में यह आंकड़ा 9,782 था। दिल्ली के बाद मुंबई में 5,543 मामले और बेंगलुरु में 3,127 मामले आए थे। थॉमसन रॉयटर्स फाउंडेशन की ओर से जारी किए गए एक सर्वे में भारत को पूरी दुनिया में महिलाओं के लिए सबसे खतरनाक और असुरक्षित देश माना गया है। महिलाओं के प्रति यौन हिंसा, मानव तस्करी और यौन व्यापार में ढकेले जाने के आधार पर भारत को महिलाओं के लिए खतरनाक बताया गया है। इस सर्वे के अनुसार महिलाओं के मुद्दे पर युद्धग्रस्त अफगानिस्तान और सीरिया क्रमशः दूसरे और तीसरे, सोमालिया चैथे और सउदी अरब पांचवें स्थान पर हैं। इस सर्वे में 193 देशों को शामिल किया गया था। इससे यह साबित होता है कि 2012 में दिल्ली में एक चलती बस में हुए सामूहिक बलात्कार के बाद अभी तक महिलाओं की सुरक्षा को लेकर पर्याप्त काम नहीं किए गए हैं। 2012 में हुए निर्भया कांड के बाद महिलाओं की सुरक्षा और उनके खिलाफ होने वाली हिंसा देश के लोगों के लिए सबसे महत्वपूर्ण मुद्दा बन गया था। अब प्रश्न यह है कि क्या भारत सच में महिलाओं के लिए सुरक्षित स्थान नहीं है। पाश्चात्य देशों का भारत के प्रति रुख कभी सकारात्मक नहीं रहा है। आज भारत जब जहां एक ओर विकास की लम्बी छलाग लगा रहा है वहीं दूसरी ओर कुछ विदेशी संस्थान दूर बैठ कर भारत के ऊपर नकारात्मक रिपोर्ट बना रहे हैं। कुछ घटनायें वाकई में शर्मनाक हैं लेकिन कुछ घटनाओं के लिए पूरे देश को जिम्मेदार तो नहीं ठहराया जा सकता है। इस रिपोर्ट में आपराधिक घटनाओं में वृद्धि इसलिए दिखाई दे रही है। क्योंकि रिपोर्ट बनाने से पहले उनके द्वारा इस प्रकार का माहौल बनाया जाता है। जहां तक बात आती है महिलाओं की सुरक्षा की तो पिछले कुछ वर्षों में भारत ने अभूतपूर्व निर्णयों से महिलाओं की सुरक्षा के लिए कई प्रबंध किये हैं।

ऐसे में भारत के प्रति ऐसी नकारात्मक रिपोर्ट भारत में खबर बनाने की विदेशी संस्थाओं की सोची समझी साजिश के अलावा कुछ और प्रतीत नहीं होता। भारत में महिलायें पहले की अपेक्षा ज्यादा सुरक्षित है। आज जहां महिलाये नयी ऊंचाइयों को छू रहीं हैं वहीं दूसरी ओर सुरक्षा के शीर्ष पदों में भी देश का गौरव बढा रहीं हैं। भारत में महिला सुरक्षा से जुड़े कानून की सूचि बहुत लंबी है। इसमें हिंदू विडो रीमैरिज एक्ट 1856, इंडियन पीनल कोड 1860, मैटरनिटी बेनिफिट एक्ट 1861, क्रिस्चियन मैरिज एक्ट 1872, मैरिड वीमेन प्रॉपर्टी एक्ट 1874,चाइल्ड मैरिज एक्ट 1929, स्पेशल मैरिज एक्ट 1954, हिन्दू मैरिज एक्ट 1955, फॉरेन मैरिज एक्ट 1969, इंडियन डाइवोर्स एक्ट 1969, मुस्लिम वुमन प्रोटेक्शन एक्ट 1986, नेशनल कमीशन फॉर वुमन एक्ट 1990, सेक्सुअल हर्रास्मेंट ऑफ वुमन एट वर्किंग प्लेस एक्ट 2013 आदि। इसके अलावा 7 मई 2015 को लोक सभा ने और 22 दिसम्बर 2015 को राज्य सभा ने जुवेनाइल जस्टिस बिल में भी बदलाव किया है। इसके अन्तर्गत यदि कोई 16 से 18 साल का किशोर जघन्य अपराध में लिप्त पाया जाता है तो उसे भी कठोर सजा का प्रावधान है। देश में महिलाओं के प्रति खराब होते माहौल को बदलने की जिम्मेदारी सिर्फ सरकार की ही नहीं अपितु हर आम आदमी की भी है। हम सभी को आगे आकर महिला सुरक्षा की लड़ाई में महिलाओं का साथ देना होगा तभी देश की मातृ शक्ति सर उठा कर शान से चल सकेगीं। फिर कोई विदेशी संस्था भारत के खिलाफ इस तरह की नकारात्मक रिपोर्ट जारी करने से पहले सौ बार सोचेगी। अब महिलाओं को समझना होगा कि आज समाज में उनकी दयनीय स्थिति समाज में चली आ रही परम्पराओं का परिणाम है। इन परम्पराओं को बदलने का बीड़ा स्वयं महिलाओं को ही उठाना होगा।

# स्वच्छता का संदेश देती है शीतला माता

**रमेश सर्राफ धमोरा**

**शीतला** माता स्वच्छता की अधिष्ठात्री देवी हैं और इसी संदर्भ में शीतला माता की पूजा से हमें स्वच्छता की प्रेरणा मिलती है। इनका सैदव से ही बहुत अधिक माहात्म्य रहा है। शीतला-मंदिरों में प्राय: माता शीतला को गर्दभ पर ही आसीन दिखाया गया है। शीतला माता के संग ज्वरासुर- ज्वर का दैत्य, ओलै चंडी बीबी - हैजे की देवी, चैंसठ रोग, घेंटुकर्ण- त्वचा-रोग के देवता एवं रक्तवती - रक्त संक्रमण की देवी होते हैं। इनके कलश में दाल के दानों के रूप में विषाणु या शीतल स्वास्थ्यवर्धक एवं रोगाणु नाशक जल होता है। हिन्दू धर्म के विविध पर्व-त्योहारों को मनाने के पीछे वैज्ञानिक सोच व तत्व-दर्शन निहित है। होली के एक सप्ताह बाद मनाये जाने वाले शीतलाष्टमी त्योहार पर शीतला माता का पूजन कर व्रत रखा जाता है। मान्यता है कि माता के पूजन से चेचक, खसरा जैसे संक्रामक रोगों का मुक्ति मिलती है। चूंकि ऋतु-परिवर्तन के दौरान इस समय संक्रामक रोगों के प्रकोप की काफी आशंका रहती है। इसलिए इन रोगों से बचाव के लिए श्रद्धालु शीतलाष्टमी के दिन माता का विधिपूर्वक पूजन करते हैं जिससे शरीर स्वस्थ बना रहे। सामान्य तौर पर शीतला माता का पूजन चैत्र कृष्ण पक्ष की अष्टमी को किया जाता है। भगवती शीतला की पूजा का विधान भी विशिष्ट है। शीतलाष्टमी के एक दिन पूर्व उन्हें भोग लगाने के लिए बासी खाना यानी बसौड़ा तैयार किया जाता है। अष्टमी के दिन बासी पदार्थ ही देवी को नैवेद्य के रूप में अर्पित करते हैं और भक्तों के बीच प्रसाद के रूप में इसे वितरित करते हैं। उत्तर भारत में शीतलाष्टमी का त्योहार बसौड़ा नाम से भी प्रचलित है। मान्यता है कि इस दिन के बाद से बासी खाना नहीं खाना चाहिए। यह ऋतु का अंतिम दिन होता है जब बासी खाना खा सकते हैं। इस व्रत में रसोई की दीवार पर हाथ की पांच अंगुली घी से लगाई जाती है। इस पर रोली और चावल लगाकर देवी माता के गीत गाये जाते हैं। इसके साथ, शीतला स्तोत्र तथा कहानी सुनी जाती है। रात में जोत जलाई जाती है। एक थाली में बासी भोजन रखकर परिवार के सारे सदस्यों का हाथ लगवाकर शीतला माता के मंदिर में चढ़ाते हैं। इनकी उपासना से स्वच्छता और पर्यावरण को सुरक्षित रखने की प्रेरणा मिलती है। शीतला माता की महत्ता के विषय में स्कंद पुराण में विस्तृत वर्णन मिलता है। इसमें उल्लेख है कि शीतला देवी का वाहन गर्दभ है। ये हाथों में कलश, सूप, मार्जन (झाडू) और नीम के पत्ते धारण किये हैं। इनका प्रतीकात्मक महत्व है। आशय यह है कि चेचक का रोगी व्यग्रता में वस्त्र उतार देता है। सूप से रोगी को हवा की जाती है। झाडू से चेचक के फोड़े फट जाते हैं। नीम की पत्तियां फोड़ों को सड़ने नहीं देतीं। रोगी को ठंडा जल अच्छा लगता है, अत: कलश का महत्व है। गर्दभ की लीद के लेपन से चेचक के दाग मिट जाते हैं। स्कंद पुराण में शीतला माता की अर्चना का स्तोत्र है शीतलाष्टक। माना जाता है कि इस स्तोत्र की रचना भगवान शंकर ने की थी। यह स्तोत्र शीतला देवी की महिमा का गान कर उनकी उपासना के लिए भक्तों को प्रेरित करता है।

**वन्देहं शीतलां देवीं रासभस्थां दिगम्बराम।**
**मार्जनीकलशोपेतां**
**शूर्पालङ्कृत**मस्तकाम।।

अर्थात गर्दभ पर विराजमान दिगम्बरा, हाथ में झाडू तथा कलश धारण करने वाली, सूप से अलंकृत मस्तकवाली भगवती शीतला की मैं वंदना करता हूं। शीतला माता के इस वंदना मंत्र से स्पष्ट है कि ये स्वच्छता की अधिष्ठात्री देवी हैं। हाथ में मार्जनी (झाडू) होने का अर्थ है कि हम लोगों को भी सफाई के प्रति जागरूक होना चाहिए। कलश से तात्पर्य है कि स्वच्छता रहने पर ही स्वास्थ्य रूपी समृद्धि आती है। मान्यता के अनुसार, इस व्रत को रखने से शीतला देवी प्रसन्न होती हैं और व्रती के कुल में चेचक, खसरा, दाह, ज्वर, पीतज्वर, दुर्गंधयुक्त फोड़े और नेत्रों के रोग आदि दूर हो जाते हैं। माता के रोगी के लिए यह व्रत बहुत मददगार है। आमतौर पर, शीतला रोग के आक्रमण के समय रोगी दाह (जलन) से निरंतर पीड़ित रहता है। उसे शीतलता की बहुत जरूरत होती है।

## सकल घरेलू उत्पाद में कमी दे रही है अर्थव्यवस्था में संकट

**अंजन रॉय**

**आरबीआई** को अपने मुद्रास्फीति नियंत्रण रुख की लागतों का वजन करना चाहिए। एक कठोर मौद्रिक नीति जिसके परिणामस्वरूप अर्थव्यवस्था की मंदी लोगों के लिए और अधिक कठिनाई पैदा कर सकती है और आर्थिक संभावनाओं को नुकसान पहुंचा सकती है तो क्यों न कम विकास प्रक्षेपवक्र शुरू करने की तुलना में थोड़ी अधिक मुद्रास्फीति को सहन किया जाये। विकास की धीमी गति और कम मूल्य वृद्धि के बीच यह एक कठिन विकल्प है। सकल घरेलू उत्पाद (जीडीपी) के ताजा आंकड़े बताते हैं कि भारतीय अर्थव्यवस्था धीमी हो रही है। पिछली तिमाही के आंकड़ों से संकेत मिलता है कि राष्ट्रीय आय में 4.4फीसदी की वृद्धि हुई है, जो पिछली दो तिमाहियों की तुलना में कम थी। इसे रिजर्व बैंक द्वारा लगभग एक साल के लिए ब्याज दरों में 2.50फीसदी तक की बढ़ोतरी के लिए तुरंत जिम्मेदार ठहराया गया था।

कुछ लोगों ने यह भी तर्क दिया है कि केंद्रीय बैंक को अब अनियंत्रित कीमतों को नियंत्रित करने के लिए सख्त मौद्रिक नीति व्यवस्था के अपने रुख के प्रभाव का मूल्यांकन करना चाहिए। दरअसल, कीमतें बढ़ रही हैं, इसमें कोई शक नहीं है। किसी भी केंद्रीय बैंक की प्रमुख जिम्मेदारी एक सहज मूल्य स्थिति सुनिश्चित करना है। मुद्रास्फीति नियंत्रण केंद्रीय बैंक का एक प्राथमिक उद्देश्य है और उस लक्ष्य को प्राप्त करने के लिए जो कुछ भी करना है, उसे इससे विचलित नहीं होना चाहिए। लेकिन तर्क चलता है कि आरबीआई को अपने मुद्रास्फीति नियंत्रण रुख की लागतों का वजन करना चाहिए। एक कठोर मौद्रिक नीति जिसके परिणामस्वरूप अर्थव्यवस्था की मंदी लोगों के लिए और अधिक कठिनाई पैदा कर सकती है। और आर्थिक संभावनाओं को नुकसान पहुंचा सकती है तो क्यों न कम विकास प्रक्षेपवक्र शुरू करने की तुलना में थोड़ी अधिक मुद्रास्फीति को सहन किया जाये। विकास की धीमी गति और कम मूल्य वृद्धि के बीच यह एक कठिन विकल्प है। कम विकास का मतलब है कि अंततः यह कम नये रोजगार के अवसर पैदा करेगा और इस प्रकार आय में कमी करेगा। सबसे खराब स्थिति में, कम विकास, मंदी की ओर ले जाने का मतलब रोजगार का नुकसान भी हो सकता है। वह आखिरी सौदा हो सकता है। कहने की जरूरत नहीं है कि आरबीआई गवर्नर शक्तिकांत दास इस दुविधा से अच्छी तरह वाकिफ हैं।

## फटाफट खबरें

### इटावा सफारी से लाकर टाइगर रिजर्व में छोड़ा गया तेंदुआ

**अखंड भारत संदेश**

**चित्रकूट।** इटावा सफारी से लाए तेंदुआ को रानीपुर टाइगर रिजर्व में छोड़ा गया है। तेंदुआ बहुत ही खूंखार है। उसने सफारी में रहने वाले जानवरों पर कई बार हमला भी किया है।

इटावा सफारी से एक तेंदुआ को विशेष गाड़ी से जिले के मानिकपुर स्थित रानीपुर टाइगर रिजर्व क्षेत्र के मारकुंडी स्थित चैरी जंगल लाया गया। जहां उसे बुधवार की भोर चार बजे विशेष सुरक्षा के साथ पिंजरे से छोड़ा गया। तेंदुआ को जैसे ही जंगल में छोड़ा गया, वह दौड़ लगाते हुए आंखों से ओझल हो गया। रानीपुर टाइगर रिजर्व के उप निदेशक पीके त्रिपाठी ने बताया कि तेंदुआ बेहद ही खतरनाक है।

वहीं, वन विभाग के मारकुंडी रेंजर एके जैन ने बताया कि तेंदुआ मादा है। उसकी आयु लगभग चार वर्ष है। इटावा सफारी से तेंदुआ के साथ फारेस्टर अधीक्षक अशोक कुमार के नेतृत्व में टीम भी आई है। खूंखार तेंदुआ को टाइगर रिजर्व क्षेत्र में छोड़ना कितना उचित है, इसका जवाब किसी अधिकारी ने नहीं दिया है। जब उनसे पूछा गया कि यह तो जानवरों के साथ आसपास की बस्ती वालों, चरवाहों और लकड़ी बीनने वालों के लिए खतरनाक हो सकता है। इस पर उप निदेशक पीके त्रिपाठी ने कहा कि यह इंसानों पर हमला नहीं करता। बस छोटे जानवरों का ही शिकार करता है। बता दें कि पीलीभीत से लाए गए एक तेंदुए ने साल भर पहले बस्ती पर हमला किया था। कुछ गोवंशों का बस्ती के बाहर शिकार भी किया था।

रानीपुर टाइगर रिजर्व में इसके पहले आधा दर्जन से अधिक तेंदुए को छोड़े गए हैं। इस साल तीसरा तेंदुआ छोड़ा गया है। दो माह पहले भी एक तेंदुआ लाया गया था। रानीपुर टाइगर रिजर्व क्षेत्र से जुड़े मप्र के जंगल व पन्ना टाइगर रिजर्व क्षेत्र में जुड़ा हुआ है। छोड़े गए तेंदुए इन क्षेत्रों में चले जाते हैं।

### शादी तो हो गई, लेकिन ज्यादातर दुल्हन नहीं पहुंची ससुराल, सम्मेलन में शादी के नाम पर रस्म अदायगी

**अखंड भारत संदेश**

**चित्रकूट।** मुख्यमंत्री सामूहिक विवाह समारोह में शादी तो हो गई, लेकिन ज्यादातर दुल्हन अपने ससुराल नहीं पहुंची हैं। सरकारी योजना का लाभ लेने को गरीब बनकर आवेदन करते हैं, लाभ मिलने के बाद ससुराल न जाकर घर से धूमधाम से शादी रचाते हैं।

मुख्यमंत्री सामूहिक विवाह समारोह में कई जोड़ों की शादी हुई, लेकिन ज्यादातर दुल्हनें अपने ससुराल नहीं गई। योजना का लाभ उठाकर ज्यादातर लोग गरीब होने का ढोंग करते हैं। कई जोड़ों के परिजनों ने शादी के कार्ड बांट दिए तो कइयों के कार्ड बांटे जाना अभी बांकी है। सरकारी योजना का लाभ उठाकर ज्यादातर जोड़े धूमधाम से शादी रचायेंगे।

मुख्यमंत्री सामूहिक विवाह समारोह में सिर्फ शादी की रस्म अदायगी करते हैं। कईयों की डोली उठना अभी भी बांकी है। जिला प्रशासन ऐसे गरीबों की जांच कराकर आवश्यक कार्यवाही करे।

### मनरेगा योजना के भुगतान में हुई जमकर धांधली, बिना रेशियो पूरा किये हुआ भुगतान

**अखंड भारत संदेश**

**चित्रकूट।** जिले के रामनगर ब्लाक में मनरेगा योजना से कराए जा रहे कार्यों में घोर धांधली देखने को मिल रही है। जहां पर बिना कार्य पूर्ण हुए ही मनमाने ढंग से भुगतान किए गए हैं और जमकर कमीशनखोरी की गई है।

रामनगर ब्लाक में खण्ड विकास अधिकारी व ठेकेदारों की मिलीभगत के चर्चे खूब सुनने को मिल रहे हैं। मनरेगा योजना से कराए जा रहे कार्यों की हकीकत खूब देखने को मिल रही है। जहां पर बिना कार्य कराए ही मनमाने ढंग से भुगतान कर दिए गए हैं, जबकि मौके पर कार्य पूर्ण नहीं हुए हैं। खण्ड विकास अधिकारी अपने चहेते ठेकेदारों की फर्मों के नाम मनमाने ढंग से भुगतान कर रहे हैं। जमकर कमीशनखोरी कर रहे हैं। मनरेगा योजना में बिना रेशियो पूरा हुए ही भुगतान किए गए हैं, जबकि जिन ग्राम पंचायतों में रेशियो पूरा है, उनका भुगतान नहीं किया गया है। रामनगर ब्लाक में मनरेगा योजना की गाइडलाइन को दरकिनार कर भुगतान को लेकर शिकायतकर्ता ने मुख्य विकास अधिकारी को शिकायती पत्र देकर जांच कराकर आवश्यक कार्यवाही करने की मांग की है।

अब देखना है कि मुख्य विकास अधिकारी मामले को संज्ञान में लेकर जांच कराकर दोषियों के विरुद्ध आवश्यक कार्यवाही करेंगे या फिर खण्ड विकास अधिकारी व ठेकेदारों की मिलीभगत से ऐसे ही सरकारी धन का बंदरबाट होता रहेगा, यह एक बड़ा सवाल है।

### मथुरा : विनोद जाट गैंग का सदस्य देवेन्द्र मुठभेड़ में गिरफ्तार



**मथुरा।** कुख्यात देवेंद्र, विनोद जाट गैंग के सदस्य और इनामी अपराधी को छाता पुलिस ने पिलहोरा बम्बा अकबरपुर शेरगढ़ रोड पर हुई मुठभेड़ के दौरान पकड़ा है। फायरिंग में इसके पैर में गोली लगी है, जिसे उपचार हेतु छाता के सामुदायिक स्वास्थ्य केन्द्र में भर्ती करवाया गया। इसके पास से 315 बोर का तमंचा, दो कारतूस, एक मोबाइल फोन तथा बिना नम्बर की एक्टिवा मिली है। इस पर विभिन्न अपराधों में मुकदमे चल रहे हैं। यह जैत थाना क्षेत्र का हिस्ट्रीशीटर बदमाश है। यह जानकारी बुधवार को एसपी देहात ने दी।

बुधवार को पत्रकारवार्ता में एसपी देहात त्रिगुण बिसेन ने बताया कि मुखबिर की सूचना पर छाता, स्वॉट व सर्विलांस टीम ने नीरज उर्फ नरेन्द्र उर्फ भुप्पाडी पुत्र सुरेश चन्द्र उर्फ सुरेश ठाकुर निवासी राल थाना जैंत को पिलहोरा बम्बा अकबरपुर शेरगढ रोड पर घेर लिया। खुद को घिरा देख आरोपित ने पुलिस पर फायरिंग कर दी। जवाबी कार्रवाई करते हुए पुलिस ने फायरिंग की तो उसके पैर में गोली लगी और वह घायल हो गया। तलाशी में उसके कब्जे से तमंचा, कारतूस तथा बिना नंबर की एक्टिवा बरामद हुई।

एसपी देहात त्रिगुण बिसेन ने बताया कि पकड़ा गया अभियुक्त शातिर किस्म का चोर एवं लुटेरा है। जनपद के विभिन्न थानों में उसके खिलाफ 30 से अधिक मुकदमे पंजीकृत हैं। इसके अलावा उसके और आपराधिक इतिहास की जानकारी की जा रही है। एसपी देहात ने बताया कि पकड़ा गया अभियुक्त थाना जैत का हिस्ट्रीशीटर है। गिरफ्तार अभियुक्त शातिर देवेंद्र जाट व विनोद जाट गैंग का सदस्य है। पुलिस देवेंद्र जाट और विनोद जाट के ऊपर भी नकेल कसने की रणनीति बना चुकी है।

# किसान भाई हमारी अर्थव्यवस्था की हैं रीढ़: डीएम



**अखंड भारत संदेश**

**चित्रकूट।** जिलाधिकारी अभिषेक आनन्द की अध्यक्षता में किसान दिवस में किसान भाइयों से कहा कि जो समस्या आप लोगों ने उठाई है, उसका निस्तारण संबंधित विभागों से कराया जाएगा। किसान भाई हमारी अर्थव्यवस्था की रीढ़ है। किसानों की मेहनत से ही देश व प्रदेश चलता है। उन्होंने किसान यूनियन व कृषि विभाग के अधिकारियों से कहा कि आग लगने से किसानों की फसलों का नुकसान होता है। इसके मद्देनजर गांव में प्रचार-प्रसार किसानों को जागरूक करें।

बुधवार को जिलाधिकारी अभिषेक आनन्द ने कलेक्टेज्ट सभागार में कहा कि इस वर्ष जिले में अच्छी फसल हुई है। आपकी आमदनी बढ़े और अनाज का अच्छा समर्थन मूल्य मिले और आय दोगुनी हो, यही उनही सभी को शुभकामनाएं हैं। बंदोबस्त अधिकारी चकबंदी को निर्देश दिए कि जिन किसान भाइयों ने चकबंदी की समस्या बताया है, वहां की जांच कर संबंधित अधिकारी-कर्मचारी के खिलाफ कार्यवाही कराएं। सरसों, चना, मसूर, अरहर के लिए क्रय केंद्र खोलने के लिए पत्राचार शासन को किया जाएगा। गेहूं खरीद केंद्र एक अप्रैल से खुल जाएंगे। गेहूं बेचने को किसान अपना अधिक से अधिक पंजीकरण करा लें। उपनिदेशक कृषि से कहा कि जो बालू खनन बरुआ व तीरमऊ क्षेत्र में वाहनों के आवागमन से किसानों की फसलों की क्षति हुई है, उसका तहसीलदार के साथ संयुक्त जांचकर अवगत कराएं। जिन किसानों की फसल बारिश में डूब क्षेत्र में प्रभावित हुई है। जिन किसानों को फसल बीमा का लाभ नहीं मिला है, उन्हें तत्काल दिलाएं। कृषि विभाग व विद्युत विभाग से कहा कि जब गेहूं की फसल पक जाती है तो विद्युत से आग लगने की संभावना को देखते हुए अभी से ही व्यवस्थाएं कर लें। कहा कि 18 से 20 मार्च को बारिश होने की संभावना है। किसान अपनी फसल जो काट लिए हैं, वह सुरक्षित कर लें।

बैठक में मुख्य विकास अधिकारी अमृतपाल कौर, अपर जिलाधिकारी कुंवर बहादुर सिंह, अपर पुलिस अधीक्षक चक्रपाणि त्रिपाठी, बंदोबस्त अधिकारी चकबंदी एसके शुक्ला, मुख्य पशु चिकित्सा अधिकारी डॉ सुभाष चंद्र, अग्रणी जिला प्रबंधक इंडियन बैंक दीपक कुमार, जिला कृषि अधिकारी आरपी शुक्ला, एआर कॉपरेटिव नरेंद्र सिंह, अधिशासी अभियंता विद्युत आरयस वर्मा, केके वर्मा समेत आदि मौजूद रहे।

# मांगें पूरी न होने पर 72 घंटे के सांकेतिक हड़ताल करेंगे विद्युत कर्मी




**अखंड भारत संदेश**

**चित्रकूट।** विद्युत कर्मचारी संघर्ष समिति ने केंद्रीय आवाहन पर तीन दिसंबर 2022 को ऊर्जा मंत्री के साथ हुई वार्ता को लागू करने की मांग को लेकर कार्य बहिष्कार शुरू किया है। जिसमें सभी संगठनों के पदाधिकारी एवं सदस्य मौजूद रहे।

बुधवार को विद्युत कर्मचारी संघर्ष समिति ने केन्द्रीय आवाहन पर ऊर्जा मंत्री के लिखित समझौते को लागू करने को 15 दिन का समय लिया था। तीन माह से ज्यादा समय बीतने के बाद भी एक भी बिंदु पर आज तक कार्रवाई नहीं की गई। जिससे आक्रोशित बिजली कर्मचारियों ने विवश होकर 15 मार्च सवेरे दस बजे से 16 मार्च रात दस बजे तक कार्य बहिष्कार किया जायेगा। सभी अधिकारियों ने अपने सीयूजी नंबर कार्य बहिष्कार तक मोबाइल से निकालकर संयोजक के पास जमा करवाए गए हैं।

इसके बाद भी समझौता पत्र पर कार्रवाई नहीं होती तो 16 मार्च रात दस बजे से सभी ऊर्जा निगमो के अधिकारी-कर्मचारी 72 घटे के सांकेतिक हड़ताल पर जायेंगे। इस दौरान किसी अधिकारी एवं कर्मचारी का उत्पीडन किया जाता है तो तत्काल अनिश्चितकालीन हड़ताल कर किया जायेगा।

समझौता पत्र में प्रमुख मांग सभी ऊर्जा निगमो में चेयरमैन, प्रबंध निर्देश को नियुक्ति उत्तर प्रदेश सरकार की मेमोरंडम आफ आर्टिकल के संशोधित आदेश के तहत किया जाये। सभी बिजली अधिकारी एवं कर्मचारी को पूर्व की भांति पद्योनति वेतन मान दिया जाये। सभी संविदा कर्मियों को सामान कार्य का सामान वेतन दिया जाए। पावर सेक्टर इम्प्लाइज प्रोटेक्शन एक्ट लागू किया जाए। विद्युत उत्पादन ग्रहो ओवरा एवं अनपरा के तापीय नयी यूनिटों का निजीकरण बन्द किया जाए। इस मौके पर संयोजक ब्रजेश कुमार, केके वर्मा, आशीष सिंह, रमाशंकर गुप्ता, शिवम गुप्ता, अवर अभियंता शैलेश प्रजापति, अवर अभियंता अनुपम कुमार, महेश कुमार मौर्य, रंजीत प्रजापति, प्रदीप गुप्ता, करन सिंह, ईश्वर सिंह, मनीष कुमार, दीपक कुमार, सौरभ अग्रहरि, गिरीश कुमार, दारा सिंह, विजय कुमार, राम आसरे, आदि मौजूद रहे।

# पुरातात्विक एवं वैज्ञानिक महत्व के स्थलों पर बच्चों ने किया भ्रमण



**अखंड भारत संदेश**

**चित्रकूट।** उप्र राज्य परियोजना कार्यालय के निर्देश के क्रम में राष्ट्रीय आविष्कार अभियान योजना के तहत विकासखंड रामनगर के विभिन्न उच्च प्राथमिक विद्यालयों में अध्ययनरत विज्ञान विषय में विशेष रूचि रखने वाले 50 छात्र-छात्राओं को शैक्षिक भ्रमण कार्यक्रम में विभिन्न शैक्षिक, पुरातात्विक एवं वैज्ञानिक महत्व के स्थलों का भ्रमण कराया गया। खंड शिक्षा अधिकारी रामनगर एनपी सिंह सीमैट प्रयागराज में 17 मार्च तक प्रशिक्षण में संलग्न होने के कारण खंड शिक्षा अधिकारी रमेशचंद पटेल ने हरीझंडी दिखाकर बस को रवाना किया।

भ्रमण कार्यक्रम में गणेश बाग, कलेक्ट्रेट, देवांगना घाटी, ग्रामोदय विश्वविद्यालय की विभिन्न फैकल्टीज, आरोग्यधाम व दिव्यांग विश्वविद्यालय आदि विभिन्न पुरातात्विक एवं वैज्ञानिक महत्व के स्थलों पर बच्चों को भ्रमण कराया। राज्य परियोजना कार्यालय के निर्देशानुसार प्रत्येक छात्र-छात्राओं को जूट के बैग में बिस्किट, पानी की बोतल, चिप्स पैकेट, नोटपैड, पेन इत्यादि सामग्रियां उपलब्ध कराई गई। जिससे कि बच्चे भ्रमण के साथ-साथ सूक्ष्म जलपान भी लेते रहें। महत्वपूर्ण तथ्यों को नोट करते रहें। मध्यान्ह में बच्चों व सहयोगी शिक्षकों को भोजन ग्रहण कराया। इस दौरान विभिन्न विद्यालयों के शिक्षक एआरपी छोटा प्रसाद, राम भरोसा यादव, संदीप कुमार सिंह, कार्यालय सहायक राकेश कुमार पांडेय समेत विभिन्न शिक्षकों ने बच्चों को संबंधित स्थलों के बारे में जानकारी दी। पुरातत्व एवं वैज्ञानिक दृष्टिकोण से उनके महत्व को समझाया।

# विद्युत स्टोर में अतिरिक्त कर्मचारियों की व्यवस्था करें: डीएम

**अखंड भारत संदेश**

**चित्रकूट।** जिलाधिकारी अभिषेक आनन्द की अध्यक्षता में आगामी विद्युत विभाग के कर्मचारियों की हड़ताल के मद्देनजर विद्युत उपकेंद्र एवं संयंत्रों पर सुरक्षा एवं कानून व्यवस्था बनाए रखने के संबंध में एक आवश्यक बैठक कलेक्ट्रेट सभागार में संपन्न हुई।

बुधवार को जिलाधिकारी ने विद्युत विभाग के अधिकारियों एवं अन्य विभागों में विद्युत का कार्य कराने वाले ठेकेदारों से कहा कि 16 मार्च से प्रदेश स्तरीय विद्युत कर्मचारियों की हड़ताल को देखते हुए सभी व्यवस्थाएं दुरुस्त कर लिया जाए। अधीक्षण अभियंता विद्युत से कहा कि विद्युत स्टोर में अतिरिक्त कर्मचारियों की व्यवस्था करें। क्रिटिकल पावर हाउस पर विशेष ध्यान दिया जाए।

प्रबंध निदेशक दक्षिणांचल विद्युत वितरण खंड द्वारा पावर हाउस एवं वर्कशॉप के लिए एजेंसी नामित किया है, उनके अधिकारियों से वार्ता करके मैन पावर की सूची प्राप्त कर ले। अपर जिलाधिकारी वित्त एवं राजस्व से कहा कि जो सिंचाई लोक निर्माण विभाग तथा अन्य विभागों के टेक्निकल अधिकारियों को पावर हाउस स्टोर वर्कशॉप के लिए नोडल अधिकारी नामित किया गया हैं। उनको निर्देश दें कि वह तत्काल निरीक्षण कर लें, ताकि हड़ताल के दौरान विद्युत की समस्या न हो। सभी कांट्रैक्टर्स के मोबाइल नंबर अवश्य रखें तथा उनसे मैन पावर की सूची भी प्राप्त कर लें। सभी उप जिलाधिकारियों से कहा कि अपने क्षेत्र में बैठक संबंधित अधिकारियों के साथ करें। विद्युत सब स्टेशन पर तैनात एसएसओ से भी वार्ता करें।

उन्होंने कांट्रेक्टर्स से कहा कि जो संविदा कर्मचारी कार्य करना चाहते हैं, उनके नाम और मोबाइल नंबर दें। इसके अलावा जो भी आपके पास मैन पावर है उनकी भी सूची मोबाइल नंबर समेत उपलब्ध कराई जाए। उन्होंने अधिशासी अभियंता विद्युत ग्रामीण तथा शहर से कहा कि आप अपने अपने क्षेत्र में भ्रमण करके अभी जहां पर विद्युत व्यवस्था में कमी हो उसको दुरुस्त करा ले। डीसी मनरेगा से कहा कि जो मुख्य पावर हाउस तथा स्टोर विद्युत के हैं वहां पर कर्मचारियों को लगाकर वीडियोग्राफी की भी व्यवस्था सुनिश्चित करें।

अपर पुलिस अधीक्षक ने कहा कि सभी पावर हाउस और विद्युत स्टोर पर पर्याप्त पुलिस फोर्स की व्यवस्था कानून व्यवस्था को देखते हुए तैनात की गई है। बैठक में संबंधित अधिकारी मौजूद रहे।

## न्यूज झरोखा

### पुलिस ने दो दम्पति के परिवार को टूटने से बचाया



**अखंड भारत संदेश**

**चित्रकूट।** पुलिस अधीक्षक श्रीमती वृन्दा शुक्ला के निर्देश में सामाजिक रिश्तों को बचाने के लिए महिला थाना पुलिस टीम ने पति-पत्नी के आपसी विवाद को समाप्त कराकर दम्पत्ति जोड़े में सुलह कराते हुये शादी परिवार को टूटने से बचाया।

रविवार को कोतवाली कर्वी के तरौंहा की श्रीमती केता पुत्री भगवत प्रजापति तथा सपहा की श्रीमती पूनम देवी पत्नी विनोद सिंह पुत्री रामदयाल ने महिला थाने में सौंपे पत्र में कहा कि उनके पति उनके साथ लड़ाई-झगड़ा करते हैं और घर पर नही रखते हैं। महिला थाना प्रभारी श्रीमती शालिनी सिंह भदौरिया ने शिकायतकर्ता महिलाओं की समस्या को सुनकर दूसरे पक्ष को थाने में बुलाया। दोनों पक्षों को समझाते हुए कहा कि भविष्य में विवाद न कर पति-पत्नी के कर्तव्यों का पालन करें।

दोनों पक्षों में आपसी सुलह होने पर महिला थानाध्यक्ष ने दोनों को तालमेल से रहने की सलाह दी। कहा कि आपस में मिलजुलकर रहें। टीम में महिला थाना प्रभारी शालिनी सिंह, महिला सिपाही मोनिका तोमर, शिवानी सिंह व नीतू द्विवेदी शामिल रहीं।

### गले में तख्ती डालकर थाने पहुंचा बदमाश, योगीजी माफ करना, गलती म्हारे से हो गई

**मुजफ्फरनगर।** योगीराज में अपराधियों पर सख्ती से उनका हौसला टूट रहा है और आए दिन बदमाश थाने में सरेंडर कर रहे हैं। बुधवार को मुजफ्फरनगर जनपद के मंसूरपुर थाने में गले में तख्ती डालकर पहुंचे बदमाश ने सरेंडर कर दिया। तख्ती पर लिखा था कि योगीजी मुझे माफ करना, गलती म्हारे से हो गई।

मुजफ्फरनगर जनपद के मंसूरपुर थाना क्षेत्र में मंगलवार की शाम गांव जोहरा रोड पर पुलिस की बदमाशों के साथ मुठभेड़ हो गई थी। पुलिस ने अजय और वंश नाम के बदमाशों को गिरफ्तार किया था। उनके कब्जे से लूट की बाइक बरामद हुई थी और एक बदमाश अंकुर उर्फ राजा निवासी गोयला थाना शाहपुर मुठभेड़ के बाद फरार हो गया था।

### विनय शुक्ला बने मानिकपुर शिक्षक संघ अध्यक्ष



**अखंड भारत संदेश**

**चित्रकूट।** उत्तर प्रदेशीय प्राथमिक शिक्षक संघ के मानिकपुर ब्लाक इकाई के चुनाव में शिक्षक नेता विनय कुमार शुक्ला एक बार फिर जीत हासिल करने में सफल रहे। उन्होंने 319 मत प्राप्त कर जीत हासिल की।

ब्लाक मुख्यालय मानिकपुर स्थित बीआरसी में बुधवार को प्रान्तीय नेतृत्व के निर्देश पर उत्तर प्रदेशीय प्राथमिक शिक्षक संध की ब्लाक इकाई का निर्वाचन कराया गया। जिसमें अपराहं एक से दो बजे तक नामांकन, 02:30 बजे तक नामांकन पत्रों की जांच के बाद तीन बजे तक नाम वापसी का अवसर दिया गया। जिसमें अध्यक्ष पद के लिए शिक्षक नेता विनय शुक्ला और सहायक अध्यापक वन्दना द्विवेदी के बीच चुनाव हुआ। अपरांह तीन से शाम पांच बजे तक मतदान होने के बाद मतगणना कराई गई। कुल 451 में से शिक्षक नेता विनय शुक्ला 319 मत प्राप्त कर अध्यक्ष पद के लिए निर्वाचित हुए। शेष पदाधिकारी निर्विरोध चुने गए। संघ के जिलाध्यक्ष अखिलश पाण्डेय ने बताया कि चुनाव में पहाड़ी ब्लाक अध्यक्ष अमित कुमार पाण्डेय निर्वाचन अधिकारी, चित्रकूट ब्लाक अध्यक्ष देव कुमार यादव सह निर्वाचन अधिकारी, जिला उपाध्यक्ष आलोक कुमार गर्ग पर्यवेक्षक, जिला कोषाध्यक्ष संतोष सिंह सह पर्यवेक्षक बनाए गए थे। इस मौके पर संघ की जिला मंत्री अराधना सिंह, जिला उपाध्यक्ष कमलेश कुमार मिश्रा, जिला प्रवक्ता संकल्प पाण्डेय, रामनगर ब्लाक अध्यक्ष शिवभूषण त्रिपाठी, मऊ संयुक्त मंत्री सुनील कुमार, मऊ ब्लाक उपाध्यक्ष ज्ञान सिंह व दिनेश सिंह रामनगर आदि मौजूद रहे।

# विदेश संदेश

## रक्षा मंत्रालय ने चुनाव आयोग से कहा, पाक सेना चुनाव ड्यूटी के लिए उपलब्ध नहीं होगी

**इस्लामाबाद।** पाकिस्तान के रक्षा मंत्रालय ने चुनाव आयोग को सूचित किया कि देश में बिगड़ती सुरक्षा स्थिति के मद्देनजर आगामी प्रांतीय चुनावों के दौरान देश की सेना चुनाव ड्यूटी के लिए उपलब्ध नहीं होगी। पंजाब प्रांत में 30 अप्रैल को चुनाव होने हैं, जबकि खैबर-पख्तूनख्वा के गवर्नर ने 28 मई को प्रांत में चुनाव कराने का प्रस्ताव दिया है। मुख्य चुनाव आयुक्त (सीईसी) सिकंदर सुल्तान राजा की अध्यक्षता में हुई बैठक में रक्षा सचिव लेफ्टिनेंट जनरल (सेवानिवृत्त) हमूद उज जमान खान ने अपने मंत्रालय की एक टीम का नेतृत्व किया। पाकिस्तान के चुनाव आयोग (ईसीपी) ने एक प्रेस विज्ञप्ति में कहा कि रक्षा सचिव जमान खान ने अतिरिक्त सचिव मेजर जनरल खुर्रम सरफराज खान के साथ सीईसी और ईसीपी अधिकारियों को देश की मौजूदा स्थिति और सेना की तैनाती के बारे में जानकारी दी। ईसीपी की प्रेस विज्ञप्ति में कहा गया, रक्षा मंत्रालय के अधिकारियों ने कहा कि सेना अपने मूल कर्तव्यों को महत्व देती है, जिसमें सीमाओं और देश की सुरक्षा पहली प्राथमिकता है। उन्होंने कहा कि देश में वर्तमान स्थिति के कारण सेना इस समय चुनाव ड्यूटी के लिए उपलब्ध नहीं होगी। रक्षा सचिव ने यह भी कहा कि अंत में, यह सरकार का निर्णय होगा कि वह सेना को अपने प्राथमिक कार्यों तक ही सीमित रखना चाहती है या इसे चुनाव संबंधी कर्तव्यों जैसे दूसरे कार्यों के लिए नियुक्त करना चाहती है। बयान के अनुसार, उन्होंने यह भी स्पष्ट किया कि चुनाव ड्यूटी के मामले में सेना को त्वरित प्रतिक्रिया बल मोड में तैनात किया जा सकता है, लेकिन स्थैतिक मोड में ड्यूटी करना संभव नहीं है। रक्षा मंत्रालय के अधिकारियों ने कहा कि देश की मौजूदा आर्थिक स्थिति का असर सेना पर भी पड़ रहा है।

## नेता और अधिकारी अब नहीं ले पाएंगे 300 डॉलर से अधिक के उपहार, शहबाज सरकार का बड़ा कदम

**इस्लामाबाद।** पाकिस्तान के पूर्व प्रधानमंत्री इमरान खान की तोशाखाना मामले में कभी भी गिरफ्तारी हो सकती है। इस्लामाबाद पुलिस के कर्मी बड़ी तादात में उनके जमान पार्क स्थित आवास पर डेरा डाले हुए हैं। इस बीच, देश ने कुछ नए नियम पेश किए हैं, जिसके तहत प्रधानमंत्री, मंत्रियों और अधिकारियों को 300 डॉलर से अधिक कीमत का विदेशी सरकार का कोई भी उपहार अपने पास नहीं रखने से रोक दिया गया है। यह मुद्दा तब सुर्खियों में आया, जब पाकिस्तान तहरीक-ए-इंसाफ पार्टी के प्रमुख इमरान खान ने सऊदी क्राउन प्रिंस द्वारा उन्हें दी गई एक कीमती घड़ी बेच दी और चुनाव आयोग (ईसीपी) से इसकी बिक्री का खुलासा नहीं किया, जिसके लिए उन्हें पिछले साल अयोग्य घोषित कर दिया गया था और उनके खिलाफ एक आपराधिक मामला शुरू किया गया था। अधिकारी इसी मामले में खान को गिरफ्तार करने के लिए लाहौर में हैं। कैबिनेट ने तोशाखाना (स्टेट डिपॉजिटरी) को लेकर तब एक नई नीति तैयार की, जब एक आधिकारिक दस्तावेज से पता चला कि 2002 और 2022 के बीच सैकड़ों महंगे उपहारों को लगातार शीर्ष राज्य पदाधिकारियों द्वारा केवल मामूली भुगतान करने के बाद अपने पास रखा जा रहा था। उन्हें उस नियम का लाभ मिल रहा था, जो किसी भी उपहार को उसकी कीमत का बीस फीसदी भुगतान करने के बाद अपने पास रखने की अनुमति देता है। उपहारों की स्वीकृति और निपटान के लिए तोशाखाना प्रक्रिया, 2023 को 8 मार्च को मंजूरी दी गई, जिसमें कई दिशानिर्देशों शामिल हैं। इसमें यह भी है कि 300 अमरीकी डालर से अधिक मूल्य के सभी उपहारों को राज्य संपत्ति के रूप में तोशाखाना में जमा किया जाना चाहिए। नए नियम के मुताबिक, तीन सौ डॉलर तक की कीम के उपहारों को प्राप्तकार्ता द्वारा उसके बाजार मूल्य के अनुसार उचित भुगतान के बाद अपने पास रखने की अनुमति दी जाएगी।

## चीन के राष्ट्रपति ने नेपाल के राष्ट्रपति रामचंद्र पौडेल को दी बधाई, बीआरआई का उठाया मुद्दा

**काठमांडू।** नेपाल के नवनिर्वाचित राष्ट्रपति रामचंद्र पौडेल को बधाई देते हुए चीन के राष्ट्रपति शी जिनपिंग ने बेल्ट एंड रोड इनिशिएटिव (बीआरआई) का मुद्दा उठाया है। उन्होंने अपने बधाई संदेश में कहा कि वे पौडेल के साथ मिलकर बीआरआई को और प्रभावी ढंग से बढ़ाने के लिए काम करने को तैयार हैं। शी की ओर से मंगलवार को भेजे गए बधाई संदेश में कहा गया है कि उच्च गुणवत्ता वाले बेल्ट और रोड के निर्माण को आगे बढ़ाते हुए मानवीय आदान-प्रदान और सहयोग के क्षेत्र का विस्तार करते हुए एक साथ आगे बढ़ने की उम्मीद है। इससे पहले पुष्प कमल दहल प्रचंड के प्रधानमंत्री बनने के बाद चीन ने कहा था कि नेपाल में बीआरआई परियोजना आगे बढ़ चुकी है। चीन का दावा था कि पोखरा इंटरनेशनल एयरपोर्ट बीआरआई प्रोजेक्ट के तहत बनाया गया है। इससे नेपाल में बहस छिड़ गई है। नेपाल ने अभी तक बीआरआई परियोजना को मंजूरी नहीं दी है। प्रधानमंत्री और नेपाली कांग्रेस के शेर बहादुर देउबा के नेतृत्व वाली पिछली सरकार ने स्पष्ट कर दिया था कि बीआरआई को केवल अनुदान के रूप में लिया जा सकता है, ऋष्टा के रूप में नहीं।

# चीन का दावा खारिज:संसद में प्रस्ताव पेश कर अमेरिका ने माना अरुणाचल को भारत का अभिन्न हिस्सा

**वाशिंगटन।** अरुणाचल प्रदेश पर चीन के दावे को अमेरिका ने खुलकर खारिज कर दिया है। अमेरिकी संसद में प्रस्ताव पेश कर अरुणाचल प्रदेश को भारत का अभिन्न हिस्सा माना गया है। साथ ही प्रस्ताव में भारत के साथ खुलकर अमेरिका के खड़े रहने की बात भी कही गयी है। अरुणाचल प्रदेश पर चीन के दावों और अंतरराष्ट्रीय सीमा पर बदलाव की कोशिशों को अमेरिका ने खारिज किया है। अमेरिका की संसद में इस मसले पर एक द्विपक्षीय प्रस्ताव पेश कर अरुणाचल प्रदेश को भारत का अभिन्न अंग मानने के साथ चीन और अरुणाचल प्रदेश को बांटने वाली मैकमोहन लाइन को अंतरराष्ट्रीय सीमा माना गया है। प्रस्ताव पेश करने वाले सांसद बिल हागेर्टी और जेफ मार्कले ने कहा कि चीन लगातार खुले और आजाद हिंद प्रशांत महासागर के लिए चुनौती बना हुआ है। ऐसे में जरूरी है कि अमेरिका विशेष रूप से भारत जैसे अपने रणनीतिक साझेदारों के साथ कंधे से कंधा मिलाकर खड़ा हो।

अमेरिकी संसद के इस द्विपक्षीय प्रस्ताव में चीन के सीमा पर यथास्थिति बदलने के प्रयासों



और सैन्य कार्रवाई की आलोचना की है। प्रस्ताव में अमेरिका और भारत के बीच की रणनीतिक साझेदारी को मजबूत करने और क्वाड में सहयोग बढ़ाने की बात भी कही गई है। अमेरिकी संसद का यह प्रस्ताव ऐसे समय आया है, जब भारत और चीन के बीच सीमा पर पूर्वी सेक्टर में चीन के सैनिकों और भारत के सैनिकों के बीच हिंसक झड़पें हो चुकी हैं।

प्रस्ताव में कहा गया है कि अमेरिका, अरुणाचल प्रदेश को भारत का अभिन्न अंग मानता है ना कि चीन का। चीन द्वारा सैन्य ताकत से सीमा पर यथास्थिति बदलने की कोशिशों, विवादित स्थानों पर चीन द्वारा गांव बसाने और चीन के नक्शे में भारत के अरुणाचल प्रदेश को अपना बताने की भी अमेरिकी सांसदों ने आलोचना की है। साथ ही भूटान की सीमा में चीन के दावे की भी आलोचना की गई है। अमेरिकी सदन के दोनों दलों द्वारा संयुक्त रूप से पेश किए गए इस प्रस्ताव में चीन की भड़काऊ कार्रवाई के विरोध में भारत के स्टैंड की तारीफ भी की गई है। साथ ही भारत के साथ तकनीकी, आर्थिक संबंधों को मजबूत बनाने पर भी जोर दिया गया है।

## इमरान खान ने कहा, नवाज के इशारे पर हो रही गिरफ्तारी की कोशिश

**इस्लामाबाद।** पाकिस्तान के पूर्व प्रधानमंत्री इमरान खान ने आरोप लगाया है कि पूर्व प्रधानमंत्री नवाज शरीफ के इशारे पर उनकी गिरफ्तारी की कोशिश हो रही है। उन्होंने इस प्रक्रिया को 'लंदन प्लान' की संज्ञा दी है। उल्लेखनीय है कि कोर्ट इमरान खान के खिलाफ गैरजमानती गिरफ्तारी वारंट जारी कर चुका है। पुलिस कल से उन्हें गिरफ्तार करने की कोशिश लगी है।

इमरान खान ने एक वीडियो जारी कर मामले में बड़े षडयंत्र का आरोप लगाया है। इमरान ने कहा कि वे 18 तारीख को स्वयं अदालत में पेश होने जा रहे हैं, इसके बावजूद जबरन गिरफ्तारी की कोशिशें की जा रही हैं। इसके लिए सुरक्षा कारणों का हवाला देते हुए उन्होंने कहा कि इस्लामाबाद के कोर्ट परिसर में कई बार हमले हो चुके हैं, जिसमें कई न्यायाधीश तक शहीद हुए हैं। इमरान ने कहा कि उन्होंने लाहौर उच्च न्यायालय में वचन दिया है कि मैं 18 तारीख को न्यायालय में उपस्थित रहूंगा। लेकिन इसे स्वीकार नहीं किया



गया। इसे 'लंदन प्लान' का हिस्सा बताते हुए उन्होंने कहा कि लंदन में बैठकर पूर्व प्रधानमंत्री नवाज शरीफ सारी योजना बना रहे हैं। इमरान के मुताबिक नवाज शरीफ को आश्वासन दिया गया है कि उन (इमरान) पर और उनकी पार्टी पर हमला किया जाए और उन्हें जेल में डाल दिया जाए। इसी योजना पर अमल के लिए गिरफ्तारी की कोशिशें हो रही हैं।

उल्लेखनीय है कि मौजूदा प्रधानमंत्री शहबाज शरीफ के भाई और पाकिस्तान के पूर्व प्रधानमंत्री नवाज शरीफ पाकिस्तान में भ्रष्टाचार मामलों का सामना कर रहे हैं। जब उनकी गिरफ्तारी नजदीक थी तो वह स्वास्थ्य कारणों का हवाला देकर लंदन चले गए थे। तब से वहीं हैं। इमरान खान का आरोप है कि शहबाज सरकार लंदन से यानी नवाज शरीफ के इशारे पर ही चलती है। जब तक लंदन से ऑर्डर नहीं आता तब तक कुछ कार्रवाई नहीं होती।

## बलूचिस्तान में फिर हुआ आत्मघाती हमला, बम विस्फोट में दो की मौत, सात घायल

**बलूचिस्तान ।** बलूचिस्तान के खुजदार में हुए एक विस्फोट में कम से कम दो लोगों की मौत हो गई, जबकि सात अन्य घायल हो गए। यह जानकारी पाकिस्तान की मीडिया ने दी है। बलूचिस्तान के मुख्यमंत्री अब्दुल कुद्दुस बिजेन्जो ने बम हमले की निंदा करते हुए कहा कि आतंकवादी निर्दोष जनता पर हमला कर रहे हैं। सरकार उनकी किसी भी साजिश को सफल नहीं होने देगी। हालांकि, अभी किसी भी संगठन व आतंकवादी समूह ने हमले की जिम्मेदारी नहीं ली है। उधर, खैबर पख्तूनख्वा के टैंक जिले और पीरवाला में हुए अलग-अलग हमलों में दो पुलिसकर्मियों की मौत हो गई।

पाकिस्तानी मीडिया के मुताबिक, बम धमाका बलूचिस्तान के खुजदार शहर में आगा सुल्तान इब्राहिम रोड पर हुआ। उपायुक्त खुजदार ने पुष्टि की कि एक वाहन को इम्प्रोवाइज्ड एक्सप्लोसिव डिवाइस (आईईडी) के जरिए निशाना बनाया गया था। इसी तरह का एक हमला पिछले महीने हुआ था जहां बलूचिस्तान के खुजदार जिले में एक चुंबकीय बम हमले में पुलिस वैन चालक और एक अधिकारी की मौत हो गई, जबकि एक अन्य घायल हो गया था।


मीडिया रिपोर्ट्स के मुताबिक, फरवरी में पाकिस्तान के बलूचिस्तान प्रांत के कोहलू जिले में एक विस्फोट में फ्रंटियर कोर के दो अधिकारियों की मौत हो गई और तीन सैनिक घायल हो गए।धमाका कोहलू जिले के कहन इलाके में बदमाशों के खिलाफ अभियान में शामिल जवानों के एक वाहन के पास हुआ। बता दें कि, अपराधियों को पकड़ने के लिए इस क्षेत्र में सैनिटेशन ऑपरेशन जारी है। पाकिस्तानी मीडिया के मुताबिक, रविवार को पाकिस्तान के क्वेटा पुलिस लाइन्स इलाके में एक बम विस्फोट हुआ। जिसमें कम से कम पांच लोग घायल हो गए। तहरीक-ए-तालिबान पाकिस्तान (टीटीपी) ने हमले की जिम्मेदारी ली है।

पाकिस्तान के ब्लूचिस्तान प्रांत में 6 मार्च को हुए आतंकवादी हमले में नौ पुलिसकर्मियों की मौत हो गई थी। यह हमला ब्लूचिस्तान के बोलान इलाके में हुआ। पुलिस के जवान घटना के समय ड्यूटी से लौट रहे थे। उसी दौरान यह धमाका हुआ। इस धमाके में 15 पुलिसकर्मी घायल हो गए थे। खैबर पख्तूनख्वा के टैंक जिले के कोट-आजम इलाके के एक गांव से लौट रही पुलिस वैन पर हमला किया गया। पुलिस प्रवक्ता सैयद याकूब बुखारी ने कहा, मांझी गांव से (ड्यूटी के घंटों के बाद) लौट रही पुलिस वैन पर आतंकवादियों ने गोलियां चलाईं। परिणामस्वरूप, एक पुलिसकर्मी शहीद हो गया और चार अन्य घायल हो गए। घायल कर्मियों को टैंक जिला मुख्यालय अस्पताल ले जाया गया, जहां से आवश्यक सुविधाओं की अनुपलब्धता के कारण उन्हें डेरा इस्माइल खान रेफर कर दिया गया।

## अमेरिका ने सैन्य ड्रोन गिराने पर रूस के राजदूत को तलब किया

**मॉस्को/ वाशिंगटन।** यूक्रेन युद्ध के कारण रूस और अमेरिका के बीच बढ़ा तनाव अब सीधे घमासान की ओर बढ़ चला है। काला सागर में रूस ने एक अमेरिकी सैन्य टोही ड्रोन मार गिराया है। इस मसले पर अमेरिका ने कड़ी प्रतिक्रिया दी है और दोनों देशों के बीच तनाव भी बढ़ गया है। अमेरिका ने रूसी राजदूत को तलब कर विरोध दर्ज कराया है। ब्रिटेन के रक्षा मंत्री बेन वैलेस ने भी कहा है कि रूस को अंतरराष्ट्रीय वायु सीमाओं का पालन करना चाहिए। रूस और यूक्रेन की सीमाओं को मिलाने वाले क्षेत्र काला सागर में यूक्रेन पर रूसी हमले के बाद से ही तनाव बना हुआ है। वहां एक अमेरिकी सैन्य टोही ड्रोन रीपर नियमित उड़ान पर था, तभी रूस का एक लड़ाकू विमान एसयू-27 उससे टकरा गया। टकराने के बाद ड्रोन काला सागर में गिर गया। दावा किया जा रहा है कि रूस के लड़ाकू विमान ने इस ड्रोन को मार गिराया।

इस घटना पर अमेरिका ने कड़ी आपत्ति जताई है। अमेरिकी विदेश विभाग के प्रवक्ता नेड प्राइस ने कहा कि हमने कड़ी आपत्ति जताने के लिए रूसी राजदूत अनातोली एंटोनोव को तलब किया है। प्राइस ने यह भी कहा कि रूस में अमेरिकी राजदूत लिन ट्रेसी ने



भी रूसी विदेश मंत्रालय को एक कड़ा संदेश दिया है। अमेरिकी वायुसेना के अधिकारी जनरल जेम्स हेकर ने बताया कि अमेरिका का एमक्यू-9 विमान अंतरराष्ट्रीय जलक्षेत्र के ऊपर नियमित उड़ान पर था। इस दौरान एक रूसी जेट जानबूझकर अमेरिकी ड्रोन के सामने आ गया। इस टक्कर के बाद ड्रोन काला सागर में गिर गया। अधिकारी ने कहा कि मानवरहित ड्रोन पूरी तरह क्षतिग्रस्त हो गया। अमेरिकी रक्षा मंत्रालय पेंटागन के प्रेस सचिव पैट राइडर ने कहा कि दो रूसी एसयू-27 विमानों ने काला सागर के ऊपर अंतरराष्ट्रीय हवाई क्षेत्र में उड़ान पर सक्रिय अमेरिकी वायुसेना के खुफिया, निगरानी और टोही मानवरहित एमक्यू-9 ड्रोन का लापरवाह और अव्यवसायिक तरीके से पीछा किया। उन्होंने कहा कि टक्कर से पहले कई बार रूसी लड़ाकू विमान अमेरिकी ड्रोन के सामने से उड़े। इस बीच रूस के रक्षा मंत्रालय ने कहा है कि उसका लड़ाकू विमान अमेरिकी ड्रोन से नहीं टकराया, बल्कि ड्रोन पहले ही काला सागर में गिर चुका था। रूस ने दावा किया है कि अमेरिकी सैन्य ड्रोन रूसी सीमा पर तेजी से मंडरा रहा था और इस कारण वह दुर्घटनाग्रस्त हुआ। उसके लड़ाकू विमान ने किसी हथियार का इस्तेमाल नहीं किया। इस बीच यह भी दावा किया जा रहा है कि रूसी फाइटर जेट ने अमेरिकी एयरफोर्स के ड्रोन को नीचे उतरने पर मजबूर किया। रूसी जेट और अमेरिकी ड्रोन के आमने-सामने आ जाने के बाद यह घटना हुई।

## जो बाइडन ने गन कल्चर रोकने से संबंधित नए कार्यकारी आदेश पर किए हस्ताक्षर, बंदूक के दुरुपयोग पर लगेगा अंकुश

**वाशिंगटन।** अमेरिका में बढ़ रही गन कल्चर को रोकने के लिए बाइडन प्रशासन ने कमर कस ली है। अमेरिकी राष्ट्रपति जो बाइडन ने बंदूक के दुरुपयोग पर अंकुश लगाने संबंधी एक नए कार्यकारी आदेश पर हस्ताक्षर किए। इस आदेश के तहत बंदूक की बिक्री के दौरान की जाने वाली पृष्ठभूमि की जांच की संख्या बढ़ाने के प्रयास को मजबूती मिलेगी। बाइडन ने पत्रकारों को बंदूक हिंसा पर जानकारी देते हुए कहा, आज मैं एक और कार्यकारी आदेश की घोषणा कर रहा हूं। वे और अधिक जिंदगियों को और तेजी से बचाने के लिए इस काम को और तेज करेंगे। उन्होंने कहा कि यह कार्यकारी आदेश आग्नेयास्त्रों को खतरनाक हाथों में जाने से दूर रखने में मदद करेगा। बाइडन ने कहा कि जैसा कि मैंने सभी आग्नेयास्त्रों की बिक्री के लिए पृष्ठभूमि की जांच की आवश्यकता पर जोर देते हुए कांग्रेस को बुलाना जारी रखा और इस बीच मैंने इस कार्यकारी आदेश पर हस्ताक्षर किए। मेरा कार्यकारी आदेश मेरे अटॉर्नी जनरल को निर्देश देता है कि हम नए कानून के बिना सार्वभौमिक पृष्ठभूमि की जांच के जितना करीब हो सके, उतना आगे ले जाने के लिए हर संभव कानूनी कार्रवाई करें। उन्होंने कहा कि बंदूक खरीदने से पहले यह जांचना सामान्य बात है कि क्या वह कोई गुंडागर्दी या घरेलू दुर्व्यवहार करने वाला है। बाइडन ने यह भी कहा कि पिछले साल, उन्होंने 30 वर्षों में सबसे महत्वपूर्ण बंदूक सुरक्षा कानून 'बाईपार्टिसन सेफर कम्युनिटीज एक्ट'पर हस्ताक्षर किए थे।

## अमेरिकी ड्रोन से टकराया रूसी लड़ाकू विमान, यूएस के वायुसेना जनरल ने की घटना की निंदा

**वाशिंगटन।** रूसी लड़ाकू विमान एसयू-27 और अमेरिकी एमक्यू-9 रीपर ड्रोन की काला सागर के ऊपर टक्कर हो गई। अमेरिका के अनुसार यह घटना घटी। इस दुर्घटना में अमेरिकी ड्रोन पूरी तरह क्षतिग्रस्त हो गया। अमेरिकी वायु सेना के जनरल जेम्स हेकर ने जानकारी दी कि अमेरिकी एमक्यू-9 रीपर ड्रोन, अंतरराष्ट्रीय हवाई क्षेत्र में नियमित

**अखंड भारत संदेश**
स्वामी, प्रकाशक, मुद्रक
स्वामी श्री योगी सत्यम् फॉर योग सत्संग समिति
द्वारा विपिन इण्टरप्राइजेज
1/6C माधव कुंज
कटरा प्रयागराज से मुद्रित
एवं
क्रियायोग आश्रम एण्ड अनुसंधान संस्थान
झूंसी, प्रयागराज उत्तर प्रदेश से प्रकाशित।
**सम्पादक**
स्वामी श्री योगी सत्यम्
RNI No: UPHIN/2001/09025
ऑफिस मो.: 9565333000
Email:- akhandbharatsandesh1@gmail.com
सभी विवादों का न्याय क्षेत्र प्रयागराज होगा।

राष्ट्रपति जो बाइडेन को इस घटना के बारे में जानकारी दी गई और विदेश विभाग मास्को के लिए



वाशिंगटन की चिंताओं को व्यक्त करेगा। यूएस यूरोपियन कमांड ने कहा कि दो रूसी एसयू-27 लड़ाकू विमानों ने मानव रहित एमक्यू-9 रीपर को काला सागर के ऊपर और एक ने इसके प्रोपेलर को काट दिया। अमेरिका निर्मित ड्रोन से जुड़ी घटना की ब्रसेल्स में नाटो के राजनयिकों ने पुष्टि की, साथ यह भी उन्हें उम्मीद नहीं थी कि यह तुरंत एक और टकराव में बदल जाएगा। एक सूत्र ने कहा कि रूस और संयुक्त राज्य अमेरिका के बीच राजनयिक चैनल सक्रिय होंगे। संयुक्त राज्य अमेरिका निगरानी और हमले दोनों के लिए एम क्यू-9 रीपर का उपयोग करता है और रूसी नौसैनिक बलों पर नज़र रखते हुए काला सागर पर लंबे समय से संचालन कर रहा है। पश्चिमी समर्थित यूक्रेन पर रूस के पूर्ण पैमाने पर आक्रमण के बाद से पिछले 12 महीनों में इस क्षेत्र की स्थिति और अधिक तनावपूर्ण हो गई है।

अमेरिकी वायु सेना के जनरल जेम्स हेकर ने कहा कि हमारा एमक्यू-9 विमान अंतरराष्ट्रीय हवाई क्षेत्र में नियमित संचालन कर रहा था, जब इसे रोक दिया गया और एक रूसी विमान ने टक्कर मार दी, जिसके परिणामस्वरूप एमक्यू-9 दुर्घटनाग्रस्त हो गया और पूरी तरह से नष्ट हो गया। वास्तव में रूसियों द्वारा इस असुरक्षित और अव्यवसायिक कार्य के कारण दोनों विमान दुर्घटनाग्रस्त हो गए। उन्होंने कहा कि अमेरिका और संबद्ध विमान अंतरराष्ट्रीय हवाई क्षेत्र में काम करना जारी रखेंगे और हम रूसियों से खुद को पेशेवर और सुरक्षित रूप से संचालित करने का आह्वान करते हैं।

## ब्रिटेन के पूर्व प्रधानमंत्री बोरिस जॉनसन से होगी पूछताछ, छिन सकती संसद सदस्यता

**लंदन।** ब्रिटेन के पूर्व प्रधानमंत्री बोरिस जॉनसन का प्रधानमंत्री पद छिनने के बाद भी उनकी मुसीबतें घट नहीं रही हैं। उन पर लगे पार्टीगेट घोटाले सहित विविध आरोपों में उनसे पूछताछ की जाएगी। अगले सप्ताह ब्रिटिश सांसद उनसे पूछताछ करेंगे। इसके बाद उनकी संसद सदस्यता छिनने का खतरा भी पैदा हो गया है। कोरोनाकाल के दौरान ब्रिटेन में पूर्ण लॉकडाउन लगा था। इसी दौरान ब्रिटेन के तत्कालीन प्रधानमंत्री बोरिस जॉनसन के 56वें जन्मदिन पर उनकी पत्नी कैरी ने एक पार्टी दी थी। उस समय लॉकडाउन प्रतिबंधों के मुताबिक किसी भी तरह के आयोजन की अनुमति नहीं थी। कहीं भी दो से ज्यादा लोगों के जुटने की अनुमति भी नहीं थी। वहीं बोरिस जॉनसन की जन्मदिन पार्टी में तीस लोग शामिल हुए थे। इस घटना को पार्टीगेट घोटाला कहा जाता है। बोरिस जॉनसन



इनकार के बावजूद पुलिस ने एक आपराधिक जांच के बाद दर्जनों सहयोगियों पर जुर्माना लगाया और जॉनसन ब्रिटेन के पहले प्रधानमंत्री बने, जिन्हें एक सभा में कानून तोड़ते हुए पाया गया।

लॉकडाउन उल्लंघन सहित कई आरोपों में घिरे बोरिस जॉनसन को जुलाई 2022 में प्रधानमंत्री पद भी छोड़ना पड़ा था। उनके खिलाफ मामला संसद तक पहुंचा था। अब संसद की विशेषाधिकार समिति मामले की जांच कर रही है। ब्रिटिश संसद की विशेषाधिकार समिति ने एक बयान में कहा कि बोरिस जॉनसन ने सार्वजनिक रूप से मौखिक साक्ष्य देने के लिए समिति के निमंत्रण को स्वीकार कर लिया है। उनके खिलाफ सुनवाई 22 मार्च को होगी। आठ महीने के काम के

**कोरोनाकाल में लॉकडाउन उल्लंघन कर पार्टीगेट घोटाले की हो रही जांच, संसद की विशेषाधिकार समिति ने किया तलब, 22 मार्च को होगी सुनवाई**

बाद इस महीने की शुरुआत में जारी एक अंतरिम रिपोर्ट में समिति ने कहा कि अब तक हाउस ऑफ कॉमन्स में बोरिस जॉनसन की बेगुनाही की दलीलों को कम करके आंका गया है। रिपोर्ट में कहा गया है कि सुबूत बताते हैं कि जॉनसन ने कोरोना लॉकडाउन का उल्लंघन किया। अब समिति की सुनवाई के बाद बोरिस जॉनसन की संसद की सदस्यता भी जा सकती है।

## होंडा ने लॉन्च की सबसे सस्ती बाइक, शुरूआती कीमत 64,900 रुपये

**नई दिल्ली।** दिग्गज दोपहिया वाहन निमार्ता कंपनी होंडा मोटरसाइकिल एंड स्कूटर इंडिया (एचएमएसआई) ने बुधवार को अपनी सबसे सस्ती बाइक लॉन्च कर दी है। कंपनी ने हीरो स्प्लेंडर को टक्कर देने के लिए 100सीसी मोटरसाइकिल को भारतीय बाजार में उतारा है जिसे होंडा शाइन 100 नाम दिया गया है। होंडा ने जारी बयान में बताया कि इस बाइक की एक्स-शोरूम कीमत 64,900 रुपये रखी गई है। यह बाइक कंपनी की पॉपुलर होंडा शाइन 125सीसी का छोटा वर्जन है। इसकी बुकिंग 15 मार्च से शुरू हो गई है। इस बाइक की डिलीवरी मई, 2023 में शुरू होगी। ये पांच कलर में उपलब्ध होगी। शाइन 100 में बिल्कुल नया एयर-कूल्ड, 99.7सीसी, सिंगल-सिलेंडर इंजन दिया गया है। होंडा का दावा है कि नया फ्यूल-इंजेक्टेड 100सीसी इंजन बेहतर माइलेज देने में सक्षम है। रिपेयरिंग के काम को आसान बनाने के लिए इसमें इंजन के बाहर एक फ्यूल पंप दिया है। इसके साथ ही इस बाइक में एक सोलनॉइड स्टार्टर भी दिया गया है, जो किसी भी तापमान में बाइक स्टार्ट करने में मदद करता है। होंडा की ये बाइक देश में सबसे ज्यादा बिकने वाली हीरो स्प्लेंडर, एचएफ डिलक्स और बजाज प्लेटिना को टक्कर देगी।